सुप्रभात
रांची, बुधवार
21.02.2024
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net माघ, शुक्ल पक्ष, द्वादशी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 219



12 'डॉन 3' में कियारा आडवाणी की एंट्री


## ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों को सुगम परिवहन सेवा




**निःशुल्क यात्रा**

- वरिष्ठ नागरिक (60 वर्ष से अधिक)
- छात्र/छात्रा
- राज्य सरकार द्वारा विधवा पेंशन से आच्छादित महिला
- राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त झारखण्ड आंदोलनकारी
- दिव्यांगजन (40% से अधिक)
- HIV संक्रमित

**योजना से संबंधित महत्वपूर्ण प्रावधान**

- लाभार्थियों के चयन में एसटी, एससी एवं अन्य पिछड़ा वर्ग को प्राथमिकता
- लाभुकों को नये वाहन क्रय पर 5% वार्षिक ब्याज सब्सिडी 05 वर्षों तक
- पथकर - 100% विमुक्त
- परमिट शुल्क, नये वाहन हेतु निबंधन शुल्क, फिटनेस टेस्ट शुल्क और परमिट आवेदन शुल्क - ₹1 (एक रुपया)
- योजना का लाभ लेने के लिए इच्छुक नागरिक / वाहन स्वामी अपने जिला के जिला परिवहन पदाधिकारी से संपर्क कर सकते हैं

झारखण्ड मुख्यमंत्री
ग्राम गाड़ी
योजना का

# शुभारम्भ

मुख्य अतिथि

**श्री चम्पाई सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड
के कर कमलों द्वारा

विशिष्ट अतिथि

**श्री सत्यानन्द भोक्ता**
माननीय मंत्री, झारखण्ड

**श्री दीपक बिरुवा**
माननीय मंत्री, झारखण्ड



दिनांक: 21 फरवरी, 2024
समय : 12:30 बजे अपराह्न
स्थान : मोरहाबादी मैदान, रांची

PRNO 319769 (IPRD) 23-24 सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

भाजपा लाभार्थी संपर्क अभियान शुरू

# 24 फरवरी तक चलेगी भाजपा की लोकसभा स्तरीय कार्यशाला

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा लाभार्थी संपर्क अभियान के तहत लोकसभा स्तरीय कार्यशाला का आयोजन मंगलवार को आरंभ हुआ। इस अभियान के प्रदेश संयोजक राकेश प्रसाद ने कहा कि 20 फरवरी से 24 फरवरी तक प्रत्येक लोकसभा में कार्यशाला का आयोजन किया जायेगा। इसको लेकर प्रदेश के प्रमुख नेतागण प्रत्येक लोकसभा में जाकर कार्यशाला लेंगे। उन्होंने कहा कि 20 फरवरी को सिंहभूम लोकसभा के कार्यशाला में नीलकंठ सिंह मुंडा एवं नंदजी प्रसाद शामिल हुये। उन्होंने कहा कि 21 फरवरी को गोड्डा लोकसभा में दुर्गा मरांडी एवं विवेक विकास, धनबाद लोकसभा में सत्यनारायण सिंह एवं बारी मुर्मूए, रांची लोकसभा में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी एवं मनोज महतो वाजपेयी, खूंटी लोकसभा में नीलकंठ सिंह मुंडा एवं बालमुकुंद सहाय, पलामू लोकसभा में भानु प्रताप शाही एवं आरती कुजूर शामिल होंगे।

22 फरवरी को राजमहल लोकसभा में राकेश प्रसाद एवं लुईस मरांडी, चतरा लोकसभा में सांसद आदित्य प्रसाद साहू एवं सीमा पासवान, गिरिडीह लोकसभा में कर्मवीर सिंह एवं मुन्ना मिश्रा, जमशेदपुर लोकसभा में डॉ प्रदीप वर्मा एवं सरोज सिंह शामिल होंगे। 23 फरवरी को दुमका लोकसभा में राकेश प्रसाद एवं शोभा यादव, कोडरमा लोकसभा में बालमुकुंद सहाय एवं सुनीता सिंह, लोहरदगा लोकसभा में जवाहर पासवान एवं मनोज सिंह शामिल होंगे। 24 फरवरी को हजारीबाग लोकसभा में बड़कुंवर गागराई एवं मनोज सिंह शामिल होंगे।

विधानसभा अध्यक्ष ने बजट सत्र को लेकर की उच्चस्तरीय बैठक

# बजट सत्र को लेकर विधि-व्यवस्था को दुरूस्त करें : रवींद्र नाथ महतो

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** स्पीकर रवीन्द्र नाथ महतो ने मंगलवार को बजट सत्र को लेकर विभागों के वरीय पदाधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की। बजट सत्र को ध्यान में रखते हुए स्पीकर ने राज्य के मुख्य सचिव सहित अन्य विभागों के वरीय पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया।

बैठक में पूर्व से लंबित प्रश्न, ध्यानाकर्षण, निवेदन, शून्यकाल, सरकारी आश्वासन एवं अनागत प्रश्नों के उत्तर उपलब्ध कराये जाने के संबंध में विचार-विमर्श कर स्पीकर ने कहा कि अब-तक शून्यकाल के कुल 1935 में से 1255 उत्तर अप्राप्त हैं। सदस्य विशेष परिस्थिति में शून्यकाल के प्रश्न डालते हैं एवं एक कार्य दिवस में 25 शून्यकाल के प्रश्न ही स्वीकृत किये जाते हैं। उन्होंने विभिन्न समितियों के अप्राप्त उत्तरों के संबंध में संज्ञान लेते हुए कहा कि विधान सभा इस लिए आहूत होती है कि जनसमस्याओं का निराकरण हो पाये। इस बजट सत्र में विधेयक के लिए 2 मार्च का कार्यदिवस निर्धारित है। निर्धारित समय से तीन दिन पूर्व, जिन विधयकों को सभा पटल पर रखा जाना है, अथवा किसी प्रकार का विधेयक में संशोधन होना है, उसकी प्रतियां सभा सचिवालय को उपलब्ध कराने का भी स्पीकर ने विभागों के पदाधिकारियों को निदेश दिया। स्पीकर ने बजट सत्र के दौरान दंडाधिकारियों एवं पर्याप्त पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति के साथ विधि व्यवस्था को सुनिश्चित करने तथा विधान सभा के तीनों एप्रोज रोड में निगरानी हेतू सीसीटीवी कैमरा लगाये जाने का भी निर्देश दिया। सत्र के दौरान पर्याप्त चिकित्सकों की व्यवस्था के अलावे आवश्यक जीवन रक्षक दवा और एम्बुलेंस की भी सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

बैठक में मुख्य सचिव एल खियांग्ते, पुलिस महानिदेषक अजय कुमार सिंह, प्रधान सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग अजय कुमार सिंह, सचिव सुनील कुमार, सचिव मुकेश कुमार, सचिव प्रशांत कुमार, उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा, पुलिस अधीक्षक, ग्रामीण मनीश टोप्पो के अलावे नगर आयुक्त अमित कुमार एवं विभागों के अन्य संबंधित वरीय पदाधिकारियों के अलावे सैयद जावेद हैदर एवं हरेन्द्र कुमार साह उपस्थित थे।

## अमित शाह पर टिप्पणी के केस में राहुल गांधी की याचिका खारिज



**रांची।** कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी को झारखंड हाईकोर्ट से झटका लगा है। हाईकोर्ट ने राहुल गांधी की याचिका पर सुनवाई के बाद खारिज कर दी। हाईकोर्ट के न्यायाधीश अंबुज नाथ की कोर्ट में मामले की सुनवाई हुई। बता दें कि 2018 में लोकसभा चुनाव के पूर्व राहुल गांधी ने चाईबासा में एक सभा को संबोधित किया था। उस दौरान भाजपा के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष और मौजूदा देश के गृहमंत्री अमित शाह पर विवादित टिप्पणी की थी। इससे आहत होकर प्रार्थी नवीन झा ने रांची सिविल कोर्ट में शिकायतवाद दर्ज कराई थी। जिसे रद्द करने के लिए राहुल गांधी ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। इस केस में नवीन झा की ओर से हाईकोर्ट के वरीय अधिवक्ता अजित कुमार और कुमार हर्ष ने बहस की।

खबर एक नजर में

## राज्यसभा सदस्य दीपक प्रकाश को हाइकोर्ट से बड़ी राहत, कार्रवाई पर लगायी रोक



**रांची।** भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश को हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। अदालत ने उनके खिलाफ रांची एमपी-एमएलए कोर्ट की कार्रवाई पर रोक लगा दी है। यह मामला कांके के सुकुरहुरटू इलाके में किसान आंदोलन से जुड़ा हुआ है। जिसमें भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश और कांके विधायक समरी लाल समेत अन्य लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गई थी। उक्त लोगों के खिलाफ कांके थाना में कांड संख्या 141/2021 दर्ज की गई थी। सांसद दीपक प्रकाश और विधायक समरी लाल के खिलाफ आईपीसी की धारा 188,269,270 और एपेडेमिक एक्ट के तहत आरोप गठित किया गया है।

## अमन श्रीवास्तव गैंग के एश्ले लकड़ा की क्रिमिनल रिट पर हाइकोर्ट में हुई सुनवाई

**रांची।** गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव गिरोह के सदस्य एश्ले लकड़ा की क्रिमिनल रिट पर झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। मंगलवार की सुनवाई के दौरान एश्ले लकड़ा के अधिवक्ता द्वारा बहस के लिए समय की मांग की गयी। हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस आनंद सेन की कोर्ट में एश्ले लकड़ा की याचिका पर सुनवाई हुई। एश्ले ने अपनी जमानत याचिका खारिज होने के बाद क्रिमिनल रिट दाखिल कर अपने पर दर्ज एफआइआर को रद्द करने की मांग की है। दरअसल एटीएस (एंटी टेररिस्ट स्क्वाड) ने गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव गैंग के कई सदस्यों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है। एटीएस द्वारा दर्ज की गयी कांड संख्या 1/2022 में श्रीवास्तव गिरोह के सरगना गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव, अविक श्रीवास्तव, चंद्रप्रकाश राणु, मंजरी श्रीवास्तव, एश्ले लकड़ा, प्रिंसराज श्रीवास्तव, विनोद पांडेय, अमजद खान, जहीर अंसारी, महमूद उर्फ नेपाली, असलम, फिरोज खान,सिद्धार्थ कुमार साहू,पिंटू और सुनील को आरोपी बनाया गया है। जिसके बाद आरोपी एश्ले ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है।

## टीपीसी कमांडर बिनोद गंझू की जमानत पर झारखंड हाइकोर्ट में हुई सुनवाई

**रांची।** टेरर फंडिंग केस के आरोपी प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन टीपीसी के कमांडर बिंदेश्वर गंझू उर्फ बिनोद गंझू की जामनत याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से बहस के लिए समय देने का आग्रह किया गया। जिसे स्वीकार करते हुए कोर्ट ने अगली सुनवाई के लिए बुधवार की तिथि निर्धारित की है। हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद और जस्टिस प्रदीप कुमार श्रीवास्तव की बेंच में सुनवाई हुई। बिंदेश्वर गंझू उर्फ बिनोद गंझू के ऊपर चतरा जिले के टंडवा थाना में वर्ष 2017 में कांड संख्या 7 दर्ज की गई थी, जिसे टेकओवर कर एनआइए ने जांच की। विनोद गंझू पर एनआइए ने टीपीसी की धारा 147, 148, 149, 307, 427, 3, 4 आर्म्स एक्ट की धारा 27 और सीएलए (क्रिमिनल लॉ एमेंडमेंट) एक्ट की धारा 17(वन),(टू) के तहत चार्जशीट दाखिल की है। अब अदालत 21 फरवरी को बिनोद गंझू की बेल पर सुनवाई करेगा।

## जेम्स सुरीन ने विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी का पदभार लिया

**रांची।** जेम्स सुरीन ने मंगलवार को विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी, रांची का पदभार ग्रहण किया। जिला आपूर्ति पदाधिकारी, रांची प्रदीप भगत ने नये विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी का स्वागत किया। मौके पर जिला आपूर्ति कार्यालय के सभी कर्मीगण उपस्थित थे।

## लोकसभा चुनाव को लेकर प्रदेश कांग्रेस वार रूम के संयोजक एवं सदस्य मनोनीत

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** लोकसभा चुनाव को लेकर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने प्रदेश कांग्रेस वार रूम के लिए चेयरमैन और संयोजकों की घोषणा की। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने बताया कि झारखंड प्रदेश वार रूम के लिए मानस सिन्हा को चेयरमैन, नेली नाथन एवं अमृत सिंह को को-चेयरमैन एवं दीपक ओझा, अजय सिंह,पूर्णिमा सिंह, अजय जैन, जफर इमाम, राजीव नारायण प्रसाद, पिया बर्मन, गुलजार अहमद को सदस्य बनाया गया है। मदन मोहन शर्मा एवं सूर्यकांत शुक्ला को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के साथ को-ऑर्डिनेशन करने के लिए सह संयोजक बनाया गया है। इसके पश्चात प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने वार रूम के लिए मनोनित सदस्यों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बैठक में श्री ठाकुर ने कहा कि लोकसभा चुनाव हमारे महत्वपूर्ण ही नहीं बल्कि जीने और मरने का विषय है। ुनाव में उम्मीदवार के साथ-साथ वार रूम की भूमिका भी सूचनाओं के आदान-प्रदान संगठन के दिशा निर्देशों का पालन कराने में, चुनाव के दौरान संगठन और कार्यकर्ताओं के बीच संवाद कायम रखने में अहम कड़ी होती है।

श्री ठाकुर ने कहा कि विपक्ष की सभी गतिविधियों पर नजर रखते हुए कांग्रेस पार्टी पर लगाये गये हर आरोपों का जवाब देने की जिम्मेवारी वार रूम के संयोजक एवं सदस्यों की होगी। बैठक के बाद श्री राजेश ठाकुर ने जिला अध्यक्षों के साथ जूम मीटिंग भी की।

एनएसयूआइ ने अग्निपथ योजना को लेकर जय जवान कैंपेन का पोस्टर किया लांच

# सेना के लिए चयनित सभी अभ्यर्थियों को तत्काल प्रभाव से नियुक्त करे केंद्र सरकार : राजेश ठाकुर

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** झारखंड प्रदेश एनएसयूआई ने अग्निपथ योजना को लेकर जय जवान कैंपेन का पोस्टर मंलवार को लॉन्च किया। मौके पर मुख्य रूप से प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर मौजूद रहे। मौके पर राजेश ठाकुर ने कहा कि स्थाई सेना भर्ती की बहाली एवं अग्निपथ योजना तो तत्काल निरस्त करते हुए वर्तमान अग्निविरों का स्थाई प्रबंध हो। अग्निपथ योजना युवाओं के सामने कई चुनौतियां पेश की है। विशेष रूप से कम वेतन और पहचान की कमी इस योजना में चयनित युवाओं को न केवल रेगुलर सैन्य कर्मियों की तुलना में कम वेतन मिलता है। बल्कि उन्हें महंगाई भत्ता, सैन्य सेवा वेतन चिकित्सा सुविधा, बीमा और अन्य लाभों से वंचित किया जाता है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को सेना प्रति सम्मान है तो अविलंब 2019 से 22 के बीच में चयनित सभी 1.5 लाख अभ्यर्थियों की नियुक्ति करें।

वहीं एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष आमिर हाशमी ने कहा कि केंद्र सरकार ने अग्निपथ योजना लाकर देश के युवाओं को धोखा दिया है। इस योजना को तत्काल प्रभाव से रद्द किया जाए और भारतीय सेना में चयनित सभी डेढ़ लाख अभ्यर्थियों की तत्काल जॉइनिंग हो। अग्निपथ योजना के तहत सेना के जवानों की शहादत की स्थिति में उन्हें शहीद का दर्जा और इससे जुड़े लाभ नहीं दिए जाते हैं, जबकि रेगुलर सेवा के जवानों को 15 साल तक पूरे करने के बाद पेंशन का लाभ भी मिलता है। इसके अलावा 4 साल की सेवा के बाद यह युवा तत्काल बेरोजगारी का सामना करते हैं। उन्हें शिक्षा, चिकित्सा सुविधाओं, पेंशन, कैंटीन सुविधाओं, वेटरन स्टेटस और अन्य सैन्य लाभों तक पहुंच से वंचित रहना पड़ता है। पोस्टर लॉच के मौके पर रांची जिला अध्यक्ष अमन अहमद, सिद्धार्थ राज, इमरान हाशमी, आशीष रौशन, पवन साहू, आदि छात्र नेता उपस्थित थे।

ओबीसी के विकास के लिए भाजपा संकल्पित एवं समर्पित

# झारखंड की गठबंधन सरकार पिछड़ा विरोधी आम जनता को दे रही धोखा : प्रतुल शाहदेव

खबर मन्त्र ब्यूरो




**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि गठबंधन सरकार पिछड़ा विरोधी है। श्री शाहदेव मंगलवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार पिछड़ों के हक के लिए समर्पित है। उन्होंने राज्य की झामुमो नेतृत्व वाली सरकार पर निशाना साधते हुएक हा कि राज्य की गठबंधन सरकार की नीयत पर शक है। 14 महीने तक ओबीसी आयोग का अध्यक्ष पद रिक्त रखा। अगस्त, 2023 में कैबिनेट ने कहा कि ट्रिपल टेस्ट ओबीसी आयोग करायेगा लेकिन, 8 महीना तक आयोग के अध्यक्ष पद को भी रिक्त रखा। उन्होंने कहा कि पंचायत चुनाव में राज्य सरकार ने शपथ पत्र दाखिल कर कहा था कि नगर निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण के तहत चुनाव करायेगी लेकिन, राज्य सरकार चोर दरवाजे से बिना ओबीसी आरक्षण के चुनाव कराने की कोशिश की। सुप्रीम कोर्ट की कड़ी फटकार और और अवमानना के नोटिस के बाद के बाद ये रुका। उन्होंने कहा कि झारखंड की गठबंधन सरकार नहीं यह एक फिल्म थियेटर है। राज्य में फिल्म भागम भाग का दृश्य देखने को मिल रहा है। तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 40 घंटे गायब रहे। विधायक हैदराबाद भागे। अब कांग्रेसी विधायक दिल्ली भागे फिर रहे हैं। **दूल्हे के फूफा की भूमिका में है कांग्रेसी विधायक** : उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के कई विभाग में बजट का 50 प्रतिशत खर्च नहीं हो पाया है। विधायक रूठे हुए हैं। जिस प्रकार बाराती में दूल्हे के फूफा को अच्छा खाना नहीं मिलने से रूठ जाते हैं। वैसे ही मंत्री पद नहीं मिलने से विधायक रूठे हुए हैं। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचारियों को सोते जागते ईडी का खौफ सता रहा है। 2004-2014 के बीच ईडी ने 5300 करोड़ का कैश और अवैध संपत्ति सीज की। वहीं 2014-2024 में अब तक 1.25 लाख करोड़ की अवैध संपत्ति और कैश का सीज हुआ। इस अवसर पर मीडिया सह प्रभारी अशोक बड़ाइक भी उपस्थित थे।

# मोदी सरकार की गलत नीतियों के कारण बढ़ती महंगाई का साया घरों पर गहराया : गुंजन सिंह



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष सुश्री गुंजन सिंह ने कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार की गलत नीतियों के कारण बढ़ती महंगाई का साया हर भारतीय घरों पर गहराया हुआ है और इसका सबसे अधिक असर गृहिणियों पर पड रहा है। ये अनसुनी नायिकाएं, जो परिवार, वित्त और कल्याण के बीच संतुलन बनाती हैं, लगातार बढ़ती कीमतों के तूफान में जूझ रही हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में महिला कांग्रेस गृहिणियों की दुर्दशा और उनकी पीड़ा को लेकर चितिंत है। गुंजन सिंह मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में मीडिया से बात कर रही थी। इस मौके पर पिंकी सिंह, नीतू देवी, निलम सहाय, अनीता सिन्हा, संगीता टोप्पो, मेरी तिर्की, मीनू सिंह, शांतिबाला उपस्थित थी।

गुंजन सिंह ने कहा कि बढ़ती महंगाई को देखते हुए हम गृहिणियों के मौन संघर्षों से आंखें नहीं चुरा सकते। आज उनकी इस दुर्दशा पर मौन प्रधानमंत्री पिछले 10 साल में मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिए प्रभावी उपाय लागू करने में विफल साबित हुए हैं। केंद्र सरकार आवश्यक वस्तुओं पर सब्सिडी या मूल्य नियंत्रण करने की जगह बड़े उद्योगपतियों का 10 लाख करोड़ पिछले 10 साल में बैंक लोन - राइट ऑफ के माध्यम से माफ कर चुकी है।

गृहिणियों पर बढ़ती महंगाई का बोझ आंकड़े बयां करते हैं। गुंजन सिंह ने कहा कि उनकी पीड़ा को यदि आज कोई समझ रहा है तो वह देश में भारत जोड़ो न्याय यात्रा कर रहे हमारे नेता राहुल गांधी जी हैं, जो नीति संचालित राजनीति के माध्यम से आम जान की तकलीफों को हल करने का मार्ग प्रदर्शित कर रहे हैं। आज देश भाजपा की मुद्दों से भटकाने वाली राजनीति के खिलाफ एकजुटता से लड़ाई लड रहा है।

# सड़कों का विस्तार और ग्रामीण क्षेत्र में रोड कनेक्टिविटी बढ़ाने पर हो रहा कार्य : सीएम

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची/गिरिडीह।** मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने कहा कि शहर तथा ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों का विस्तार करने और रोड कनेक्टिविटी पर निरंतर कार्य हो रहा है। हमारी सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों को जोड़ने के लिए 15 हजार किमी सड़क का सुदृढ़ीकरण एवं निर्माण का कार्य कर रही है। कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में अच्छी सड़कों का होना जरूरी है। हमारी सरकार सड़क निर्माण का कार्य निरंतर कर रही है और आगे भी करती रहेगी। श्री सोरेन कल गिरिडीह में अबुआ आवास योजना के अंतर्गत स्वीकृत पत्र वितरण समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि सर्वजन पेंशन योजना झारखंड वासियों के लिए लाभकारी योजना बनी। अब हमारी सरकार पेंशन की महत्ता को देखते हुये एसटी, एससी महिलाओं सहित सभी वर्ग समुदाय की महिलाओं को 50 वर्ष की उम्र से ही पेंशन का लाभ देगी। वहीं एसटी, एससी समुदाय के पुरुषों को भी 50 वर्ष के उम्र से ही पेंशन योजना से जोड़ेंगे। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार कोरोना काल से ही चिकित्सा व्यवस्था को सुधारने का कार्य किया है। इसके अलावा आदिवासी, मूलवासी, दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यक सभी वर्गों को रोटी कपड़ा और मकान उपलब्ध करा रही है। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कई नीतिगत निर्णय का लाभ गरीब, मजदूर, किसान सहित सभी वर्ग को मिल रहा है।

मौके पर गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार ने कहा कि अबुआ सरकार है तभी आपके लिए अबुआ आवास की व्यवस्था की। 2021 से जब केंद्र ने प्रधानमंत्री आवास की राशि देनी बंद कर दी और राज्य के 8 लाख लोगों को पीएम आवास से वंचित कर दिया गया तो अबुआ सरकार ने इस योजना का सृजन किया।

### डबल इंजन की सरकार में योजना का अता-पता नहीं : सत्यानंद

सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि हेमंत सोरने के नेतृत्व में सरकार बनी। इससे पहले डबल इंजन की सरकार झारखण्ड में थी लेकिन कौन सी योजना चलती थी किसी को पता नहीं थी। पिछली सरकार में डोभा बनाओ अभियान, हाथी उड़ाओ अभियान चलाया। जब हेमंत सीएम बने तो यहां की लोगों की समस्या को दूर करने की ठानी। सभी पंचायत में काम किया। सभी को पेंशन देने की योजना बनायी गई। अब अबुआ आवास सभी को मिलेगा।

### झारखंड में लोकतंत्र की हत्या का हुआ प्रयास : बन्ना गुप्ता

स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि हेमंत सोरेन के नेतृत्व में पूर्ण बहुमत की सरकार को पांच वर्ष के लिए आपने चुना उस सरकार को बहुत ही बेरहमी के साथ चार वर्ष में ही मध्य काल में लोकतंत्र की हत्या करते हुए साजिश के तहत राष्ट्रपति शासन की तरफ धकेलने का प्रयास किया गया। हमारे विरोधियों ने हेमंत सोरेन की सरकार को गिराने का प्रयास शुरू किया। हर तरीके से प्रताड़ित किया गया।

### पीएम मोदी ने गिरिडीह जिले की उपेक्षा की : विनोद कुमार सिंह

बगोदर के माले विधायक विनोद कुमार सिंह ने कहा कि पीएम नरेन्द्र मोदी ने घोषणा की थी कि गिरिडीह आकांक्षी जिला होगा और यहां की आकांक्षा को पूरा किया जाएगा, लेकिन हमलोगों ने देखा पीएम आवास योजना में सबसे ज्यादा लाभुकों की छंटनी इसी जिले से की गई। अमृत भारत के तालाब हो, चाहे पीएम ग्राम सड़क योजना हो, गिरिडीह के लोगों की आकांक्षा अधूरी रही।

# नाराज कांग्रेस विधायकों की मुलाकात केसी वेणुगोपाल से हुई, बात नहीं बनी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** चंपई सोरेन सरकार के मंत्रिमंडल विस्तार के बाद मंत्री पद को लेकर कांग्रेस में उठा विवाद समय के साथ थमने का नाम नहीं ले रहा है। हालांकि दिल्ली गये नाराज विधायकों को आलाकमान से बातचीत के लिए तरजीह नहीं मिलने से मनोबल कुछ डाउन हुआ है। नाराज विधायकों की मानें तो मंगलवार को उनकी मुलकात झारखंड कांग्रेस पूर्व सह प्रभारी रहे उमंग सिंघार से हुई। वहीं नाराज विधायकों में तीन विधायक क्रमशः अंबा प्रसाद, डॉ इरफान अंसारी एवं उमाशंकर अकेला की मुलकात मंगलवार को कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणु गोपाल से हुई। मुलकात के क्रम में विधायकों ने अपनी मांगों से उन्हें अवगत कराया है। उन्होंने आश्वासन दिया कि पार्टी आलाकमान मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर पुनः विचार करेगी। विधायकों ने यह भी बताया कि शेष विधायकों की मुलकात बुधवार को केसी वेणुगोपाल से होगी। मुलकात करने वाले विधायकों ने भी यह भी बताया कि हमलोगों ने पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से भी मिलने का समय मांगा है हालांकि अभी तक समय नहीं मिला है। विधायकों ने बताया कि उमंग सिंघार एवं केसी वेणुगोपाल से मिलकर हम अपनी बातों से अवगत करा चुके हैं। विधायकों ने कहा कि वे लोग रांची लैटकर 22 फरवरी को विधानसभा सत्र को लेकर होने वाली सत्तारूढ़ विधायक दल की बैठक में भाग लेंगे।



### पार्टी नहीं करेगी अनुशासनात्मक कार्रवाई : राजेश ठाकुर

16 फरवरी को मंत्रिपरिषद विस्तार के समय से नाराज चल रहे कांग्रेस विधायक की स्थिति ना माया मिली ना राम जैसी है। पार्टी ने इतना जरूर किया है कि नाराज विधायक पर किसी तरह की अनुशासनात्मक कार्रवाई नहीं करने का फैसला लिया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर का मानना है कि पार्टी के अंदर लोकतंत्र है जिसमें सभी को अपनी बात रखने का अधिकार है। उन्होंने कहा कि विधायक की नाराजगी दूर की जा रही है। हर विधायक चाहते हैं कि उनके क्षेत्र में अधिक से अधिक काम हो इसको लेकर यदि प्रदेश स्तर से संतुष्ट नहीं होते हैं तो विधायक केंद्रीय नेताओं के पास अपनी बात रखना चाहते हैं जाहिर तौर पर उनकी बातों को सुनी जाएगी। उसके बाद हम लोग भी बताएंगे यहां से क्या कुछ हो सकता है इसलिए कोई विशेष बात नहीं है।

सुप्रभात
रांची, बुधवार
21.02.2024
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net माघ, शुक्ल पक्ष, द्वादशी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 219



12 'डॉन 3' में कियारा आडवाणी की एंट्री

## न्यूज डायरी

### रांची में आज अबुआ आवास योजना का शुभारंभ
रांची। मोरहाबादी में बुधवार को आयोजित कार्यक्रम अबुआ आवास योजना का शुभारंभ एवं लाभार्थियों के बीच स्वीकृति पत्र का वितरण किया जायेगा। इसके साथ ही झारखंड मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना का शुभारंभ होगा। कार्यक्रम दिन के 12.30 बजे से शुरू होगा। कार्यक्रम में सीएम चंपई सोरेन के साथ ही मंत्री आलमगीर आलम और सत्यानंद भोक्ता रहेंगे।

### झारखंड कैबिनेट की बैठक 23 फरवरी को
रांची। झारखंड कैबिनेट की बैठक 23 फरवरी को होगी। इसमें एक दर्जन से अधिक एजेंडों को मंजूरी मिल सकती है। इससे पहले चंपई सरकार की दो कैबिनेट की बैठक हो चुकी है। पहली बैठक में तीन और दूसरी बैठक में 25 एजेंडों को स्वीकृति मिली थी।

### पूर्वोत्तर के बिना भारत की संस्कृति अधूरी
नयी दिल्ली। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने मंगलवार को कहा कि पूर्वोत्तर के बिना भारत की संस्कृति अधूरी है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र के विकास से ही देश का सही विकास संभव है। उन्होंने कहा कि आज अब तीव्र-समग्र विकास देश की प्रगति को दर्शाता है।

### चतरा में सबजोनल कमांडर समेत तीन उग्रवादी गिरफ्तार
चतरा। पुलिस ने मंगलवार को टीपीसी के तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से दो पिस्टल, 7.65 एमएम का आठ गोली, 7.62 एमएम का तीन गोली, टीपीसी का 14 लेटर पैड पर्चा, कोयला कारोबारी का मोबाइल नंबर लिखा नोट बूक, लेवी वसूली के 22500 रुपये नकदी बरामद हुआ है। गिरफ्तार आरोपितों में लातेहार बालूमाथ के मुरपा निवासी इरफान अंसारी, मैक्लूस्कीगंज थाना के धमधमियां निवासी शोभित शर्मा उर्फ अभिषेक और खलारी थाना क्षेत्र के जमुनाघौड़ा निवासी संदीप लोहरा उर्फ बलवन्त शामिल हैं।

### बस और ट्रक में भिड़ंत दोनों चालकों की मौत
रांची। राजधानी के नामकुम थाना क्षेत्र अंतर्गत टाटीसिलवे-रामपुर रिंग रोड के बड़ाम कवाली के पास सोमवार देर रात एक बस और ट्रक के बीच हुई टक्कर में दोनों वाहनों के चालकों की मौत हो गयी। बताया जाता है कि टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों वाहनों के परखच्चे उड़ गये।

### मानहानि मामले में राहुल गांधी को सशर्त जमानत
सुलतानपुर। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को मानहानि के एक मामले में उत्तर प्रदेश सुलतानपुर की विशेष अदालत ने मंगलवार को सशर्त जमानत दे दी। यूपी में भारत जोड़ो न्याय यात्रा का नेतृत्व कर रहे श्री गांधी मानहानि के मुकदमे में मंगलवार को यहां एमपी/एमएएल कोर्ट में पेश हुए जहां सुनवाई के बाद विशेष न्यायाधीश योगेश यादव ने उन्हे 25 -25 हजार रुपये के दो जमानत के मुचलके पर रिहा करने का आदेश दिया। अगली सुनवाई की तारीख दो मार्च निश्चित कर दी है।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 58,400 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 74,000 रु./प्रति किलो |

### तीसरी आंख




# चौथा टेस्ट खेलने रांची पहुंचीं भारत और इंग्लैंड की टीमें, भव्य स्वागत



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** भारत और इंग्लैंड के बीच होने वाले चौथे टेस्ट मैच के लिए दोनों टीमें मंगलवार शाम रांची पहुंच गईं। रांची के झारखंड राज्य क्रिकेट संघ (जेएससीए) स्टेडियम में भारत और इंग्लैंड की टीमें 23 फरवरी से चौथे टेस्ट के लिए एक दूसरे से भिड़ेंगी। रांची में दोनों टीमों का पारंपरिक अंदाज में स्वागत किया गया। बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर खिलाड़ियों के उतरते ही प्रशंसकों ने दोनों टीमों का स्वागत किया और हाथ हिलाकर उनका अभिवादन किया। कई खिलाड़ियों ने भी हाथ हिलाकर फैंस को धन्यवाद दिया। क्रिकेट प्रेमियों की भारी भीड़ को देखते हुए एयरपोर्ट प्रबंधन ने खिलाड़ियों के निकलने के लिए विशेष गेट का इंतजाम किया था। इस गेट के दोनों तरफ लोहे की बैरिकेडिंग लगाई गई थी। खिलाड़ी दो अलग-अलग बसों में एयरपोर्ट से रेडिशन ब्लू होटल चले गए। दोनों टीमें 21 और 22 फरवरी को अलग-अलग सेशन में जेएससीए स्टेडियम में अभ्यास करेंगी। भारत ने तीन मुकाबलों में अब तक दो में जीत हासिल की है और सीरीज में 2-1 से आगे है। इससे पहले राजकोट टेस्ट में भारत ने 434 रनों के विशाल और रिकॉर्ड अंतर से जीत दर्ज की थी। यह रनों के मामले में भारत का किसी भी टीम पर सबसे बड़ी जीत है। टेस्ट मैच 23 से 27 फरवरी तक होगा। रांची में सभी खिलाड़ी सात दिनों तक रुकेंगे। मैच को लेकर जिला प्रशासन और स्टेडियम प्रबंधन ने सारे इंतजाम कर लिए हैं। स्टेडियम में दर्शकों के लिए भी कई नए इंतजाम किए गए हैं, जिससे ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोग स्टेडियम आकर टेस्ट क्रिकेट का आनंद उठा सकें।



### मैच बाधित करने की मिली धमकी
रांची में 23 फरवरी से शुरू होने वाले टेस्ट मैच को बाधित करने की धमकी दी गई है। यह धमकी सिख फॉर जस्टिस की ओर से दी गई है। इस संबंध में धुर्वा थाने में एक प्राथमिकी भी दर्ज कराई गई है। हटिया डीएसपी प्रमोद मिश्रा ने बताया कि चिंता की कोई बात नहीं है। सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। खिलाड़ियों के बस की भी बारीकी से जांच की गई है। पूरे शहर पर हमारी नजर है। मैच निर्धारित तिथि और समय पर होगा। किसी भी प्रकार से इसे बाधित करने का प्रयास हुआ तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# कश्मीर को बनायेंगे स्विट्जरलैंड : मोदी
## राज्य के विकास में दीवार थी 370, भाजपा ने गिरा दिया

**एजेंसी**

**जम्मू।** पीएम मोदी ने मंगलवार को कहा कि अनुच्छेद 370 को निरस्त करना जम्मू-कश्मीर के व्यापक विकास को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण रहा है। उनकी सरकार घाटी को एक ऐसे पर्यटन स्थल में बदलने के लिए प्रतिबद्ध है जो स्विट्जरलैंड को टक्कर दे सके। मौलाना आजाद स्टेडियम में एक विशाल सभा को संबोधित करते हुए मोदी ने जम्मू-कश्मीर के लिए 32,000 करोड़ रुपये से अधिक और देश के अन्य हिस्सों के लिए 13,500 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की शुरुआत की। पीएम मोदी ने भाषण की शुरुआत पद्मा सचदेव के डोगरी दोहे मिट्ठदी-ए- डोगरें दी बोली ते खंड मीठे लोग डोगरे से की। उन्होंने कहा कि अनुच्छेद 370 पर एक फिल्म भी आ रही है जो लोगों को कुछ महत्वपूर्ण तथ्यों की जानकारी देने के साथ ही उन्हें जागरूक करने में मदद करेगी। (शेष 11 पर)

### परिवारवाद ने सिर्फ सत्ता सुख भोगा



पीएम मोदी ने राजनीति में वंशवाद पर निशाना साधते हुए कहा कि ऐसे परिवारों ने 70 वर्षों तक जम्मू-कश्मीर की सत्ता की बागडोर संभाली लेकिन यहां की जनता के लिये कुछ खास नहीं किया। भाजपा सरकार ने अनुच्छेद 370 को निरस्त किया जो देश और जम्मू-कश्मीर के विकास के बीच एक 'दीवार' बनी हुई थी। जिन परिवारों ने 70 वर्षों तक जम्मू-कश्मीर पर शासन किया, उन्होंने कभी भी यहां के निवासियों और युवाओं के बारे में नहीं सोचा, न ही इसके लिये काम किया, बल्कि ये वंशवादी दल बार-बार सत्ता का सुख भोगने में ही लगे रहे। सत्तासीन दलों ने विकास को अवरुद्ध कर दिया था। मोदी ने कहा, शिक्षा, कनेक्टिविटी और विकास अब प्राथमिकतायें हो गयी हैं। जम्मू-कश्मीर के युवाओं को पेशेवर पाठ्यक्रमों के लिये केंद्रशासित प्रदेश से बाहर जाने की जरूरत नहीं है, क्योंकि कश्मीर और जम्मू क्षेत्र शैक्षिक केंद्र के रूप में उभर रहे हैं।

## गिरिडीह में बोले सीएम- केंद्रीय एजेंसी निष्पक्ष होकर काम करे
# 3 माह में 9 लाख को देंगे अबुआ आवास

**अबुआ आवास योजना**
- सबको रोटी, कपड़ा और मकान लक्ष्य
- हर खेत में पानी पहुंचाना प्राथमिकता
- शिक्षा का अलख जगा रही सरकार
- डबल इंजन का दूसरा इंजन भी फेल होगा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची/गिरिडीह।** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने कहा कि आज हमारी सरकार अबुआ आवास योजना का लाभ जरूरतमंद परिवारों को देने पहुंची है। श्री सोरेन मंगलवार को गिरिडीह स्टेडियम में आयोजित अबुआ आवास योजना के अंतर्गत स्वीकृत पत्र वितरण समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि आज तीन जिला बोकारो, धनबाद और गिरिडीह के 35 हजार से ज्यादा आवास विहीन परिवारों को अबुआ आवास योजना का लाभ मिल रहा है। अगले तीन महीने में नौ लाख परिवारों को अबुआ आवास योजना का लाभ दिया जायेगा। सीएम ने रहा कि हर खेत में पानी पहुंचाना सरकार का लक्ष्य है। हमारी सरकार शिक्षा का अलख जगा रही है। रोटी, कपड़ा और मकान उपलब्ध उनकी सरकार की प्राथमिकता है। समारोह में वह केंद्र सरकार और भाजपा पर भी जम कर भड़के। मुख्यमंत्री ने पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की की गिरफ्तारी को गलत बताते हुए केंद्रीय एजेंसी को भी आड़े हाथ लिया। साथ ही सलाह दी कि केंद्रीय ऐजेंसियों का निष्पक्ष होकर काम करना चाहिए। (शेष 11पर)



**कोयला हमारा, लाभ दूसरे को :** मुख्यमंत्री ने कहा, यह झारखंड वासियों के लिए अजीव विडंबना है कि यहां का कोयला देश को रोशन करता है, लेकिन, इन जिलों के ग्रामीण क्षेत्र में लोग आज भी कच्चे मकान अथवा झुग्गी-झोपड़ी में रहने के लिये मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व सीएम हेमंत ने आदिवासी, मूलवासी, दलित, पिछड़ा, अल्पसंख्यक सहित सभी वर्ग-समुदाय के बीच जाकर उनकी स्थिति को समझने का प्रयास किया है। उनकी सोच और किये गये विकास कार्यों को आगे बढ़ाते हुए इन सभी वर्ग समुदायों के आर्थिक, शैक्षणिक, सामाजिक व्यवस्था को हमारी सरकार मजबूत करने का पूरा प्रयास कर रही है। झारखंड की इस पावन भूमि पर कोयला, सोना, यूरेनियम, तांबा, लोहा, पत्थर सहित कई महत्वपूर्ण खनिज संपदा प्रचुर मात्रा में मौजूद है, परंतु इन खनिज संपदाओं का लाभ यहां की बुनियादी व्यवस्थाओं को नहीं मिल पाया।

# कोर्ट से हेमंत सोरेन ने बजट सत्र में भाग लेने की मांगी अनुमति

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड विधानसभा का बजट सत्र 23 फरवरी को शुरू होना है। बजट सत्र में पूर्व हेमंत सोरेन के शामिल होने को लेकर पीएमएलए कोर्ट में अर्जी दाखिल की गयी है। कोर्ट से यह आग्रह किया गया है कि 23 फरवरी को शुरू होने वाले बजट सत्र में हेमंत सोरेन की विधानसभा में मौजूदगी की अनुमति दी जाये। वहीं इस अनुमति के लिये अदालत में हेमंत सोरेन के अधिवक्ता ने कोर्ट में पूर्व में पारित किये गये कई आदेश पेश किये।

**एक और मामला दर्ज :** वहीं दूसरी ओर समन की अवहेलना को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ एक और मामला दर्ज हुआ है। इस संबंध में इडी की ओर से शिकायतवाद संख्या 3952/2024 सीजेएम कोर्ट में दाखिल की गयी है। इसकी सुनवाई मंगलवार को हुई। सुनवाई के बाद कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 27 फरवरी निर्धारित की है। शिकायतवाद में शिकायतकर्ता इडी की ओर से बताया गया है कि हेमंत को इडी ने जमीन घोटाला मामला में 10 समन जारी किया था। इसमें से मात्र दो समन पर ही हेमंत सोरेन ईडी के समक्ष उपस्थित हुये थे। यह ईडी के समन की अवहेलना है। पीएमएलए की धारा 63 एवं आईपीसी की धारा 174 के तहत ईडी

## मांडर एकलव्य स्कूल का स्थल बदलने पर हाइकोर्ट खफा
# केंद्र और राज्य पर लगाया 25-25 हजार का जुर्माना

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** मांडर के चान्हो में बनने वाले एकलव्य स्कूल के लिए चयनित स्थान को दूसरी जगह बदलने के खिलाफ गोपाल भगत की जनहित याचिका की सुनवाई मंगलवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार की ओर से जवाब दाखिल नहीं किये जाने पर हाईकोर्ट ने कड़ी नाराजगी जतायी है। कोर्ट ने केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार पर 25-25 हजार रुपये का जुर्माना लगाते हुए अपनी मौखिक टिप्पणी में कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि अदालत के समय को जान बूझकर बर्बाद किया जा रहा है। मामले की सुनवाई हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में हुई। अगली सुनवाई 5 मार्च को होगी।

**क्या है मामला :** दरअसल, हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया था कि मांडर में एकलव्य विद्यालय के लिए जो सबसे पहले जगह चयनित हुआ है उसी जगह पर स्कूल बनाया जाये। मांडर के चान्हो में एकलव्य स्कूल बनाने के लिए राज्य सरकार ने 52 एकड़ जमीन दी थी। इसके लिए केंद्र सरकार से 5.23 करोड़ रुपए फंड भी आवंटित किया लेकिन कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा उस स्कूल की लोकेशन को चेंज करने के लिए हंगामा किया गया था। जिसपर कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा था कि असामाजिक तत्वों के खिलाफ क्या- क्या एक्शन लिया गया और स्कूल के चयनित स्थान को बदलने का क्या-क्या आधार है।



### अदालत ने पूछे सवाल
कोर्ट ने सरकार से पूछा था कि जब हाईकोर्ट ने अंतरिम आदेश दिया था कि स्कूल वहीं बनेगा, जहां इसका शिलान्यास किया हुआ था, इसके बाद भी नये जगह पर एकलव्य विद्यालय बनाने का क्या औचित्य है। किसकी इजाजत से पुराने स्थान को छोड़कर नये स्थान पर एकलव्य आवासीय विद्यालय को बनाने का निर्णय लिया गया। राज्य सरकार ने यथास्थिति बरकरार क्यों नहीं रखी थी? क्या सरकार अदालत के आदेश से ऊपर है? इससे पूर्व सुनवाई में प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया कि 9 दिसंबर 2022 को हाई कोर्ट ने अंतरिम आदेश देते हुए शिलान्यास किए जाने वाले स्थान पर एकलव्य विद्यालय बनाने का आदेश दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने भी हाईकोर्ट के आदेश में फेरबदल करने से इनकार कर दिया था।

## संदेशखाली हिंसा मामले में बंगाल सरकार को हाइकोर्ट की फटकार
# शाहजहां को नहीं पकड़ पाने का मामला संदिग्ध

**एजेंसी**

**कोलकाता।** संदेशखाली हिंसा मामले में कोलकाता हाइकोर्ट ने ममता बनर्जी को फटकार लगायी। उच्च न्यायालय ने मंगलवार को संदेशखाली के आपराधिक छवि के नेता से एक शाहजहां की गिरफ्तारी नहीं होने को लेकर हैरानी जतायी है। मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवगणनम की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मंगलवार को बंगाल पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़ा करते हुए कहा कि बहुत कुछ संदिग्ध लग रहा है। खंडपीठ ने कहा, 'यह काफी आश्चर्य की बात है कि जिस व्यक्ति को इस समस्या का मूल कारण बताया जा रहा है उसे अभी भी पकड़ा नहीं जा सका। वह कानून तोड़कर भागा हुआ है। पीठ ने कहा कि अदालत को नहीं पता कि उसे संरक्षण प्राप्त है या नहीं, तथ्य यह है कि उसे पकड़ा नहीं गया है। एकल पीठ के आदेश को चुनौती देने वाली राज्य सरकार की अपील पर सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा, 'इसका मतलब यह हो सकता है कि राज्य के पुलिस तंत्र के पास उसे पकड़ने के साधन नहीं हैं या (वह) राज्य पुलिस के अधिकार क्षेत्र से बाहर है। टीएमसी नेता और संदेशखाली में इडी तथा सीएपीएफ कर्मियों पर 5 जनवरी को हुए हमले के फरार आरोपी मास्टरमाइंड शेख शाहजहां को किसी प्रकार की सुरक्षा तो नहीं दी जा रही। मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवगणनम ने टिप्पणी की, मुझे नहीं पता कि ऐसा व्यक्ति किसी तरह की सुरक्षा में है या नहीं, लेकिन ऐसा लगता है कि या तो वह राज्य पुलिस की पहुंच से बाहर चला गया है या वह किसी तरह के संरक्षण में है। कोर्ट ने यह भी कहा कि विभिन्न राज्य और जांच एजेंसियां फरार नेता को कलकत्ता उच्च न्यायालय में आत्मसमर्पण करने के लिए कह सकती हैं। मुख्य न्यायाधीश ने कहा, उनके बारे में विवाद काफी समय से चल रहे थे। शेख शाहजहां सार्वजनिक रूप से आ सकते थे और अपने खिलाफ लगे जमीन हड़पने के आरोपों से इनकार कर सकते थे। लेकिन अब ऐसा लग रहा है कि वह जनहित के खिलाफ काम कर रहे हैं। कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति अपूर्ब सिन्हा रॉय की एकल-न्यायाधीश पीठ ने संदेशखाली में हाल के घटनाक्रम पर 13 फरवरी को स्वतः संज्ञान लिया और दो अलग-अलग मामलों की सुनवाई की अनुमति दी। पहला मामला स्थानीय लोगों की जमीन जबरदस्ती हड़पने का और दूसरा बंदूक की नोंक पर स्थानीय महिलाओं का यौन उत्पीड़न करने का है। हालांकि, बाद में न्यायमूर्ति सिन्हा रॉय ने मामले को न्यायमूर्ति शिवगणनम और न्यायमूर्ति हिरण्मय भट्टाचार्य की खंडपीठ को भेज दिया। मंगलवार दोपहर मामले की सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायाधीश ने ये टिप्पणियां कीं। (शेष 11 पर)



### करात को रोका, फिर मिली अनुमति
वरिष्ठ सीपीआइ (एम) नेत्री बृंदा करात को पुलिस ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के हिंसाग्रस्त संदेशखाली जाने से रोक दिया लेकिन बाद में उन्हें क्षेत्र में जाने की अनुमति मिली। करात ने कहा कि उन्हें एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि संदेशखाली में उनकी उपस्थिति से वहां शांति भंग होगी। उन्हें धमाखाली नौका घाट पर रोक दिया गया था। वहीं कहा, शांति का उल्लंघन तब हुआ जब महिलाओं को स्थानीय तृणमूल कार्यालयों में बुलाया गया और उनका यौन उत्पीड़न किया गया, अब यह न्याय की लड़ाई है।

# बुजुर्ग दंपती की हत्या घर में ही छिपा हत्यारा

**डबल मर्डर से दहला बाबाधाम**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**देवघर।** बाबानगरी में डबल मर्डर का सनसनीखेज मामला सामने आया है। एक युवक ने घर में घुसकर बुजुर्ग दंपती की निर्मम हत्या कर दी। मामला नगार थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। उससे पूछताछ जारी है। जानकारी के अनुसार चोरी की नीयत से घुसे युवक ने सोमवार की देर रात घर के मालिक अनुज कुमार बरनवाल (62 वर्ष) और उसकी पत्नी बासमती देवी (56 वर्ष) की रॉड और ईंट से मारकर हत्या कर दी।

घटना नगर थाना क्षेत्र के सिंघवा मोहल्ले में तालाब के सामने स्थित एक घर की है। पुलिस के अनुसार देवघर नगर थाना क्षेत्र के सिंघवा मोहल्ले में रहने वाले बुजुर्ग के घर में हत्यारा चोरी की नीयत से उसके घर में देर रात घुसा था। बासमती देवी घर में ही एक किराना दुकान संचालित करती थी, जबकि पति की बस स्टैंड में एक पान दुकान है। हत्या के बाद बाद हत्यारा मृतक के घर के अंदर रखे एक बॉक्स में छिपकर बैठ गया। अहले सुबह जब पड़ोस के लोगों को कुछ अनहोनी की आशंका हुई तो पास पड़ोस सहित मृतक के रिश्तेदार काफी संख्या में पहुंचे। सूचना मिलने पर नगर थाना प्रभारी समेत पदाधिकारी ने मौके पर पहुंचे। घटना की जानकारी ली। मृतक के दुकान का शटर तोड़कर पुलिस अंदर गयी। घर के अंदर बॉक्स में छिपकर बैठा युवक उसी सिंघवा मोहल्ले का निवासी अमन महथा उर्फ पुचका निकला, जिसे पुलिस ने वहीं हिरासत में ले लिया।

## स्पीड न्यूज

### सर्वोच्च न्यायालय के फैसले ने जनतंत्र को बचाया : ओंमकारनाथ



**मेदिनीनगर।** चंडीगढ़ मेयर चुनाव में पुनः मतगणना पर आप के प्रत्याशी की जीत पर सर्वोच्च न्यायालय के फैसला पर पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता ओंकार जायसवाल ने हर्ष व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के फैसला ने जनतंत्र को बचाया। जिस प्रकार भाजपा के इशारों पर आरओ ने चंडीगढ़ मेयर चुनाव में जबरदस्ती आप प्रत्याशी को हराकर भाजपा प्रत्याशी की जीत दर्ज करा दी थी, वह बेहद शर्मनाक था।

### पूर्व सीएम हेमंत की गिरफ्तारी के विरोध में झामुमो का न्याय मार्च



**पाटन पलामू।** झामुमो प्रखंड कमेटी ने अध्यक्ष रंजीत सिंह की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत नावा खास में न्याय मार्च निकाला। मौके पर झामुमो कार्यकर्ताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। झामुमो नेताओं ने कहा कि भाजपा षडयंत्र के तहत पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को गिरफ्तार कर जेल में डाल दिया है। भाजपा के षडयंत्र को झारखंड की जनता जान चुकी है। जनता आगामी लोकसभा व विधानसभा चुनाव में भाजपा को मुंहतोड़ जवाब देगी। मौके पर 20 सूत्री उपाध्यक्ष उमा सिंह रंजन यादव, रूदीडीह पूर्व पंसस अरविंद उराव, रूदीडीह उपमुखिया जॉन अब्राहम समेत कई कार्यकर्ता शामिल थे।

### पेंशनर समाज का नामांकन आज से

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला पेंशनर समाज सदस्यों की बैठक कचहरी परिसर स्थित जिला कार्यालय में हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष झुबल राम व संचालन कुलदीप सिंह चेरो ने किया। बैठक में पेंशनर समाज के द्विवार्षिक चुनाव को लेकर चर्चा की गई। साथ ही सर्वसम्मति से चुनाव की तिथि निर्धारित की गई। नामांकन 21 व 22 फरवरी से होगा।

### परीक्षा केंद्र बना परेशानी का सबब

**मोहम्मदगंज पलामू।** नीलांबर पीतांबर विवि से संबद्ध ए के सिंह कॉलेज हुसैनाबाद में स्नातक में अध्ययनरत मोहम्मदगंज व गढ़वा जिला के कांडी, उंटारी रोड प्रखंड क्षेत्र के छात्र छात्रा 2021-24, 2022-26 जिनका परीक्षा केंद्र इस बार गुलाबचंद्र प्रसाद अग्रवाल सडमा छतरपुर कर दिया गया है। परीक्षार्थी के साथ साथ अभिभावक भी परेशान हो गये हैं। मालूम हो कि छतरपुर से उक्त प्रखंड क्षेत्र की दूरी करीब 60 से 80 किमी है। दूसरे पहर में 2 बजे से 5 बजे शाम तक परीक्षा का समय निर्धारित है। वापस घर लौटने में रात 8 से 9 बज जाता है। ऐसे में यह परीक्षार्थियों के लिए आर्थिक और मानसिक परेशानी का सबब बन गया है।

### ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल के सदस्य प्रशिक्षण शिविर में जरूर भाग लें : बीडीओ

**पाटन पलामू।** बीडीओ अमित झा ने पत्र निर्गत कर पाटन प्रखंड के सभी ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल के सदस्यों को सबकी योजना सबका विकास अभियान अंतर्गत प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने का निर्देश जारी किया है। बीडीओ ने कहा कि ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल का प्रशिक्षण पंचायत सचिवालय किशुनपुर में 19 से 24 फरवरी तक 10 बजे से चार बजे तक आहूत की गयी है। जिसमें प्रत्येक ग्राम पंचायत से आठ सदस्यीय ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल को तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसमें पंचायत के सहजकर्ता दल प्रशिक्षण में अनिवार्य रूप से भाग लेंगे।

### हरिहरगंज-पिपरा में लगा पेंशन शिविर



**हरिहरगंज पलामू।** हरिहरगंज प्रखंड तथा नगर पंचायत क्षेत्र के सभी पंचायत तथा नगर पंचायत के वार्डों में मंगलवार को विशेष शिविर लगा। इसमें मुख्यमंत्री राज्य वृद्धा पेंशन योजना अंतर्गत 50 साल से 59 साल तक के लोगों को पेंशन के लिए आवेदन लिया गया। यह विशेष शिविर तीन दिनों तक प्रखंड के सभी पंचायत में आयोजित होगी। उद्घाटन हरिहरगंज बीडीओ अरविंद बेदिया ने प्रखंड परिसर में किया। कहा कि शिविर के दौरान 50 से 59 साल के लोगों के लिए पेंशन किस प्रकार स्वीकृत किया जायेगा। सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना का सभी लोग लाभ लें। शिविर में नोडल पदाधिकारी सोनू कुमार, कार्यक्रम प्रभारी रंजन मनोज, सिटी मैनेजर नजीबुल्लाह अंसारी, सामुदायिक संगठन कर्ता विचित्रा कुमारी, कंप्यूटर ऑपरेटर राहुल कुमार उपस्थित थे।

### महिला को घर में घुस कर गोली मारने का आरोपी अपराधी गिरफ्तार



**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के नावाहाता मे 16 फरवरी दिन में विशेश्वर गिरी के घर में घुसकर कर 37 वर्षीय मीनाक्षी गोस्वामी पर गोली चालन के मामले में बिहार राज्य के सीतामढ़ी डुमरा थाना क्षेत्र के कोर्ट बाजार जानकी मंदिर रोड वर्तमान पता नावाहाता एलबीएस स्कुल रोड़ निवासी 26 वर्षीय किशन गोस्वामी उर्फ गोलू गोस्वामी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। जबकि दूसरे आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। उक्त बाते शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार ने कही। वे मंगलवार को प्रेस वार्ता आयोजित कर बताया कि आरोपी पूर्व में विशेश्वर गिरी के घर किराये के मकान में रहता था। मकान से हटाये जाने से क्षुब्ध होकर युवक ने महिला को गोली मार कर जख्मी करने की बात स्वीकार किया है। गिरफ्तार आरोपी अपनी पत्नी की हत्या मामले में बिहार में जेल जा चुका है। दिसंबर 23 में जेल से बाहर आया था। जबकि दूसरा आरोपी संतोष कुमार 2005 में एक हत्याकांड मामले में जेल जा चुका है। बताया कि पीड़ित महिला के फर्द ब्यान के आधार पर नवाटोली निवासी संतोष गोस्वामी एवं किशन गोस्वामी उर्फ गोलू गोस्वामी के विरुद्ध मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू किया गया है। बताया कि वरीय पदाधिकारी के निदेशानुसार कार्रवाई करते हुए सोमवार शाम में सद्दीक मंजिल चौक बस स्टैंड से आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ के क्रम में आरोपी ने बताया कि भागने के क्रम में पिस्टल कोयल नदी में फेंक दिया था।

# श्रीराम के आदर्शों को अपनाकर ही राम राज्य आयेगा: गौरी गौरांगनी

- खाटिन पंचमुखी हनुमान मंदिर के वर्षगांठ पर भव्य रामकथा का आयोजन
- कथा श्रवण को लेकर श्रद्धालुओं की उमड़ रही है भीड़

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**छतरपुर पलामू।** छतरपुर नगर क्षेत्र खाटिन स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर के वर्षगांठ के पावन मौके पर भव्य रामकथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा के छठे दिन अंतरराष्ट्रीय महिला कथावाचक गौरी गौरांगनी के मुखारबिंद से श्रद्धालु लाभांवित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि सौभाग्य की बात है कि क्षेत्र में रामकथा का आयोजन कमिटी द्वारा किया गया है। उन्होंने युवाओं से सनातन धर्म और संस्कृति को बचाने की अपील की। मौके पर राम जन्मोत्सव मनाया गया। उन्होंने श्रीराम के भजन गाकर श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। कथा श्रवण के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। उन्होंने कथा के माध्यम से श्रीराम के बाल लीला पर विस्तार से प्रवचन किया। सनातन धर्म के लोगों को माता पिता का सेवा करने समेत कई बिंदुओं को रखा।




**खास बातें :** उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम के आदर्शों को अपनाकर रामराज आ सकता है। उन्होंने कहा कि प्रभु श्रीराम जन्म लेकर माता के गोद में आयें। इसके बाद ऋषि मुनियों व देवताओं ने भगवान के दर्शन को व्याकुल थे। अयोध्या नगरी प्रासंगिक हो गई है। कहा कि अयोध्या में श्रीराम का मंदिर निर्माण से हिंदूओं में हर्ष है। सभी अयोध्या जाकर रामलाल का दर्शन करें। उन्होंने सफल आयोजन के लिए कथा समिति का आभार व्यक्त किया। रामकथा से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो गया है। मौके पर कथा समिति के अध्यक्ष सुनील कुमार, कोषाध्यक्ष चंदन कुमार, संचालनकर्ता जितेंद्र कुमार, पप्पू, दामोदर, अजय, सुबोध सोनी, मनोज गुप्ता, अमरेंद्र मिश्रा, उपेंद्र, पंकज, अरूण कुमार, राणा रंजीत पहाड़ी समेत मंदिर समिति व काफी संख्या में लोग शामिल थे। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि राम कथा का समापन 22 फरवरी को होगा।

### तरहसी प्रखंड के गोगदा में कलश यात्रा में शामिल हुए विधायक

# धार्मिक आयोजन से मिलती है सुख शांति और समृद्धि : डॉ शशिभूषण

- देवीमंडप प्रांगण में चापाकल लगाने की घोषणा की

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**तरहसी पलामू।** तरहसी प्रखंड के ग्राम गोगदा में देवी मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में पांकी विस क्षेत्र के विधायक डा शशिभूषण मेहता शामिल हुए। विधायक ने श्रद्धालुओं को कलश वितरण कर कलश यात्रा का शुभारंभ किया। विधायक डॉ मेहता ने देवी मंडप प्रांगण में चापाकल लगाने की घोषणा किया। कलश शोभायात्रा गांव के देवी मंदिर से निकाली गई, जो बेदानी मोड़, तरहसी बाजार होते हुए अमानत नदी पीरी नदी संगम से श्रद्धालु कलश उठाकर रास्ते पूरे गांव का भ्रमण कर धर्म की जय हो, अधर्म का नाश हो, प्राणियों में सदभावना हो, विश्व का कल्याण हो आदि नारों एवं भक्तिभाव के साथ पुनः श्रद्धालुओं ने देवी मंडप पंहुच कलश को रखा।



**मुख्य बातें :** विधायक ने कहा कि इस तरह के धार्मिक अनुष्ठान होने से क्षेत्र का वातावरण शुद्ध होता है। वहीं भक्ति भाव व पूजा अर्चना और धार्मिक आयोजन से सुख, समृद्धि व शांति मिलती है। उन्होंने पूजा समिति को कार्यक्रम के लिए शुभकामनाएं दी। कहा कि देवी मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा से गोगदा समेत आसपास क्षेत्र के लोगों को पूजा अर्चना में सहूलियत होगी। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की है कि सभी लोग प्रवचन सुन इसका लाभ उठायें। कहा कि भक्ति से शक्ति मिलती है। युवा अपनी शक्ति को बेहतर कार्यों में लगायें। मौके पर देवी मंडप गोगदा प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पूजा समिति के अध्यक्ष उदय बैठा ने बताया कि मुख्य वक्ता पलामू के रघुवंश पांडेय, उत्तर प्रदेश सुल्तानपुर के वंदना रामायणी प्रवचन में भाग लेंगी।

# पीएम ने किया जेएनवी-2 जपला के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन

**26.89 लाख की लागत से 27 एकड़ में बना है परिसर, केंद्रीय शिक्षा मंत्री समेत कई लोगों ने किया संबोधित**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू)।** पीएम मोदी एवं केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ जितेंद्र सिंह एवं जम्मू कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा, पलामू सांसद बिष्णु दयाल राम ने हुसैनाबाद में नवनिर्मित जवाहर नवोदय विद्यालय 2 जपला के नवनिर्मित भवन का वर्चुअल लोकार्पण किया। पीएम ने ऑन लाईन संबोधित भी किया। इस दौरान उपायुक्त शशि रंजन मौजूद थे। पीएम के संबोधन से पूर्व विद्यालय के सहायक प्राचार्य आरपी सिंह व नितिन पाण्डे ने विधिवत पूजा अर्चना की। इसके बाद बच्चों ने उपायुक्त का स्वागत किया। तत्पश्चात उपायुक्त ने शिलापट्ट व फीता काट विद्यालय प्रवेश किया। के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी किया।

- भवन निर्माण से दो गुना बच्चों का होगा नामांकन पीएम नरेन्द्र मोदी
- केंद्रीय शिक्षा मंत्री की प्रेरणा से नवोदय का हो रहा हैं उत्तरोत्तर विकास



**खास बातें :** कार्यक्रम की अध्यक्षता उपायुक्त शशि रंजन ने की संचालन विद्यालय के छात्र आयुष कुमार दुबे, रिया कुमारी, आंचल, नीरज ने किया। मौके पर डीसी ने विद्यालय भवन परिसर आदि का अवलोकन किया।

प्राचार्य अशहर रूमी ने कहा कि पीएम मोदी की प्रेरणा व शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के कुशल मार्गदर्शन से जेएनवी में निरंतर सुधार जारी है। जेएनवी 2 जपला के नवनिर्मित परिसर में दोगुना विद्यार्थियों का नामांकन होगा। इसमें 36 प्रतिशत छात्राओं सहित 198 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। 27.62 एकड़ में फैले नवनिर्मित परिसर में 14 कक्षाएं संचालित होंगी।

**ये रहे मौजूद :** मौके जिला शिक्षा पदाधिकारी मनोज कुमार, छत्तरपुर एसडीओ हीरा लाल, एचएससीएल के जोनल प्रमुख एनएस सरकार, सीनियर प्रोजेक्ट इंजीनियर रामेश्वर पाठक, विधायक प्रतिनिधि अजित सिंह, प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी, उपप्रमुख इंदु देवी, ओएसएस प्रबंधक शिवशंकर प्रसाद, बीस सूत्री अध्यक्ष योगेंद्र सिंह व बिमलेश सिंह, पूर्व नगर अध्यक्ष रामेश्वर राम, अजय प्रसाद गुप्ता, अंजली शर्मा, राणा तब्बसुम, शोभा भट्टाचार्य, सलिनी तिग्गा, अभिषेक सिंह मौजूद थे।

# विधायक ने मनातू-चक को जोड़ने वाली सड़क का किया शिलान्यास

- सड़क निर्माण कार्य से मनातू समेत बिहारवासियों को मिलेगा लाभ : डॉ शशिभूषण मेहता

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पांकी विधायक डा शशिभूषण मेहता ने मनातू, चक में सड़क, पुल-पुलिया निर्माण कार्य का शिलान्यास पूजा अर्चना व नारियल तोड़कर किया। यह निर्माण कार्य पथ निर्माण विभाग से कराया जायेगा। इसकी लागत सात करोड़ 14 लाख के अधिक की राशि से सड़क व 10 पुल पुलिया का निर्माण कराया जायेगा। यह सड़क मनातू प्रखंड ही नहीं बल्कि बिहार के गया जिला के लिए भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। कारण कि इस सड़क व पुल पुलिया के बन जाने से गया जाने वाले लोगों को काफी सहूलित होगी।



**खास बातें :** शिलान्यास समारोह कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि यह कार्य विगत कई वर्षों पूर्व ही होना जाना चाहिए था लेकिन पूर्व के जनप्रतिनिधियों ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। जिस कारण आजादी के बाद से यह मामला लटका हुआ है। मनातू चक समेत पलामू जिलेवासी ही नहीं बल्कि बिहार वासियों को आवागमन करने में कई परेशानियां उत्पन्न हो रही थी। जनहित को ध्यान में देखते हुए इस सड़क निर्माण के लिए पथ निर्माण विभाग को पत्र लिखते हुए विधानसभा में उठाने का काम किया। जिसके फलस्वरूप इस सड़क निर्माण कार्य के लिए स्वीकृति प्रदान की गई। उन्होंने कहा कि इस सड़क निर्माण कार्य में रैयती भूस्वामियों का जो जमीन अधिग्रहण किया जायेगा उसके लिए भी लगभग 43 लाख रूपये आवंटित हो चुका है। भू स्वामी 15 दिनों के अंदर अपने जमीन से संबंधित कागजात को विभाग में जमा करें। उनके बैंक खाते में अधिग्रहण किये गये जमीन की मुआवजा राशि मिल जायेगा। श्री मेहता ने कहा कि सड़क निर्माण कार्य में 10 पुल पुलिया एवं एप्रोच पथ का निर्माण कराया जाना है।

### पाटन : सड़क दुर्घटना में छह वर्षीय बच्ची की मौत



**पाटन पलामू।** प्रखंड के पूर्वी पाटन के जिओ ऑफिस के सामने 6 वर्षीय बच्ची निभा कुमारी की सड़क हादसे में मौत हो गयी। दुर्घटना के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाटन में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान बच्ची को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। स्थानीय लोगों ने बताया कि तेज रफ्तार के कारण सड़क हादसा होते आ रहा है। बच्ची की दुर्घटना एक टेम्पू से घटी है। वह सड़क पार कर रही थी इसी बीच अचानक तेज रफ्तार टेम्पू की चपेट में आने से मौत हो गयी।

### जनकल्याण ट्रस्ट ने परिजन को दी सहायता



**चैनपुर पलामू।** पूर्वडीहा जनकल्याण ट्रस्ट ने शिवरतन पासवान के मरणोपरांत उनके पुत्र मनदीप पासवान को ट्रस्ट की तरफ से आर्थिक मदद की। जिसमें चावल, दाल, गेहूं, आलू, रिफाइंड तेल, हल्दी, सब्जी मसाला शामिल है। केंद्रीय अध्यक्ष अजीत दुबे ने कहा शिवरतन प्काफी गरीब और ईमानदार व्यक्ति थे। ट्रस्ट निरंतर ऐसे लोगों को मदद करता आया है और आगे भी करता रहेगा। ट्रस्ट सामाजिक कार्यों के लिए जाना जाता है। जरूरतमंदों को सहायता करता है। मौके पर ट्रस्ट के केंद्रीय संगठन सचिव नंदलाल दुबे, संयोजक ओमप्रकाश दुबे, केंद्रीय सदस्य संतोष दुबे, मिथिलेश दुबे, अजय तिवारी, केंद्रीय प्रवक्ता उपस्थित थे।

### विश्वकर्मा वैदिक महायज्ञ में भक्तिमय रहा माहौल



**मोहम्मदगंज पलामू।** भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा और शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर प्राचीन गीता मंदिर परिसर में आयोजित 5 दिवसीय विश्वकर्मा वैदिक महायज्ञ मंगलवार की सुबह मंडप प्रवेश पूजा व अरणी मंथन से अग्नि प्रज्वलित के साथ प्रारंभ हो गया। साथ ही मंडप परिक्रमा, प्रसाद वितरण और भंडारा भी शुरू हो गया है। आचार्य पंडित सृष्टिकांत मिश्रा के सान्निध्य में अयोध्या के विद्वान पंडितों के श्रीमुख से वैदिक मंत्रोच्चार से वातावरण भक्तिमय हो गया है। मुख्य यजमान लल्लू विश्वकर्मा, राकेश सिंह, मनीष कुमार, सुदर्शन शर्मा, नयनजी शर्मा और मिंटू शर्मा सपत्नीक वैदिक अनुष्ठान में हैं। इसे सफल बनाने में समिति के मुख्य संरक्षक अरविंद शर्मा, संरक्षक मनोज विश्वकर्मा, अध्यक्ष सुरेंद्र विश्वकर्मा जुटे हुए हैं।

## एससी एसटी एक्ट में विधायक भानु बरी

- न्यायालय ने एससी एसटी एक्ट में विधायक भानु प्रताप शाही को किया बरी, चार लोगों को हुई सजा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** एससी एसटी एक्ट मामले में पलामू कोर्ट ने गढ़वा के भवनाथपुर विधायक भानु प्रताप शाही को बरी कर दिया गया है। जबकि मुकदमे के अन्य धाराओं में चार लोगों को सजा सुनायी गयी है। कुछ महीना पहले भी विधायक भानु प्रताप शाही पलामू कोर्ट में पेश हुए थे। मंगलवार को पलामू कोर्ट में हुई सुनवाई के दौरान विश्वसनीय साक्ष्य नहीं रहने पर बरी कर दिया गया। दरअसल, 2006 में गढ़वा के भवनाथपुर के सेल में तैनात डॉ विजय कुमार ने विधायक भानु समेत कई लोगों के खिलाफ एससी एसटी एक्ट समेत कई धाराओं में एफआईआर करवाया था। उस दौरान सेल के क्वार्टर को लेकर विधायक भानु और डॉ विजय के बीच विवाद हुआ था। इसके बाद डॉ विजय ने विधायक पर जाति सूचक शब्द का इस्तेमाल करने और क्वार्टर से सामान फेंकने का भी आरोप लगा था। पलामू एमपी एमएलए कोर्ट में मंगलवार को सुनवाई को दौरान विधायक को बरी कर दिया, जबकि मनोज पहाड़िया, उपेंद्र, मनोज और भगवत दयाल को छह छह महीने की कारावास की सजा सुनायी गयी।

## खेल में युवा बनायें बेहतर भविष्य

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** खेलों में युवाओं का भविष्य उज्ज्वल है। खिलाड़ियों के भविष्य का पूरा ध्यान रखा गया है। खिलाड़ी निश्चित होकर अपने गांव, जिला, राज्य और देश का नाम विश्व पटल पर रोशन करें। उक्त बातें पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने कहीं। वे मंगलवार को नीलांबर पीतांबरपुर (लेस्लीगंज) प्रखंड के पिपरा खुर्द गांव में आयोजित नॉक आउट क्रिकेट टूर्नामेंट के उद्घाटन समारोह में बोल रहे थे। मैच का आयोजन पिपरा टाइगर क्रिकेट क्लब के द्वारा किया गया है। विधायक ने फीता काटकर और बैटिंग कर मैच का उद्घाटन किया। इसके पूर्व आयोजकों ने विधायक डॉ मेहता को गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। मौके पर विधायक डॉ मेहता ने कहा कि जीवन में आगे बढ़ने के लिए खेल, व्यापार, आईटी, मार्केटिंग सहित अन्य क्षेत्र हैं। जहां हमारे युवा बेहतर करने की क्षमता रखते हैं। खेलों में एक अतिरिक्त अच्छी यह बात है कि आप शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनते हो। खेल के क्षेत्र में आने से युवा वर्ग नशा और अपराध से भी दूर हो जाता है। इसलिए सभी युवाओं को जीवन में एक खेल जरूर खेलना चाहिए।

## मंत्री ने ली राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी की सदस्यता

- कहा सदस्य बनकर पूरे परिवार के लिए करूंगा काम
- विप्र परिवार ने किया मंत्री मिथलेश का जोरदार स्वागत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड सरकार में दूसरी बार मंत्री बनने व उसके बाद पलामू आगमन पर राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी, झारखंड प्रदेश ने उनका भव्य स्वागत किया। प्रदेश कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में सैकड़ों युवा वाहकों ने जय श्री परशुराम के जयकारे व के साथ स्वागत किया। मौके पर फूल माला, अंगवस्त्र, पगड़ीपोशी कर मंत्री श्री ठाकुर को सम्मानित किया गया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी ने विप्र परिवार के शख्सियत को मंत्रिमंडल में शामिल होने पर पलामू प्रमंडल के लिए गौरवान्वित क्षण बताया। साथ ही उन्हें युवा वाहिनी को सदस्यता ग्रहण करायी।



## मिथिलेश ठाकुर का हुआ भव्य स्वागत

**मेदिनीनगर।** पेयजल स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर के मेदिनीनगर पहुंचने पर पलामू झामुमो के कार्यकर्ताओं ने उनका विवेकानंद चौक पर भव्य स्वागत किया। मौके पर पलामू झामुमो अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने उन्हें माला पहनाया और आतिशबाजी की। मंत्री श्री ठाकुर ने स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। श्री ठाकुर ने कहा कि केंद्र के सरकार द्वारा गलत तरीके से षड्यंत्र कर हेमंत सोरेन को फंसाया।

## पहले जेएनवी 2 लाया, अब भवन निर्माण का मार्ग प्रशस्त: कमलेश

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हुसैनाबाद पलामू।** जिले में एक जवाहर नवोदय विद्यालय होता है। पलामू में दूसरा जवाहर नवोदय विद्यालय पिछले कार्यकाल के दौरान खुलवा कर उसमें पठन पाठन कार्य शुरू कराया। उक्त बातें हुसैनाबाद हरिहरगंज विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कही। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा जवाहर नवोदय विद्यालय 2 का उद्घाटन वर्चुअल करने पर उनका आभार जताया है। उन्होंने कहा कि जवाहर नवोदय विद्यालय जपला का भवन निर्माण दस वर्षों तक आधार में लटका रहा। इस कार्यकाल में दिलचस्पी लेकर लंगरकोर्ट में भूमि उपलब्ध करा कर भवन निर्माण में आने वाली बाधाओं को दूर कर निर्माण कार्य को गति देने का काम किया। श्री सिंह ने कहा कि हुसैनाबाद को एक अच्छा स्कूल मिलना काफी खुशी और गर्व की बात है।

# बाइक चोर गिरोह का पर्दाफाश पांच गिरफ्तार, आठ बाइक जब्त

- हुसैनाबाद पुलिस को मिली बड़ी सफलता

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हुसैनाबाद पलामू।** हुसैनाबाद पुलिस ने बाइक चोर गिरोह का पदार्फाश किया है। वही चोर गिरोह का मास्टरमाइंड समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है, साथ ही चोरी की आठ बाइक बरामद की गई है। इस संबंध में हुसैनाबाद पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने बताया की बीते 18फरवरी को नबीनगर थाना क्षेत्र निवासी उपेन्द्र सिंह ने हुसैनाबाद थाना में बाइक चोरी की प्राथमिकी दर्ज कराई थी, बाइक चोरी की मामले को लेकर हुसैनाबाद एसडीपीओ मुकेश कुमार महतो के निर्देश पर पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह के नृतव्व में एक टीम गठित कर बाइक चोरों के खिलाफ अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान चोरी हुई बाइक के साथ सबसे पहले हुसैनाबाद नहर मोड़ निवासी वी रोहित कुमार ऊर्फ लड्डू को दबोचा गया पुलिस द्वारा पूछ ताक्ष में रोहित कुमार के निशानदेही पर चोरी की सात बाइक बरामद की गई, साथ ही संगत मोहल्ला निवासी रामजी दास ऊर्फ गोलू, मोकबरा रोड निवासी अमन कुमार ऊर्फ बटेर, ग्राम टेटा थाना हुसैनाबाद के आदित्य वर्धन सिंह उर्फ सुडू, हैदरनगर थाना क्षेत्र के कुकही केपवन कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एसडीपीओ मुकेश महतो ने बताया कि पूर्व भी रोहित उर्फ लड्डू बाइक चोरी के आरोप में जेल जा चुका है। इस अभियान में एएसआई बीर बहादुर सिंह, बीरेंद्र खाका, हवलदार राजमोहन राम, आरक्षी अमीत तिवारी, अमन चौधरी, लवकुश पासवान, रविकांत कुमार, चौकीदार सैयद मोहम्मद भी थे।

# खेल में भी बेहतर कैरियर बना सकते हैं युवा : विकास दुबे

- उंटारी के मुरमा कलां में स्टार क्रिकेट क्लब के तत्वाधान में क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ समापन, मलवारिया 8 विकेट से विजयी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**उंटारी रोड पलामू।** उंटारी रोड प्रखंड क्षेत्र के मुरमा कलां में मंगलवार को स्टार क्रिकेट क्लब के तत्वाधान में क्रिकेट टूनार्मेंट का फाइनल मुकाबला खेला गया। फाइनल मुकाबला चनोखर व मलवारिया टीम के बीच खेला गया। जिसमें टॉस जितकर मलवारिया के टीम ने फील्डिंग का निर्णय लिया। चनोखर की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित सोलह ओवर में 146 रन बनायी। जवाबी पारी खेलने उतरी मलवारिया की टीम ने बारह ओवर में ही दो विकेट खोकर 147 रन बना कर मैच पर कब्जा जमाया। इससे पूर्व टूर्नामेंट का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि झारखंड विकास पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सह विश्रामपुर विधानसभा प्रत्याशी विकास दूबे ने सर्वप्रथम खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर व बल्लेबाजी कर किया। साथ ही खिलाड़ियों को बधाई देते हेतु उत्साहवर्धन किया।



मुख्य अतिथि श्री दुबे ने कहा कि पढ़ाई के साथ खेल भी जरूरी है। खेल से शारीरिक, मानसिक व बौद्धिक विकास होता है इसलिए खेल को हमेशा आपसी एकता व भाईचारे के साथ खेलनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि युवा खेल में भी अपना कैरियर बना सकते हैं। उन्होंने कमेटी को टूर्नामेंट का सफल आयोजन करने की सराहना की। साथ ही विजेता व उपविजेता टीम के बीच ट्रॉफी का वितरण किया। मौके पर सेवानिवृत डीएसपी नरेंद्र, महेंद्रनाथ दूबे, प्रमुख प्रतिनिधि अरूण कुमार, जयप्रकाश कुमार, अमित कुमार, दयाशंकर विश्वकर्मा, प्रणव कुमार, साकेत कुमार, विजय राम सहित कमिटी के सदस्य व काफी संख्या में खेलप्रेमी मौजूद थे।

# बैंड-बाजा, भक्तिमय संगीत और जयकारों के साथ सूर्य मंदिर समिति ने निकाली भव्य कलश यात्रा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** सूर्यधाम सिदगोड़ा में मां दुर्गा, श्री राधा कृष्ण एवं शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा और मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर स्थापना के चतुर्थ वर्षगांठ पर होने वाले संगीतमय श्रीराम कथा को लेकर मंगलवार को गाजे-बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकली। बागुनहातु डोंगा घाट से सुबह 8 बजे प्रारंभ हुई कलश यात्रा में पांच हजार से अधिक महिलाएं जय श्रीराम का उद्घोष करते हुए शामिल हुई। बैंड-बाजे, भक्तिमय डीजे संगीत एवं झांकी के साथ निकली कलश यात्रा में महिलाएं, बच्चे एवं युवा नाचते-झूमते हुए एक साथ सिदगोड़ा सूर्यधाम पहुंचे। कलश यात्रा के सबसे आगे टैंकर से पूरे रास्ते स्वच्छ एवं निर्मल जल छिड़का गया। कलश यात्रा में श्री राधा-कृष्ण, मां दुर्गा एवं भगवान भोलेनाथ एवं माता पार्वती की सुंदर झांकी आगे-आगे चल रही थी। वहीं, माथे पर तिलक एवं हाथों में भगवा ध्वज लिये सूर्य मंदिर के पुजारी कलश यात्रा का नेतृत्व कर रहे थे।



- यात्रा में पांच हजार से अधिक कलश यात्री महिलाओं के शामिल होने का दावा
- 22 फरवरी को निकलेगी शोभा यात्रा, शामिल होंगे राज्यपाल रघुवर दास

**खास बातें :** इसके पीछे सूर्य मंदिर समिति के संरक्षक चंद्रगुप्त सिंह, अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह समेत सभी पदाधिकारी हाथों में आयोजन से संबंधित बैनर लिए चल रहे थे। कलश यात्रा में श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। इससे पहले, बागुनहातु फुटबॉल मैदान में एकत्रीकरण के पश्चात डोंगा घाट से कलश में जल भरा गया, जहां पुरोहितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार से संकल्प के पश्चात कलश शोभा यात्रा बागुनहातु से होते हुए सूर्यमंदिर परिसर पहुँची। सूर्य मंदिर परिसर में बने पंच कुंडीय यज्ञशाला के चारों ओर कलशों को स्थापित किया गया। श्रद्धालुओं ने यज्ञशाला के चारों ओर परिक्रमा भी की। कलश स्थापना के पश्चात वेदचार्यों ने प्राण प्रतिष्ठा के निमित्त पश्चांगपुजन किया। जिसमें पांच यजमानों ने सपत्नीक भाग लिया। इसके उपरांत सभी श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। कल बुधवार को बेदी पूजन अग्गण्यूतारण एवं अधिवासन अनुष्ठान सम्पन्न होगा। सूर्यधाम से 22 फरवरी को भव्य शोभा यात्रा निकाली जायेगी जिसमें ओडिसा के राज्यपाल रघुवर दास शामिल होंगे। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए राज्यपाल आज देर शाम भुवनेश्वर से जमशेदपुर पहुंच गये। 23 फरवरी से श्रीराम कथा का शुभारंभ होगा।

## स्पीड न्यूज

### 14 थानों में एसएसपी ने तैनात किये नये थानेदार

**जमशेदपुर।** सीनियर एसपी किशोर कौशल ने 14 थानों में नए थानेदार की पोस्टिंग की है। सभी थानेदारों से कहा गया है कि वे तत्काल प्रभाव से अपना प्रभार ग्रहण कर लें। सभी थानेदार इसके पहले तक गोलमुरी पुलिस लाइन में योगदान दे रहे थे। नेमधारी रजक को बिरसानगर का नया थानेदार बनाया गया है जबकि अमित कुमार को उलीडीह का और प्रकाश कुमार रजक को गोविंदपुर का थानेदार बनाया गया है।

### रामलाल महतो की प्रतिमा पर जितेंद्र सिंह ने किया माल्यार्पण

**जमशेदपुर।** बोडाम प्रखंड में स्वर्गीय राम लाल महतो के शहीद स्थल पर पहुंचकर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उनके स्मृति में क्षेत्र के लोगों ने नारे लगाते हुए उनके विचारों को बताया गया। भारत जोड़ो यात्री अमरजीत नाथ मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह, जिला महामंत्री उदय सिंह, जिला महामंत्री किशन लाल महतो, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष बलराम महतो, वरिष्ठ नेता अरुण गोप, चितरंजन महतो, बलराम महतो, अंबुज महतो, बाद्यनाथ मार्डी, तपन कोडामुदी, सुभाष महतो आदि उपस्थित रहे।

### नांदुप ग्राम में मागे परब और जोहार नाइट को लेकर हुई तैयारी बैठक

**जमशेदपुर।** मंगलवार को संध्या 3 बजे में आदिवासी हो समाज पूर्वी सिंहभूम गोलमुरी भवन में नांदुप ग्राम में मागे पोरोब और जोहार नाईट आयोजन का तैयारी बैठकी आदिवासी हो समाज महासभा और आदिवासी हो समाज युवा महासभा की ओर से किया गया। बैठक की अध्यक्षता हो समाज महासभा पूर्वी सिंहभूम के अध्यक्ष श्री रायमुल बांडरा के द्वारा किया गया।

### गोलमुरी में खुला आजसू कार्यालय

**जमशेदपुर।** मंगलवार को संध्या 6 बजे गोलमुरी में आजसू पार्टी का कार्यालय का विधिवत उद्घाटन आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सह पार्टी सुप्रीमो श्री सुदेश कुमार महतो के हाथों सम्पन्न हुआ। उक्त अवसर पर सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो ने कहा कि कार्यालय का खुलने से क्षेत्र की जनसमस्याओं का निराकरण होगा और संगठन विस्तार को साथ साथ मजबूती प्रदान होगा।

### डीसी अनन्य मित्तल का किया गया अभिनंदन

**जमशेदपुर।** भारत स्काउट एंड गाइड पूर्वी सिंहभूम जिला मुख्यालय की ओर से एक प्रतिनिधिमंडल उपायुक्त कार्यालय पूर्वी सिंहभूम पहुंचकर नवनियुक्त डीसी अनन्य मित्तल से शिष्टाचार मुलाकात की। मौके पर प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों ने जिला उपायुक्त को सम्मान स्वरूप स्काउट गाइड का प्रतीक चिह्न स्कार्फ पहनाकर एवं पुष्प कुछ देकर अभिनंदन किया।

### मानगो के शीतला मंदिर में अनुष्ठान कार्य प्रारंभ

**जमशेदपुर।** मानगो के नया सुभाष कॉलोनी स्थित श्री श्री शीतला माता मंदिर के 24 वें स्थापना दिवस के अवसर पर मंदिर प्रांगण में 72 घंटे का हरे रामा हरे कृष्णा नाम के अनुष्ठान का शुभारंभ हुआ। अनुष्ठान के पूर्व मंदिर कमेटी से जुड़ी हुई हजारों महिलाओं ने पैदल कलश लेकर जल लाने गाजे बाजे एवं बोल बम के नारों के साथ स्वर्णरेखा नदी के तट पर पहुंची। स्वर्ण रेखा नदी तट पर पूरे विधि विधान से कलश में जल भर संकल्प कराया।

# ईमानदारी से दायित्व निर्वहन कर रहीं सभी सहिया बहनें: सरयू राय

## सहिया सम्मेलन में जिले की सभी प्रखंडों की पांच बेस्ट सहिया सम्मानित

- फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम एवं मतदाता जागरूकता में सहयोग करें दीदी : डीसी

खबर मन्त्र ब्यूरो



सहिया सम्मेलन को संबोधित करते विधायक सरयू राय और फूल की पंखुड़ियां बिखेरतीं सहिया बहनें।

**जमशेदपुर।** टाउन हॉल सिदगोड़ा में मंगलवार को जिला स्तरीय सहिया सम्मेलन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक जमशेदपुर पूर्वी सरयू राय शामिल हुए। मौके पर डीसी अनन्य मित्तल, जिला परिषद अध्यक्ष बारी मुर्मू एवं उपाध्यक्ष पंकज सिन्हा, डीडीसी मनीष कुमार, सिविल सर्जन डॉ जुझार माझी, एडीसी रोहित सिन्हा समेत जिला प्रशासन के अन्य पदाधिकारी, टाटा स्टील फाउंडेशन के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

कोरोनाकाल के दौरान विषम परिस्थितियों में ग्राम-पंचायत तक वैक्सीनेशन कार्यक्रम का सफलतापूर्वक क्रियान्वयन हो या स्वास्थ्य विभाग के अन्य इंडिकेटर में जिले को राज्य में अग्रणी स्थान पर रखना। इस कार्यक्रम के माध्यम से सभी सहिया के योगदान को अतिथियों ने रेखांकित किया तथा उनके कार्यों की प्रशंसा की गयी। सहिया सम्मेलन में पूरे जिले की स्वास्थ्य सहिया शामिल हुईं।

विधायक सरयू राय ने कहा कि विवाहित महिला, गर्भवती महिला, किशोरी एवं शिशु की स्वास्थ्य समस्याओं को विभाग से जोड़ने की सहियाएं मुख्य कड़ी हैं। अपने गांव क्षेत्र में किसी तरह की स्वास्थ्य समस्याओं की जानकारी देना सहिया की जिम्मेवारी रही है जिसका निर्वाहन सभी साहियाओं ने बखूबी निभाया है। जिला के साहियाओं द्वारा किए गए कार्य विश्व पटल पर अपना असर दिखाते हैं और स्वास्थ संबंधित आंकड़े में व्यापक सुधार लाते हैं। सहिया दीदी द्वारा किए गए कार्य से जिला का मानव बल स्वस्थ रहा है जिससे यहां पर किए गए विकास कार्यों की प्रगति में अप्रत्यक्ष तौर पर सहयोग मिला है। आगे भी सभी सहिया दीदी के लिए संरचना के रूप में और सुविधा के रूप में सहयोग दिया जायेगा।

उन्होंने जिला प्रशासन और साहियाओं के बीच स्थापित समन्वय की तारीफ की और आगे भी इसे बरकरार रखने की बात कही। उपायुक्त अनन्य मित्तल ने उपस्थित सभी सहियाओं से कहा कि आपके योगदान से समाज स्वस्थ रहता है और आने वाली पीढ़ी भी आपके निरंतर प्रयास से ही स्वस्थ रहेगी। गांव में गर्भवती महिलाओं की नियमित जांच तथा गर्भावस्था के दौरान खान-पान एवं सावधानियां के प्रति जागरूक करना तथा संस्थागत प्रसव के लिए उन्हें प्रेरित करना है।

### रोटरी दलमा और साकची गुरुद्वारा का फिजियोथेरेपी कैंप 25 से

**जमशेदपुर।** शहरवासियों को कई प्रकार के जोड़ों के दर्द से राहत दिलाने के उद्देश्य से रोटरी क्लब ऑफ जमशेदपुर दलमा और गुरुद्वारा प्रबंधक कमिटी, साकची के संयुक्त तत्वावधान में चार दिवसीय 'फिजियोथेरेपी कैम्प' का आयोजन किया जायेगा। क्लब की अध्यक्ष सास्वती घोष ने बताया कि उक्त फिजियोथेरेपी कैम्प का शुभारंभ 25 फरवरी को साकची गुरुद्वारा परिसर स्थित गोविंद भवन में होगा और 28 फरवरी तक चलेगा। इस क्रम में आयोजन स्थल में रोटरी क्लब के सदस्यों ने लोगों को जागरूक करने के लिए पोस्टर लांच की। लॉन्चिंग के दौरान क्लब की अध्यक्ष सास्वती घोष, सचिव मनीष चौधरी, कोषाध्यक्ष विशाल तेहरान, संयुक्त सचिव सुचिष्मिता चक्रवर्ती सहित हरविन्दर सिंह, रमनदीप सिंह सिद्धू व सतवीर सिंह मौजूद थे। सास्वती ने बताया कि उपरोक्त चारों दिन रोजाना पूर्वान्ह 10 से अपरान्ह 1 बजे तक और अपरान्ह 4 से संध्या 7 बजे तक कोई भी व्यक्ति यहां आकर शिविर का लाभ उठा सकते हैं।

## एक नजर में

### टाटा मोटर्स यूनियन के अध्यक्ष और महासचिव का मजदूरों ने किया अभिनंदन



**जमशेदपुर।** टाटा मोटर्स लिमिटेड के जमशेदपुर प्लांट 1 चेचिस असेंबली लाइन वन में मंगलवार को अध्यक्ष गुरमीत सिंह और महामंत्री आर के सिंह का कर्मचारी भाइयों ने अभिनंदन किया। एके शर्मा का ब्रेन हेमरेज के समय उनको यूनियन द्वारा चार लाख की राशि प्रदान कराई गई थी। जब वह अस्थाई थे यह असंभव काम को संभव करने के लिए यूनियन के अध्यक्ष और महामंत्री को आज असेंबली लाइन वन में मजदूरों द्वारा अभिनंदन किया गया।

### विश्वकर्मा समाज के संस्थापक सदस्य सूर्यदेव शर्मा का निधन



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर विश्वकर्मा समाज के संस्थापक सदस्य सूर्यदेव शर्मा का देहांत टी एम एच में ईलाज के दौरान हो गया। काफी दिनों से वे बीमार थे। ये समाज के लिए समर्पित रहे और खुद के चिंता किए बगैर समाज के विकास में अपना जीवन लगा दिए। इनके इस समर्पण भाव को देख तत्कालीन जमशेदपुर विश्वकर्मा समाज के केंद्रीय कमेटी ने उनके पार्थिव शरीर को जमशेदपुर विश्वकर्मा समाज सांस्कृतिक भवन में लाकर श्रद्धांजलि अर्पित किया। मौके पर समाज के पूर्व पदाधिकारी, वर्तमान पदाधिकारी, क्षेत्रीय पदाधिकारियों के साथ महिला कमिटी, युवा कमेटी एवं सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित होकर इन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि देकर अंतिम यात्रा में शामिल हुए।

### हेमंत सोरेन की रिहाई के लिए की गयी पूजा अर्चना



**जमशेदपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जेल से रिहाई के लिए मंगलवार को जमशेदपुर प्रखंड अंतर्गत आदिम जाहेरथान सरजमदा में पारंपरिक विधि-विधान से आदिवासी समाज के लोगों द्वारा पूजा अर्चना की गई जिसमें विधायक मंगल कालिंदी भी शामिल हुए। मौके पर विधायक मंगल कालिंदी ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को साजिश के तहत फंसाया गया है। वह राज्य के लिए अच्छा काम कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री के रिहाई के लिए पूजा अर्चना की गई है। आने वाले चुनाव में भाजपा को इसका जवाब झारखंड की जनता देगी। वहीं दूसरी और आज जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने सारजमदा के दक्षिणी पंचायत ग्राम छोलागोड़ा पहुंचकर स्थानीय ग्रामीणों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं से भी अवगत हुए। इस दौरान ग्रामीणों ने जाहेर गाड़ चारदीवारी एवं सुंदरीकरण कराने और आदिवासी सांस्कृतिक कला केंद्र भवन निर्माण करवाने के संबंध में कल्याण मंत्री दीपक बिरुवा के नाम एक ज्ञापन विधायक को सौंपा।

### ब्लड डोनेशन को ऐतिहासिक बनायें टाटा के कर्मी : आरके

**जमशेदपुर।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सुबह 10 बजे टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन कार्यालय में 3 मार्च को होने वाले मास ब्लड डोनेशन को लेकर मीटिंग की गयी। मीटिंग में अध्यक्ष गुरमीत सिंह, महामंत्री आर के सिंह, जमशेदपुर ब्लड बैंक के जी एम संजय चौधरी, आफिस बेयरर, कमिटी मेम्बर, आर के सिंह फैन्स क्लब और टाटा मोटर्स के सभी ब्लड को-ऑर्डिनेटर उपस्थित हुए। मीटिंग की अध्यक्षता गुरमीत सिंह ने की। महामंत्री आर के सिंह ने मास ब्लड डोनेशन के विषय पर सभी लोगों को संबोधित किया और आशा व्यक्त की कि टाटा साहब के प्रति जमशेदपुर के लोगों की ऐसी आस्था है कि ब्लड डोनेशन के नए कृतिमान स्थापित होंगे।

# अपना माई के भाषा दोहराई जा सबे भोजपुरिये में बोली बतिआई जा सबे

खबर मन्त्र ब्यूरो

- भोजपुरिया बेयार का बसंतोत्सव कार्यक्रम संपन्न

**जमशेदपुर।** भोजपुरिया बेयार के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश कुमार के नेतृत्व में बर्मामाइंस में बसंतोत्सव मना। कार्यक्रम में अबीर का टीका लगाकर आगंतुकों का स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि विधायक सरयू राय ने मंगल पांडेय एवं वीर कुंवर सिंह के चित्र पर माल्यार्पण किया। संचालन यमुना तिवारी व्यथित ने किया। शहर के कवियों व कवित्रियों ने ऋतुराज बसंत, रंगों का त्योहार होली, राष्ट्र भक्ति, खेत-खलिहान एवं भारतीय संस्कृति पर आधारित भावपूर्ण कविताओं की प्रस्तुति से वातावरण में मस्ती घोल दी। भोजपुरी में कवियों के प्रस्तुति पर खूब तालियां बजी।



कार्यक्रम में न सिर्फ कविताएं पढ़ी गई बल्कि फगुआ के सुंदर गीत प्रस्तुति से वातावरण मदहोश हो उठा। सोनी सुगंधा की प्रस्तुति अपना माई के भाषा दोहराई जा सबे, भोजपुरिए में बोली बतिआई जा सबे से खूब तालियां बटोरी।

# झामुमो के डीएनए में डेवलपमेंट नाम की कोई चीज नहीं है : सुदेश महतो

खबर मन्त्र प्रतिनिधि

**चांडिल।** चांडिल डैम रिसोर्ट में आजसू पार्टी के मिलन समारोह मनाया गया। मौके सुदेश कुमार महतो ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार ने झारखंड के स्वाभिमान को धक्का दिया है।

कहा कि डेवलपमेंट का काम होने पर गांव में सरकार की उपलब्धि झलकती है। राज्य में स्थानीय नीति, नियोजन नीति,




चांडिल डैम रिसोर्ट में समारोह को संबोधित करते आजसू सुप्रीमो।

विस्थापन नीति लागू नहीं हुआ। अब अबुआ आवास योजना लाया है, जिसमें जनता से रुपए लेकर योजना का लाभ दिया जा रहा है और जरूरतमंद लोग प्रतिदिन कार्यालयों के चक्कर काट रहे हैं। झामुमो पर खींझ उतारते हुए सुदेश महतो ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा के डीएनए में डेवलपमेंट नाम की कोई चीज नहीं है। उन्होंने स्थानीय आजसू नेता हरेलाल की चर्चा करते हुए कहा कि वे आजसू के नीति सिद्धांत का पालन कर रहे हैं। 15 साल से आजसू पार्टी ईंचागढ़ में मेहनत कर रही हैं। लोग राजनीति को व्यवसाय बनाते हैं लेकिन हरेलाल ने अपने व्यवसाय को छोड़ राजनीति में आये हैं।

### धर्म और मर्यादा के पालन में युवा पीढ़ी को संस्कार की सीख जरूरी : विवेक

**जमशेदपुर।** भुइयाडीह स्लैग रोड़ स्थित नीतिबाग कॉलोनी में चल रहे सात दिवसीय भागवत कथा के चौथे दिन मंगलवार को कथावाचक आचार्य बालव्यास पंडित विवेक महाराज ने भगवान श्रीराम व श्रीकृष्ण के जन्म का मनोरम वर्णन किया गया। कथा के दौरान मंगलवार को भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया। कृष्ण जन्म के प्रसंग शुरू होते ही पंडाल में मौजूद श्रद्धालु नंद के घर आनंद भया जय कन्हैया लाल की भजनों के साथ झूम उठे।

# साकची बाजार शिव मंदिर में धूमधाम से मना 35वां श्याम महोत्सव

- श्याम रंग में रंगा साकची
- 1301 निशान के साथ निकली शोभा यात्रा में झूमते रहे श्रद्धालु

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** श्री श्री साकची शिव मंदिर एवं श्री श्याम परिवार का 35वां श्री श्री श्याम महोत्सव मंगलवार को धूमधाम से मनाया गया. महोत्सव को लेकर पूरे मंदिर परिसर समेत श्याम बाबा का विशाल दरबार पुष्पों से सजाया गया था। 1301 निशान यात्रा का शुभारंभ साकची शिव मंदिर में पूजा अर्चना के बाद बाबा के जयकारे से हुई, जो साकची बाजार डालडा लाईन, पलंग मार्केट चौक, साकची बिरसा मुंडा चौक से स्टेट माइल रोड़ से काशीडीह होते हुए वापस मंदिर पहुंच कर बाबा श्याम को निशान अर्पित करने के साथ संपन्न हुई। शोभा यात्रा के दौरान जय श्री श्याम, शीश के दानी, हारे का सहारा के जयघोष पूरा मार्ग गूंजता रहा। निशान यात्रा के दौरान मार्ग में स्थानीय कलाकार महावीर अग्रवाल द्वारा डोरी खींच के राखिजे यो है बाबा को निशान. पैदल चालनिये के सागे चाले बाबा श्याम... जैसे शानदार भजनो की प्रस्तुति दी। शोभा यात्रा में सबसे आगे बैडबाजा समेत एक वाहन पर सजा बाबा श्याम का दरबार एवं दो घुड़सवार के साथ बाबा श्याम और हनुमान जी का बड़ा ध्वजा लिये भक्त चल रहे थे। इस यात्रा में राधा-कृष्ण और हनुमान जी का रूप धारण किये कलाकारों द्वारा नृत्य भी किया गया। शोभा यात्रा में सैकड़ों महिलाएं एवं युवा एक ही परिधान परिधान में शामिल थे। साथ ही दर्जनों भक्त निशान यात्रा के आगे साफ-सफाई कर श्रद्धालुओं की सेवा कर रहे थे।



**ध्वजा और ज्योत पूजन की गयी :** मंदिर परिसर में सुबह 11 बजे ध्वजा पूजन यजमान अंजू-नरेश सिंघानिया, अंजना-मनोज अग्रवाल एवं कमलेश अग्रवाल सपत्नी ने किया। संध्या 8.30 बजे अखंड ज्योत की पूजा मुख्य यजमान राम कृष्ण चौधरी ने सपरिवार की। पूजा विधिवत रूप से विपीन झा और रामजी पारिक तके नेतृत्व में पांच पंडितों द्वारा करायी गयी और सभी भक्तों को रक्षा सूत्र बांधा गया। महोत्सव के दौरान साकची शिव मंदिर श्याम के रंग में रंगा और पूरा महौल भक्तिमय हो गया था।


## हजारीबाग नगर निगम, हजारीबाग

### आम सूचना

(1) **Regarding Holding Tax**

नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत अवस्थित सभी भवन मालिकों को सूचित किया जाता है कि वित्तिय वर्ष 2023–24 के बकाया होल्डिंग टैक्स का भुगतान निश्चित रूप से निगम द्वारा प्राधिकृत ऐजेन्सी मेसर्स रितिका प्रिन्टेक प्रा०लि० शाखा जुलु पार्क में जमा करना सुनिश्चित करें एवं जिन भवन मालिकों के द्वारा अबतक अपने भवनों का स्वकर निर्धारण प्रपत्र नही किया गया वो अपने भवनों का स्वकर निर्धारण प्रपत्र भरकर जमा करना सुनिश्चित करें। बकाया होल्डिंग टैक्स की राशि का भुगतान नही करने वालो एवं अपने भवनों का स्वकर निर्धारण प्रपत्र भरकर कार्यालय में जमा नहीं करने वालो के विरूद्ध झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम 2011 की धारा 184 के उपधाराओं के अंतर्गत अपके विरूद्ध कार्यवाई प्रारंभ की जाएगी जिसके लिए आप सभी स्वयं जिम्मेवार होंगें।

(2) **Regarding Trade License**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम 2011 की धारा 455 के तहत् हजारीबाग नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत स्थित सभी व्यवसायिक प्रतिष्ठानो को ट्रेड लाइसेंस लेना अनिवार्य है। बिना ट्रेड लाईसेंस के व्यवसाय करने वालो के विरूद्ध नगर निगम द्वारा झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम की धारा 600,466 एवं 187 के तहत् कारंवाई की जाएगी तथा वैसे ट्रेड धारक जिनके लाईसेंस की वैधता समाप्त (Expired) हो गयी है वे अपना लाईसेंस नवीनीकरण (Renewal) करना सुनिश्चित करें।

(2) **Regarding Water Connection**

वैसे जल संयोजक धारी जिसके द्वारा अपने जल शुल्क का भुगतान अबतक निगम कार्यालय में नही किया गया है एवं अवैध रूप से जल संयोजन लिया गया है वैसे जल संयोजन धारियों को सूचित किया जाता है कि अपने जल संयोजन का बकाया भुगतान करते हुए अपने जल संयोजन को वैध/नियमितिकरण करना सुनिश्चित करें अन्यथा झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम 2011 की धारा 215 एवं 600 के तहत् कार्रवाई की जाएगी।

प्रशासक–सह–नगर आयुक्त
नगर निगम हजारीबाग।

PR.NO.319709 Urban Development and Housing(23-24):D

## कार्यालय जिला परिषद, पलामू

Email:- zilaparishad.palamu@gmail.com

### अतिअल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना

ई– संख्या– DOPR/CEO/ZP/Palamu 11/2023-24

1 विज्ञापन दाता का नाम :– उप विकास आयुक्त–सह– मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, पलामू।
2 Website पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– दिनांक 22.02.2024 (पूर्वाह्न 10:00 बजे)
3 ई–निविदा प्राप्त करने की तिथि :– दिनांक 22.02.2024 (पूर्वाह्न 10:00 बजे) से दिनांक 29.02.2024 (अपराह्न 5:00 बजे तक)
4 निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 01.03.2024 (पूर्वाह्न 11:00 बजे)
5 निविदा खोलने का स्थान :– कार्यालय जिला परिषद, पलामू।
6 कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| क्र0 | प्रखण्ड | पंचायत | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | एन0आई0टी0 रेफरेंस सं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | विश्रामपुर | गुरी | पंचायत भवन गुरी का निर्माण कार्य। | 9989000.00 | 200000.00 | 10000.00 | 12 माह | 01/2023-24 CEO/ZP/PALAMU |
| 2 | हरिहरगंज | सेमरवार | पंचायत भवन सेमरवार का निर्माण कार्य। | 9989000.00 | 200000.00 | 10000.00 | 12 माह | 02/2023-24 CEO/ZP/PALAMU |
| 3 | हरिहरगंज | तुरी | पंचायत भवन तुरी का निर्माण कार्य। | 9989000.00 | 200000.00 | 10000.00 | 12 माह | 03/2023-24 CEO/ZP/PALAMU |
| 4 | पाटन | नौडीहा | पंचायत भवन नौडीहा का निर्माण कार्य। | 9989000.00 | 200000.00 | 10000.00 | 12 माह | 04/2023-24 CEO/ZP/PALAMU |
| 5 | नौडीहा बाजार | लक्ष्मीपुर | पंचायत भवन लक्ष्मीपुर का निर्माण कार्य। | 9989000.00 | 200000.00 | 10000.00 | 12 माह | 05/2023-24 CEO/ZP/PALAMU |
| 6 | हुसैनाबाद | लोटनिया | पंचायत भवन लोटनिया का निर्माण कार्य। | 9989000.00 | 200000.00 | 10000.00 | 12 माह | 06/2023-24 CEO/ZP/PALAMU |
| 7 | हुसैनाबाद | महुअरी | पंचायत भवन महुअरी का निर्माण कार्य। | 9989000.00 | 200000.00 | 10000.00 | 12 माह | 07/2023-24 CEO/ZP/PALAMU |
| 8 | उँटारी रोड | लहरबंजारी | पंचायत भवन लहरबंजारी का निर्माण कार्य। | 9989000.00 | 200000.00 | 10000.00 | 12 माह | 08/2023-24 CEO/ZP/PALAMU |
| 9 | तरहसी | तरहसी | पंचायत भवन तरहसी का निर्माण कार्य। | 9989000.00 | 200000.00 | 10000.00 | 12 माह | 09/2023-24 CEO/ZP/PALAMU |

नोट–
1. केवल ई–निविदा ही स्वीकार होंगे।
2. निविदा डबल बीड पद्धति से होगी।
3. जिला परिषद, पलामू में द्वितीय अथवा उससे उच्चतर श्रेणी में निबंधित संवेदक ही निविदा में भाग ले सकेंगे।
4. परिमाण विपत्र की राशि घट बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही निविदादाता की होगी।

**निविदा की तकनिकी एवं सामान्य शर्तें www.palamu.nic.in एवं कार्यालय जिला परिषद, पलामू के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है। वितृत जानकारी के लिए Website- www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।**

ह0/–
उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी
जिला परिषद, पलामू।

PR 319695 District (23-24)_D

# श्वेत समृद्धि की ओर

**ऐसे** वक्त में जब पंजाब में किसान आंदोलनकारी सभी फसलों के लिये न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी की मांग को लेकर आंदोलनरत हैं, हिमाचल सरकार ने राज्य के दुग्ध उत्पादकों को बिना मांगे एमएसपी की सुविधा प्रदान कर दी है। निस्संदेह, राज्य सरकार की यह अनुकरणीय पहल है। दूध को एमएसपी के दायरे में लाने वाला हिमाचल देश का पहला राज्य है। दरअसल, देश-प्रदेश में दुग्ध उत्पादकों का कोई संगठित समूह न होने के कारण उनकी मांगों व जरूरतों को गंभीरता से नहीं लिया गया है। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने राज्य के वित्त वर्ष 2024-25 का बजट पेश करते समय यह घोषणा की। बजट में उन्होंने घोषणा की कि राज्य में गाय के दूध के दाम में सात रुपये की वृद्धि करके उसका न्यूनतम दाम 45 रुपये प्रति लीटर किया गया है। वहीं भैंस के दूध के दाम में 17 रुपये की वृद्धि करके न्यूनतम दाम 55 रुपये प्रति लीटर तय किया गया है। निश्चित रूप से राज्य सरकार के इस कदम से दुग्ध उत्पादकों को संबल मिलेगा और उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। इसके अलावा सुक्खू सरकार ने घोषणा की कि राज्य में दुग्ध सहकारी समितियों की देनदारियों को भी माफ कर दिया जायेगा। यह कदम सहकारी आंदोलन से जुड़े दुग्ध उत्पादकों के लिये यह राहतकारी कदम होगा। राज्य सरकार ने घोषणा की कि दुग्ध खरीद तथा प्रसंस्करण ढांचे को मजबूत करने के लिए डेढ़ सौ करोड़ रुपये खर्च किये जायेंगे। इसके साथ ही राज्य सरकार ने पशुपालन करने वाले किसानों को संबल देने के लिये प्राकृतिक खेती योजना की भी घोषणा की। यह प्रयास डेयरी उद्योग से जुड़े किसानों को अतिरिक्त आय का जरिया उपलब्ध करायेगा। केंद्र सरकार द्वारा पिछले वर्ष की गयी घोषणा के अनुसार भारत दुनिया में सबसे बड़ा दुग्ध उत्पादक बन गया है। ऐसे में सवाल उठता रहा है कि आखिर इतने बड़े उत्पादन के बावजूद दुग्ध उत्पादकों की आर्थिक स्थिति में सुधार क्यों नहीं हो रहा है। केंद्रीय डेयरी मंत्री द्वारा संसद में दिये गए बयान के अनुसार 2021-22 में वैश्विक दुग्ध उत्पादन में 24 फीसदी का योगदान देने वाला भारत दुनिया का सबसे बड़े दुग्ध उत्पादक बन गया है। डेयरी मंत्री का दावा था कि पशुपालन और डेयरी विभाग डेयरी क्षेत्र में आर्थिक रूप से कमजोर किसानों को लाभ देने के लिये कई योजनाएं चला रहा है। जिसमें दूध की गुणवत्ता को बढ़ावा देना, संगठित खरीद, प्रसंस्करण, मूल्यवर्धन और विपणन में उत्पादकों की हिस्सेदारी बढ़ाना है। उल्लेखनीय है कि 2021 में एनपीडीडी का पुनर्गठन गहन डेयरी विकास कार्यक्रम, गुणवत्ता और स्वच्छ दूध उत्पादन के लिये बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के उद्देश्य से किया गया था। जिसमें सहकारी समितियों की भी सक्रिय भागीदारी होगी।

# ऋषि का प्रभाव



## धर्म-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी सरस्वती**

**रानी** भय से कांप रही थी। मुनि बोले हे रानी। भय त्याग कर बोलो, यह घटना कैसे घटित हो हुई। तब रानी बोली हे महामुनि संसार में सब लोग अपने लिये उत्तम वस्तु चाहते हैं। अतः सत्यवती के लिये जो चरु आप तैयार किये उसमें अवश्य कोई विशेषता होगी यह विचारकर मैंने चरु की अदला-बदली कर ली। यह सुनकर ऋषि बोले तुमने यह क्या किया?तुमलोग क्षत्रिय हो। इसलिये मैं तुम्हारे लिये क्षत्रिय गुण से संपन्न क्षात्रतेज वाले पुत्र का संकल्प किया था और हमलोग ब्राह्यमण हैं इसलिये ऐसे पुत्र का संकल्प किया था कि जिसमें ब्राह्यमणोचित तेज हो, सात्विक हो और बेदों की सर्वोच्च ऋचा की रचना करेगा। अतः हे सत्यवती तुम्हारे गर्भ से युद्धोन्मादक हिंसक पुत्र उत्पन्न होगा और रानी ब्राह्यणचित तेज संपन्न पुत्र की माता होगी। जो वेदों के सर्वोच्च ऋचाओं की रचना करेगा। इतना सुनकर सत्यवती बोली कि नहीं मुझे यद्धोन्मादक पुत्र नहीं चाहिए। मुझे वहीं पुत्र चाहिए जिसके लिए आप संकल्प करके चरु तैयार किये थे। ऋषि बोले जो होना था वह हो गया। अब मैं शास्त्र के विरूद्ध उलट-फेर कैसे कर सकता हूं। तब वह ऋषि का चरण पकड़ बोली- आप कुछ भी करने में समर्थ हैं। अतः आप मेरे लिये ऐसा किजीण कि मरे गर्भ से क्षत्रीयगुण संपन्न हिंसक पुत्र की उत्पति न हो। मुनि बोले- तुम्हारी प्रार्थना से इतना ही कर सकता हूं कि तुम्हारा क्षत्रीयोचित गुण से संपन्न युद्ध उन्मादक नहीं होगा।

**(ब्रह्य विद्यालय सह आश्रम)**

## कॉर्टून वर्ल्ड




## लेटर टू एडिटर

### अतार्किक विरोध

**अडानी** मामले में विपक्ष राजनीतिक वजह से सरकार पर आक्रामक रहा और उसने सुप्रीम कोर्ट तक इस मामले को घसीटा! सुप्रीम कोर्ट ने जो फैसला दिया है वह हमारी न्याय व्यवस्था का विश्वसनीय पहलू है। अब तो हर बात को सीधे सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देने की एक परंपरा-सी बना ली गई है! इस मनोवृत्ति के चलते कई अन्य महत्वपूर्ण मामले पीछे रह जाते हैं। **-शिवम, कोडरमा**

### गरीब के हक में हो

**तेजी** से बढ़ती देश की अर्थव्यवस्था 2027 तक विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगी। विदेशी मुद्रा भंडार से, सेंसेक्स में उछाल भी उत्साह वर्धक है लेकिन इसके बावजूद भी देश की आबादी का एक बड़ा भाग स्वास्थ्य, भोजन का खर्च उठाने में असमर्थ है। देश में 53 प्रतिशत महिलाएं एनीमिया का शिकार हैं। विश्व में जितने लोग कुपोषण का शिकार हैं। **- रवि, रांची**

# लोकनीति लोभसंग्रह नहीं, बल्कि लोकसंग्रह है

**स्मृति शेष**





**नरेंद्र मोदी**
**प्रधानमंत्री**

> शिक्षा का क्षेत्र उनके हृदय के बहुत करीब रहा है। बचपन में सामान्य विद्याधर से लेकर आचार्य विद्यासागर जी बनने तक की उनकी यात्रा ज्ञान प्राप्ति और उस ज्ञान से पूरे समाज को प्रकाशित करने की उनकी गहरी प्रतिबद्धता को दिखाती है। उनका दृढ़ विश्वास था कि शिक्षा ही एक न्यायपूर्ण और प्रबुद्ध समाज का आधार है।

**जीवन** में हम बहुत कम ऐसे लोगों से मिलते हैं, जिनके निकट जाते ही मन-मस्तिष्क एक सकारात्मक ऊर्जा से भर जाता है। ऐसे व्यक्तियों का स्नेह, उनका आशीर्वाद, हमारी बहुत बड़ी पूंजी होता है। संत शिरोमणि आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज मेरे लिए ऐसे ही थे। उनके समीप अलौकिक आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार होता था। आचार्य विद्यासागर जी जैसे संतों को देखकर ये अनुभव होता था कैसे भारत में आध्यात्म किसी अमर और अजस्त्र जलधारा के समान अविरल प्रवाहित होकर समाज का मंगल करता रहता है।

मुझे, उनसे हुई मुलाकातें, उनसे हुआ संवाद, सब बार-बार याद आ रहा है। पिछले साल नवंबर में छत्तीसगढ़ में डोंगरगढ़ के चंद्रगिरी जैन मंदिर में उनके दर्शन करने जाना मेरे लिए परम सौभाग्य की बात थी। तब मुझे जरा भी इस बात का अंदाजा नहीं था कि आचार्य जी से मेरी यह आखिरी मुलाकात होगी। वह पल मेरे लिए अविस्मरणीय बन गया है। इस दौरान उन्होंने काफी देर तक मुझसे बातें कीं। उन्होंने पितातुल्य भाव से मेरा ख्याल रखा और देश सेवा में किये जा रहे प्रयासों के लिए मुझे आशीर्वाद भी दिया। देश के विकास और विश्व मंच पर भारत को मिल रहे सम्मान पर उन्होंने प्रसन्नता भी व्यक्त की थी। अपने कार्यों की चर्चा करते हुए वह काफी उत्साहित थे। इस दौरान उनकी सौम्य दृष्टि और दिव्य मुस्कान प्रेरित करने वाली थी। उनका आशीर्वाद आनंद से भर देने वाला था, जो हमारे अंतर्मन के साथ-साथ पूरे वातावरण में उनकी दिव्य उपस्थिति का अहसास करा रहा था। उनका जाना उस अद्भुत मार्गदर्शक को खोने के समान है, जिन्होंने मेरा और अनगिनत लोगों का मार्ग निरंतर प्रशस्त किया है।

भारतवर्ष की ये विशेषता रही है कि यहां की पावन धरती ने निरंतर ऐसी महान विभूतियों को जन्म दिया है, जिन्होंने लोगों को दिशा दिखाने के साथ-साथ समाज को भी बेहतर बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। संतों और समाज सुधार की इसी महान परंपरा में संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर जी महाराज जी का प्रमुख स्थान है। उन्होंने वर्तमान के साथ ही भविष्य के लिए भी एक नई राह दिखाई है। उनका संपूर्ण जीवन आध्यात्मिक प्रेरणा से भरा रहा। उनके जीवन का हर अध्याय, अद्भुत ज्ञान, असीम करुणा और मानवता के उत्थान के लिए अटूट प्रतिबद्धता से सुशोभित है। संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर जी महाराज जी सम्यक ज्ञान, सम्यक दर्शन और सम्यक चरित्र की त्रिवेणी थे। उनके व्यक्तित्व की सबसे विशेष बात ये थी कि उनका सम्यक दर्शन जितना आत्मबोध के लिए था, उतना ही सशक्त उनका लोक बोध भी था। उनका सम्यक ज्ञान जितना धर्म को लेकर था, उतना ही उनका चिंतन लोक विज्ञान के लिए भी रहता था।

करुणा, सेवा और तपस्या से परिपूर्ण आचार्य जी का जीवन भगवान महावीर के आदर्शों का प्रतीक रहा, उनका जीवन, जैन धर्म की मूल भावना का सबसे बड़ा उदाहरण रहा। उन्होंने जीवन भर अपने काम और अपनी दीक्षा से इन सिद्धांतों का संरक्षण किया। हर व्यक्ति के लिए उनका प्रेम, ये बताता है कि जैन धर्म में ह्यजीवनह्न का महत्व क्या है। उन्होंने सत्यनिष्ठा के साथ अपनी पूरी आयु तक ये सीख दी कि विचारों, शब्दों और कर्मों की पवित्रता कितनी बड़ी होती है। उन्होंने हमेशा जीवन के सरल होने पर जोर दिया। आचार्य जी जैसे व्यक्तित्वों के कारण ही, आज पूरी दुनिया को जैन धर्म और भगवान महावीर के जीवन से जुड़ने की प्रेरणा मिलती है। वो जैन समुदाय के साथ ही अन्य विभिन्न समुदायों के भी बड़े प्रेरणास्रोत रहे। विभिन्न पंथों, परंपराओं और क्षेत्रों के लोगों को उनका सानिध्य मिला, विशेष रूप से युवाओं में आध्यात्मिक जागृति के लिए उन्होंने अथक प्रयास किया।

शिक्षा का क्षेत्र उनके हृदय के बहुत करीब रहा है। बचपन में सामान्य विद्याधर से लेकर आचार्य विद्यासागर जी बनने तक की उनकी यात्रा ज्ञान प्राप्ति और उस ज्ञान से पूरे समाज को प्रकाशित करने की उनकी गहरी प्रतिबद्धता को दिखाती है। उनका दृढ़ विश्वास था कि शिक्षा ही एक न्यायपूर्ण और प्रबुद्ध समाज का आधार है। उन्होंने लोगों को सशक्त बनाने और जीवन के लक्ष्यों को पाने के लिए ज्ञान को सर्वोपरि बताया। सच्चे ज्ञान के मार्ग के रूप में स्वाध्याय और आत्म-जागरूकता के महत्त्व पर उनका विशेष जोर था। इसके साथ ही उन्होंने अपने अनुयायियों से निरंतर सीखने और आध्यात्मिक विकास के लिए निरंतर प्रयास करने का भी आग्रह किया था।

संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर जी महाराज की इच्छा थी कि हमारे युवाओं को ऐसी शिक्षा मिले, जो हमारे सांस्कृतिक मूल्यों पर आधारित हो। वह अक्सर कहा करते थे कि चूंकि हम अपने अतीत के ज्ञान से दूर हो गए हैं, इसलिए वर्तमान में हम अनेक बड़ी चुनौतियों से जूझ रहे हैं। अतीत के ज्ञान में वो आज की अनेक चुनौतियों का समाधान देखते थे। जैसे जल संकट को लेकर वो भारत के प्राचीन ज्ञान से अनेक समाधान सुझाते थे। उनका यह भी विश्वास था कि शिक्षा वही है, जो स्किल डवलपमेंट और इनोवेशन पर अपना ध्यान केंद्रित करे। आचार्य जी ने कैदियों की भलाई के लिए भी विभिन्न जेलों में काफी कार्य किया था। कितने ही कैदियों ने आचार्य जी के सहयोग से हथकरघा का प्रशिक्षण लिया। कैदियों में उनका इतना सम्मान था कि कई कैदी रिहाई के बाद अपने परिवार से भी पहले आचार्य विद्यासागर जी से मिलने जाते थे।

संत शिरोमणि आचार्य जी को भारत देश की भाषायी विविधता पर बहुत गर्व था। इसलिए वह हमेशा युवाओं को स्थानीय भाषाएं सीखने के लिए प्रोत्साहित करते थे। उन्होंने स्वयं भी संस्कृत, प्राकृत और हिंदी में कई सारी रचनाएं की हैं। एक संत के रूप में वे शिखर तक पहुंचने के बाद भी जिस प्रकार जमीन से जुड़े रहे, ये उनकी महान रचना मूक माटी में स्पष्ट रूप से दिखाई पड़ती है। इतना ही नहीं, वे अपने कार्यों से वंचितों की आवाज भी बने। संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर जी महाराज जी के योगदान से स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में भी बड़े परिवर्तन हुए हैं। उन्होंने उन क्षेत्रों में विशेष प्रयास किया, जहां उन्हें ज्यादा कमी दिखाई पड़ी। स्वास्थ्य को लेकर उनका दृष्टिकोण बहुत व्यापक था। उन्होंने शारीरिक स्वास्थ्य को आध्यात्मिक चेतना के साथ जोड़ने पर बल दिया, ताकि लोग शारीरिक और मानसिक रूप, दोनों से स्वस्थ रह सकें। मैं विशेष रूप से आने वाली पीढ़ियों से यह आग्रह करूंगा कि वे राष्ट्र निर्माण के प्रति संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज की प्रतिबद्धता के बारे में व्यापक अध्ययन करें। वे हमेशा लोगों से किसी भी पक्षपातपूर्ण विचार से ऊपर उठकर राष्ट्रीय हित पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया करते थे। वे मतदान के प्रबल समर्थकों में से एक थे और मानते थे कि यह लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भागीदारी की सबसे सशक्त अभिव्यक्ति है। उन्होंने हमेशा स्वस्थ और स्वच्छ राजनीति की पैरवी की। उनका कहना था- लोकनीति लोभसंग्रह नहीं, बल्कि लोकसंग्रह है। इसलिए नीतियों का निर्माण निजी स्वार्थ के लिए नहीं, बल्कि लोगों के कल्याण के लिए होना चाहिए।

## ऑफिस स्ट्रेस मैनेजमेंट

### काम के तनाव से कैसे बचें

आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी में ऑफिस स्ट्रेस एक आम समस्या बन गई है। काम का बोझ, समय की कमी, और प्रदर्शन का दबाव - ये सभी चीजें ऑफिस में तनाव का कारण बन सकती हैं। ऑफिस स्ट्रेस से निपटना महत्वपूर्ण है क्योंकि यह आपके स्वास्थ्य और आपके काम के प्रदर्शन को प्रभावित कर सकता है। ऑफिस स्ट्रेस को मैनेज कर सकते हैं और एक स्वस्थ और खुशहाल जीवन जी सकते हैं।

**अपनी दिनचर्या में व्यायाम शामिल करें:** नियमित व्यायाम करने से तनाव कम करने में मदद मिलती है। आप सुबह जल्दी उठकर टहलने जा सकते हैं, ऑफिस में लंच ब्रेक के दौरान योग या ध्यान कर सकते हैं, या शाम को जिम जा सकते हैं।

**स्वस्थ भोजन खाएं:** स्वस्थ भोजन आपके शरीर और दिमाग को ऊर्जा देता है और तनाव कम करने में मदद करता है। फल, सब्जियां, साबुत अनाज, और कम वसा वाले डेयरी उत्पादों को अपने आहार में शामिल करें।

**पर्याप्त नींद लें:** पर्याप्त नींद लेने से आपके शरीर और दिमाग को आराम मिलता है और तनाव कम होता है। हर रात कम से कम 7-8 घंटे की नींद लें।

**अपनी भावनाओं को व्यक्त करें:** यदि आप तनाव में हैं, तो अपनी भावनाओं को किसी ऐसे व्यक्ति से व्यक्त करें जिस पर आप भरोसा करते हैं। यह आपके तनाव को कम करने और आपको बेहतर महसूस करने में मदद कर सकता है।

**काम और निजी जीवन में संतुलन बनाए रखें:** काम और निजी जीवन में संतुलन बनाए रखना महत्वपूर्ण है। काम के बाद अपने लिए कुछ समय निकालें और उन चीजों को करें जो आपको पसंद हैं।

**अपने बॉस या सहकर्मियों से बात करें:** यदि आपको लगता है कि आपका काम का बोझ बहुत अधिक है, तो अपने बॉस या सहकर्मियों से बात करें। वे आपको काम को कम करने या किसी अन्य व्यक्ति से मदद लेने में मदद कर सकते हैं।

**ऑफिस में योग या ध्यान करें:** ऑफिस में योग या ध्यान करने से तनाव कम करने में मदद मिल सकती है। आप अपने लंच ब्रेक के दौरान या काम के बाद कुछ मिनटों के लिए योग या ध्यान कर सकते हैं।

## सोशल मीडिया

**काफी** अकेला हूं !
या अकेला काफी हूं...!
नजरिया बदलिये
और चमत्कार देखिए .... :
**– अनुपम खेर अभिनेता**

**अंतःकरण-** पावित्रय, आत्म-विश्वास और आशावादिता जीवन की महत्तम विभूति हैं ! जीवन अंतहीन संभावनाओं अखंड स्त्रोत है ! आध्यात्मिक व्यक्ति प्रत्येक प्रतिकूल परिस्थिति में अनुकूलता और उचित अवसर ढूंढ लेता है।
**– स्वामी अवधेशानंद गिरी**





**अब** रोजगार अपार । माननीय प्रधानमंत्री जी ने गोड्डा को विकास का मॉडल बना दिया है ।आने वाले समय में गोड्डा में रोजगार के इतने अवसर होंगे की अलग - अलग क्षेत्र से लोग यहां नौकरी के लिये आएंगे ।
**–निशीकांत दुबे, सांसद गोड्डा**

# आर्टिकल 370 : कश्मीरी पंडितों पर जुल्म की कहानी

**बॉलीवुड** फिल्म 'आर्टिकल 370' लगातार सुर्खियों में है। फिल्म 23 फरवरी 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। इस फिल्म में यामी गौतम, अरुण गोविल, प्रियामणि, किरण करमाकर और दिव्या सेठ मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म का निर्देशन आदित्य सुहास जंभाले ने किया है, जबकि 'आर्टिकल 370' को आदित्य धर, ज्योति देशपांडे और लोकेश धर ने मिलकर प्रोड्यूस किया है। फिल्म में घाटी से 'आर्टिकल 370' हटाये जाने की कहानी बयां की गई है। इसी बीच फिल्म का नया ट्रेलर सामने आया है, जिसमें एक्टर अजय देवगन ने अपनी आवाज दी है। इस नए ट्रेलर में एक्टर बता रहे हैं कि कैसे कश्मीर में 'आर्टिकल 370' का जन्म हुआ, आतंकी कश्मीरी पंडितों पर अत्याचार कर रहे हैं, इसके अलावा वीडियो में पूर्व पीएम नेहरू, महाराजा हरि सिंह और आतंकी बुरहान वानी के बारे में भी जिक्र किया गया है। अजय देवगन अपनी आवाज में बता रहे हैं, 1947 को भारत आजादी की दहलीज पर था, लेकिन, बंटवारे की आग चारों तरफ फैली हुई थी। देश की 565 रियासतों में से लगभग सभी ने भारत के साथ जुड़ने का फैसला कर लिया था। लेकिन, कुछ का भविष्य अनिश्चित था। जिसमें जम्मू-कश्मीर, जहां की अधिकतर प्रजा मुसलमान थी। मगर शासक हिंदू थे। तत्कालीन महाराजा हरि सिंह हमेशा भारत के साथ जुड़ना चाहते थे। लेकिन, प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू कश्मीर के विलय को तब तक मानने के लिए तैयार नहीं थे, जब तक महाराजा नेहरू के करीबी दोस्त शेख



अब्दुल्ला को कश्मीर की बागडोर देने के लिए तैयार नहीं हो जाते। इसी राजनीति खींचातानी का फायदा उठाकर रात में पाकिस्तान ने अपनी फौज और कबायलियों के साथ कश्मीर में हमला बोल दिया। जवाब में महाराजा ने पंडित नेहरू की शर्त मान ली। मगर इसी दौरान भारतीय सेना कश्मीर से दुश्मन को पूरी तरह से खदेड़ पाती। भारत सरकार ने यूएन के सीजफायर के प्रस्ताव को मानकर पाकिस्तान के साथ जाकर जंग रोक दी। और, इस तरह कश्मीर का एक तिहाई हिस्सा पाकिस्तान के अवैध कब्जे में चला गया। भारत के एकलौते मुस्लिम बहुसंख्यक राज्य होने का फायदा उठाकर, शेख अब्दुल्ला ने तब की केंद्र सरकार से कश्मीर के लिए एक खास पहचान, एक विशेष राज्य के दर्जे की मांग की, जिसके बाद 'आर्टिकल 370' का जन्म हुआ। जिसके अंतर्गत अलग विधान, अलग प्रधान और अलग झंडा को स्वीकार कर अनजाने में अपने ही देश में एक अलग ही मुल्क खड़ा कर लिया गया था। इसका फायदा उठाकर कुछ अलगाववादियों, पाकिस्तानियों और आतंकवादियों ने 90 के दशक से भारत को तोड़ने के लिए कई पैंतरे आजमाए। जंग, जिहाद यहां तक कश्मीरी पंडितों का कत्लेआम और वादियों से निष्कासन।

आगे चलकर 2015 में सोशल मीडिया ने इस जंग को नया स्वरूप दिया। जिहाद के इस बदलते मंजर से उभरा मुजाहिद्दीन का एक नया सितारा, बुरहान वानी। जिसने अपनी भड़काऊ वीडियो से वायरल होकर कश्मीरी युवाओं के दिलों-दिमाग पर कब्जा किया। स्थिति बद से बदतर होती जा रही थी। ऐसे में केंद्र सरकार को यह एहसास हो गया था कि 70 साल पहले हुए एक ऐतिहासिक गलती को सुधारने का वक्त अब आ चुका है। फिल्म में अरुण गोविल पीएम नरेंद्र मोदी और किरण करमाकर गृहमंत्री अमित शाह का रोल अदा कर रहे है।

# एमएसपी की गारंटी का कानून बनाना किसी भी सरकार के लिए आसान नहीं

**-आशीष वशिष्ठ**

**किसान** नेता अपने आंदोलन को अराजनीतिक बताते हैं। लेकिन राजनीतिक संगठनों के साथ उनके रिश्ते जगजाहिर हैं। इसीलिए कहा जा रहा है कि किसान आंदोलन तो बहाना है- असली काम तो मोदी सरकार को हटाना है। भारत एक लोकतांत्रिक देश है और संविधान के तहत देश के हर नागरिक को शांतिपूर्ण आंदोलन और प्रदर्शन करने का मौलिक अधिकार है। लेकिन, न्यूनतम समर्थन मूल्य यानी एमएसपी कानून की गारंटी के लिए आंदोलनरत किसान शांतिपूर्ण तरीके से अपनी मांगें मंगवाने के पक्षधर नहीं दिखते। सरकार बातचीत के माध्यम से समस्या सुलझाना चाहती है, लेकिन किसान नेताओं के तेवरों और मांगों की लंबी सूची के दृष्टिगत इस बात की संभावना न्यून है कि बातचीत से ये मसला निपटेगा। वास्तव में किसान नेता भी जानते हैं कि एमएसपी कानून की गारंटी देना इस सरकार तो क्या किसी भी सरकार के लिए आसान नहीं है।

किसानों के असली इरादों को उनकी तैयारियों को देखकर समझा जा सकता है, जिस तरह ट्रैक्टर ट्रालियों में महीनों का राशन और दूसरा जरूरी सामान लेकर वो घरों से निकले हैं, उससे साफ है कि उनकी मंशा समझौते की नहीं, टकराव की है। वो चाहते हैं कि गलती से शासन प्रशासन के हाथों कोई ऐसा काम हो जाए, जिससे वो और उनका पूरा इको सिस्टम सरकार को किसान विरोधी साबित



कर सके। ये सारी कवायद चुनाव से पहले माहौल खराब करने और सरकार की छवि को ठेस पहुंचाने की दिखाई देती है। किसान समस्या का हल चाहते तो बातचीत में विश्वास करते।

वो तो दिल्ली की तरफ हजारों की भीड़ लेकर ट्रैक्टर ट्रालियों, गाड़ियों और अन्य साधनों से दिल्ली की ओर ऐसे बढ़े मानो उन्हें किसी विदेशी सरकार से निर्णायक संघर्ष करना है। किसान नेता जब मीडिया या किसी सार्वजनिक मंच से बोलते हैं तो ऐसा व्यवहार करते हैं कि मानो केंद्र सरकार उनकी सबसे बड़ी दुश्मन है।

मीडिया से बातचीत के समय किसान नेताओं और उनके समर्थकों की भाषा, बॉडी लैग्वेंज और भाषणों की टोन ऐसी होती हैं मानो किसी दुश्मन देश की सरकार को वो चेतावनी दे रहे हों। करोड़ों नागरिकों द्वारा निर्वाचित सरकार, जो बातचीत के लिए हमेशा तैयार है, उसके प्रति किसान नेताओं का अनादर का भाव कदम कदम पर दिखाई देता है।

किसान नेता अपने आंदोलन को अराजनीतिक बताते हैं, लेकिन राजनीतिक संगठनों के साथ उनके रिश्ते जगजाहिर हैं। इसीलिए कहा जा रहा है कि किसान आंदोलन तो बहाना है- असली काम तो मोदी सरकार को हटाना है। लोगों में चर्चा इस बात को लेकर है कि आखिर बिना राजनीतिक दलों के समर्थन के इतना बड़ा आंदोलन इतनी जल्दी कैसे खड़ा हो सकता है।


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### सीसीएल ने स्कूली बच्चों का दिया बस



**कुजू।** सीसीएल तोपा परियोजना प्रबंधन ने तोपा क्षेत्र के ग्रामीणों की मांग पर आजसू पार्टी और अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ, कुजू क्षेत्रीय समिति की संयुक्त पहल पर तोयरा बस्ती के स्कूली बच्चों को मंगलवार को बस दिया। आजसू के केंद्रीय महासचिव तिवारी महतो एवं जिला उपाध्यक्ष रामभजन लाल महतो ने हरी झंडी दिखाकर बस को रवाना किया। तिवारी महतो व राभजनलाल महतो ने कहा कि ग्रामीणों की करीब 20 वर्षो से स्कूल बस की मांग थी, जो आज श्रमिक संघ एव पार्टी की पहल के बाद ग्रामीणों को बस उपलब्ध करा दिया गया है। मौके पर लालचंद महतो, ज्ञानी महतो, विनोद महतो, दुबराज महतो, कुंदन महतो, विमल कुमार समेत कई ग्रामीण शामिल थे।

### मुखिया संघ का प्रदर्शन 24 को



**कुजू।** मांडू प्रखंड के सभी पंचायतों में चल रहे अबुआ आवास सहित अन्य कार्यो का अफसरों द्वारा निष्पादन करने के विरोध में मांडू प्रखंड मुखिया संघ की बैठक मंगलवार को कुजू पूर्वी पंचायत सचिवालय में हुई। इसकी अध्यक्षता मांडू प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष सह नावाडीह मुखिया संजय प्रसाद ने किया। मुखियाओं ने कहा कि झारखंड सरकार में अफसरशाही राज चल रहा है। पंचायत के विकास कार्यो में मुखियाओं को दरकिनार कर जैसे तैसे कार्य का निष्पादन किया जा रहा है। जिसके विरोध में 24 फरवरी को मांडू प्रखंड मुख्यालय में मुखिया संघ अध्यक्ष के नेतृत्व में एक दिवसीय प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया। मौके पर कुजू पश्चिमी मुखिया जयकुमार ओझा, दक्षिणी मुखिया राकेश मेहता रॉक, पूर्वी मुखिया ललिता देवी, राजेन्द्र कुशवाहा, करण कुमार, रमेश राम, राजेश्वर करमाली, सरोज कुमारी, मो नफिश आलम, गुड़िया देवी, अरशद अंसारी, शक्ति कुमार, अशोक कुमार आदि मौजूद थे।

### करााटेकार अध्या को मिला गोल्ड मेडल

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** मार्शल आर्ट सितोरियू कराटे कोच सेंसाई कंचन दास के देखरेख में कराटे प्रशिक्षण लेने वाली देवरिया पंचायत की मतकमा निवासी मुकेश महतो की 6 वर्षीय पुत्री सह केंद्रीय विद्यालय पतरातू की छात्रा अध्या कुशवाहा को मंगलवार को भुरकुंडा में सम्मानित किया गया भुरकुंडा ओपी के एएसआई प्रदीप दुबे व भुरकुंडा पंचायत के मुखिया अजय पासवान ने अध्या कुशवाहा को गोल्ड मेडल देकर सम्मानित करते हुए उसके उज्जवल भविष्य का कामना की।प्रदीप दुबे ने कहा कि कराटे शारीरिक व मानसिक विकास के लिए जरूरी है।

### संगठन को मजबूत बनायें : हुमायूं



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** राष्ट्रीय मोमिन कांफ्रेंस झारखंड प्रदेश आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका कर्मचारी संघ के तत्वावधान में मंगलवार को भुरकुंडा पंचायत भवन में कार्यशाला का शुभारंभ राष्ट्रीय मोमिन कॉन्फ्रेंस के राष्ट्रीय अध्यक्ष हुमायूं अंसारी, पूर्व अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष कमल खान, प्रदेश कार्यकारणी अध्यक्ष आलमगीर आलम, प्रदेश उपाध्यक्ष शमीम अंसारी, मां सतबहिनी ट्रस्ट सेवा ट्रस्ट के संस्थापक चमन लाल व अध्यक्ष प्रेमनाथ विश्वकर्मा ने दीप प्रज्जवलित कर किया। हुमायूं अंसारी ने कहा कि एकजुटता के बल पर हर मुकाम को पाया जा सकता है। साथ ही आने वाले लोकसभा चुनाव में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की बात कही। मौके पर झारखंड प्रदेश आंगनबाड़ी सेविका सहायिका कर्मचारी संघ की प्रदेश उपाध्यक्ष शौकत खान, प्रदेश अध्यक्ष संजीदा खातून, जिला अध्यक्ष सुनैना देवी, फिरदोस आलम, कुद्दुस संसारी, महफूज अंसारी, सज्जाद हुसैन, अख्तरी खातून सहित कई लोग मौजूद थे।

### थाना प्रभारी को दी गयी विदाई

**बड़कागांव।** बड़कागांव थाना परिसर में विदाई सह स्वागत समारोह का आयोजन किया गया।इसकी अध्यक्षता एसडीपीओ कुलदीप कुमार व संचालन पंसस कृष्णा राम के द्वारा किया गया। समारोह में पुराने थाना प्रभारी बिनोद कुमार तिर्की के साथ -साथ 7 एसआई को अंग वस्त्र व फूल माला पहनाकर एवं पुष्प गुच्छ देकर विदाई दी गई। जबकि नए थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह को भी अंग वस्त्र व बुक्के देकर एवं फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। मौके पर इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह,थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह,उपप्रमुख बचनदेव कुमार,डाड़ीकला थाना प्रभारी पिंटू कुमार ,उरीमारी थाना प्रभारी राम कुमार,मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत कुमार,प्रमुख प्रतिनिधि हेमन्त भुईया,जीप सदस्य प्रतिनिधि मो. इब्राहिम,मुखिया तकरमुल्लहा खान सहित कई लोग उपस्थित थे।

### कई साहित्यकारों को मिलेगा स्मृति सम्मान

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** झारखण्ड साहित्य अकादमी स्थापना संघर्ष समिति ने हिंदी साहित्य क्षेत्रीय व जनजातीय भाषा एवं संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए स्मृति सम्मान-2024 देने की घोषणा की गई है। समिति के अध्यक्ष शिरोमणि आर महतो ने बताया कि उक्त समिति का लक्ष्य साहित्य को समर्पित संस्था यानी साहित्य अकादमी का गठन, पत्रिका और पुस्तक प्रकाशन के माध्यम से प्रदेश में साहित्य और संस्कृति को बढ़ावा देना है। झारखंड साहित्य अकादमी स्थापना संघर्ष समिति इसी उद्देश्य को ध्यान में रखकर वर्ष 2024 के लिए हिंदी, क्षेत्रीय व जनजातीय साहित्य एवं संस्कृति के विकास के लिए इस बार भी साहित्यकारों को सम्मानित करने का निर्णय लिया है। उत्कृष्ट लेखन के साथ इस अभियान को गति देने में सक्रियता व सद्भाव प्रदर्शित करने वाले सम्मानित होंगे। समिति ने बिरसा मुंडा शिखर सम्मान (समग्र लेखन के लिए) जमशेदपुर के प्रख्यात साहित्यकार जयनंदन को देने का निर्णय लिया है। विनोद बिहारी महतो को उत्कृष्ट लेखन के लिए रांची की अनिता रश्मि, राधाकृष्ण स्मृति सम्मान (कथा साहित्य) के लिए हजारीबाग के कालेश्वर, भारत यायावर को समकालीन कविता के लिए दुमका के विनय सौरभ, डॉ. रामदयाल मुंडा स्मृति सम्मान (कथेतर साहित्य) के लिए रामगढ़ के नीलोत्पल रमेश, कॉ. महेंद्र प्रसाद सिंह स्मृति सम्मान (साहित्य-पत्रकारिता) के लिए अनिल किशोर सहाय, रघुनाथ महतो स्मृति सम्मान (खोरठा कविता-संग्रह) के लिए धनबाद के डॉ. मुकुन्द रविदास, सुशीला सामद स्मृति सम्मान (कुडुख-हिंदी) के लिए रांची की आलोका कुजुर को देने का निर्णय लिया गया है।

# बलकुदरा खुली खान में फायरिंग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- स्विफ्ट कार पर अपराधियों ने चलायी गोली, मजदूरों में दहशत
- 8 एमएम का एक जिंदा गोली और खोखा बरामद, मामले की जांच-पड़ताल में जुटी पुलिस



कार का शीशा फूटा।



घटना स्थल पर पहुंची पुलिस।

भुरकुंडा (रामगढ़)। बलकुदरा खुली खान में दो अज्ञात अपराधियों ने खड़ी स्विफ्ट गाड़ी पर गोली चलाकर दशहत फैलाया दिया। हालांकि गाड़ी में कोई बैठा हुआ नहीं था जिसके कारण जान-माल की क्षति नहीं हुई, सिर्फ गाड़ी का शीशा टूट गया।घटना मंगलवार की दोपहर 3 बजे की है। गोली चलने की घटना से मजदूरों में दहशत का माहौल है। जानकारी अनुसार बलकुदरा में टाटा कंपनी की गाड़ियां बलकुदरा में ढुलाई का कार्य कर रही है। इसी को लेकर टाटा कंपनी के इंजीनियर बलकुरा आये हुए थें। इसी क्रम में दो अज्ञात अपराधियों ने वहां खड़ी इंडिका जेएच 01 एएफ 4350 नंबर की गाड़ी गोली चलाते हुए भाग निकले। सूचना मिलते ही पतरातू एसडीपीओ बीरेंद्र राम, पतरातु इंस्पेक्टर योगेंद्र सिंह, बासल थाना प्रभारी सुरेंद्र कुमार कुंटिया दली-बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। जहां घटना के बावत वहां कार्यरत लोगों से पूछताछ करते हुए मामले की छानबीन में जुट गये। पुलिस ने घटना स्थल से 8 एमएम का एक जिंदा गोली और खोखा बरामद किया है। मौके पर पतरातु एसडीपीओ बीरेंद्र राम ने कहा की लेवी को लेकर या फिर किस कारण से अपराधियों ने गोली चलाकर दहशत फैलाने का काम किया है यह बताना अभी मुश्किल है। मामले की बारीकी से जांच-पड़ताल की जा रही है। हर हाल में पुलिस अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेजेगी। मौके पर भुरकुंडा पीओ मनोज कुमार पाठक, मैनेजर बबलू कुमार, भुरकुंडा ओपी के एएसआई प्रदीप दुबे, एएसआई पुरण सिंह दल-बाल के साथ मौजूद थे। पुलिस अपराधियों की धर-पकड़ के लिये छापामारी में जुटी थी।

# रामगढ़ चेंबर में लाखों रुपये का सामान चोरी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रामगढ़।** रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के कार्यालय से सोमवार रात कई कीमती सामाप चोर हो गयर।जानकारी के मुताबिक रामगढ़ पतरातु बस्ती रोड स्थित चेंबर ऑफ कॉमर्स के कार्यालय में अज्ञात चोरों दरवाजा एवं खिड़की तोड़कर भवन में प्रवेश किए और वहां से लाखों रुपए मूल्य के कीमती सामान की चोरी की। चोरों ने चेंबर भवन का अलमीरा, दराज आदि को भी तोड़ डाला । आशंका व्यक्त की जा रही है कि चोरों ने घंटों चोरी की। बताया जाता है कि चेंबर ऑफ कॉमर्स के कार्यालय में सीसीटीवी कैमरा भी नहीं लगा हुआ है।इस मामले में मंगलवार को चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष विनय अग्रवाल ने मंगलवार को बताया कि इस घटना की सूचना मिलते ही चैंबर के सभी पदाधिकारी चैंबर भवन पहुंचे और इसकी जानकारी पुलिस को दी। घटनास्थल पर पहुंचे रामगढ़ थाना प्रभारी अजय कुमार साहू ने घटना की जानकारी ली और फिर उस स्थल का मुआयना किया। पुलिस ने चोरों को पकड़ने के लिए छापेमारी शुरू कर दी है।

### रेनबो स्टेट स्कूल में नामांकन शुरू



**बच्चों के सर्वांगीण विकास की व्यवस्था होगी : कुशवाहा**

**बरही।** शिवपुर गडलाही में संचालित रेनबो स्कूल बरही परिसर में रेनबो स्टेट स्कूल में नामांकन प्रारंभ हो गया है। निदेशक सिकन्दर प्रसाद कुशवाहा ने बताया कि रेनबो स्टेट स्कूल में कक्षा छः से दसवीं तक की पढ़ाई जैक बोर्ड के आधार पर कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि स्कूल में हिंदी और अंग्रेजी माध्यम से बच्चों के सर्वांगीण विकास की व्यवस्था की गई है। उच्च स्तरीय शिक्षा व्यवस्था के साथ साथ शारीरिक विकास के लिए समस्त प्रमुख खेलों के लिए मैदान निर्मित किए गए है। उन्होंने आश्वश्त किया कि विद्यालय में दाखिला लेने वाले बच्चों को अनुशासित माहौल में शिक्षित और प्रशिक्षित किया जाएगा ताकि उनका नींव मजबूत हो। उन्होंने बताया कि 10 एकड़ में फैला हुवा विद्यालय परिसर में कई सुविधाएं उपलब्ध हैं। बड़े हवादार क्लासरूम, सीसीटीवी से लैस परिसर, कंप्यूटर लैब पुस्तकालय, बड़ा खेल का मैदान एवं प्रशिक्षित शिक्षक उपलब्ध है। निदेशक सिकन्दर प्रसाद कुशवाहा ने बताया कि क्षेत्र में शिक्षा के जगत में उल्लेखनीय विकास हुआ है परंतु अभी भी उन्हें मीलों सफर तय करना बाकी है। शिक्षा के क्षेत्र में कीर्तिमान स्थापित करना है।

### बैंक ऑफ इंडिया के लोक अदालत में 118 एनपीए खातों का समझौता



**चौपारण।** मंगलवार को चीफ मैनेजर शिवाजी भारद्वाज के नेतृत्व मे बैंक ऑफ इंडिया के दादपुर शाखा ने अदालत लगाया। अदालत में 118 एनपीए खातों का समझौता किया गया। एक करोड़ बत्तीस लाख रूपए बकाया थे। इस अदालत मे मुख्य रूप से चीफ मैनेजर शिवाजी भारद्वाज, दादपुर शाखा के प्रबंधक मनीष कुमार मिश्रा, पंकज कुमार शर्मा (वसूली विभाग, आंचलिक कार्यालय) पीयूष कुमार कौशिक (अधिकारी), बी सी मुकेश नायक, राधेश्याम दांगी, संजीत कुमार दांगी, अरिंदम कुमार सिंह, नागेंद्र कुशवाहा, बैंक सखी सोनी कुमारी, बैंक सहायक राजकुमार चंद्रवंशी, जितेंद्र कुमार आदि उपस्थित थे। अदालत मे केसीसी, मुद्रा ऋण आदि ऋण का बैंक के आकर्षक योजनाओं द्वारा समझौता किया गया। लोक अदालत में ऋण धारक एक मुश्त समझौता राशि जमा किया उसे उसे चीफ मैनेजर सर के द्वारा नो ड्यूज सर्टिफिकेट भी प्रदान कर दिया गया।

### सांसद जयंत सिन्हा को मिला महारत्न पुरस्कार



कुजू। हजारीबाग सांसद जयन्त सिन्हा को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने महारत्न पुरस्कार से सम्मानित किया। सम्मानित किए जाने से क्षेत्रवासियों सहित भाजपा नेता व कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल है। हर्ष व्यक्त करने वालों में भाजपा रामगढ़ जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता, जिला उपाध्यक्ष राजू चतुर्वेदी, सांसद प्रतिनिधि जगेश्वर प्रजापति, मनोज गिरी, उपाध्यक्ष संजय शाह, तोकेश सिंह, उपाध्यक्ष रतन प्रसाद साहू, भाजयुमो मांडू प्रखंड अध्यक्ष रवि साहू, महामंत्री अशोक कुमार, डिंपल प्रजापति आदि शामिल है।

## अर्पित ने एक मिनट में 22 टी शर्ट पहनकर बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड

- डीआइजी और एसपी ने किया सम्मानित



**चौपारण।** प्रखण्ड में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। इसे कई युवाओं ने साबित कर दिखाया है। ऐसे ही युवा हैं प्रखण्ड के नगंवा के अर्पित कुमार राणा जिन्होंने मात्र 16 साल की उम्र में वर्ल्ड रिकॉर्ड बना कर नया कीर्तिमान रचा है। अर्पित कुमार राणा पिता संजय कुमार राणा कांग्रेस विधायक प्रतिनिधि संरक्षक राजेंद्र कुमार राणा के पोते हैं। वे एक साधारण परिवार से आते हैं। अर्पित ने एक मिनट में सबसे अधिक 22 टी-शर्ट पहनकर इंटरनेशनल वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराया था।

कामयाबी पर मंगलवार को हजारीबाग के डीआईजी सुनील भास्कर और एसपी अरविंद सिंह के द्वारा मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर समानित किया गया। मौके पर डीआईजी सुनील भास्कर व एसपी अरबिंद सिंह ने बधाई दी औरउज्वल भविष्य की कामना की। बता दें कि वर्तमान में के बी एस एस प्लस टू उच्च विद्यालय चौपारण से इंटर में पढ़ाई कर रहे हैं। पिछले साल एनसीसी नेशनल कैंप का जिला चैंपियन भी रह चुका है। इनकी प्रबल इच्छा है कि वे देश के लोगो की सेवा करें और अपना योगदान देकर लोगों के बीच अपना प्यार बनकर सुरक्षा बल में जाकर अपने गांव, जिला राज्य को अच्छे दिशा की ओर ले जाने की कामना है।

## महायज्ञ को लेकर निकली कलशयात्रा

**बरकट्ठा ।** प्रखंड के कोनहारा खुर्द में नवनिर्मित देवी मंदिर में पांच दिवसीय माता भगवती देवी प्राण प्रतिष्ठा सह देवी भागवत कथा महायज्ञ को लेकर गाजे बाजे के साथ भव्य कलशयात्रा निकली गई। कलशयात्रा में विधायक अमित कुमार यादव, पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, मुखिया मुन्नी देवी, झुरझुरी मुखिया सुमन कुमार शामिल हुए। यात्रा का प्रारंभ पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने कलशधारियों के सिर पर पवित्र कलशपात्र रखकर किया। कलशयात्रा यज्ञ स्थल मंदिर प्रांगण से पूरे वैदिक मंत्रोच्चार के साथ निकलकर महावर मोड़ कोषमा का परिक्रमा करते हुए बरकट्ठा स्थित पतालसुर नदी के उत्तरवाहिनी पहुंचा। जहां पुरोहित ने पूजा अर्चना कराते हुए कलशपात्र में नदी का पवित्र जल को कलशधारियों ने उठाया। कलशयात्रा करीब 10 किलोमीटर की दूरी का भ्रमण किया। यात्रा में करीब एक हजार श्रद्धालु शामिल हुए। कथावाचक के रूप में अयोध्याधाम विदुषी जानकी शास्त्री और रामानंद शास्त्री हैं। युगल यादव, कामेश्वर यादव, द्वारिका यादव, रामेश्वर यादव, राजू साव, रामधनी राणा, राजेन्द्र राणा, रामेश्वर पासवान, छोटीलाल मंडल, वीरेंद्र शर्मा, प्रकाश मंडल, राजेन्द्र पासवान, सत्यम भारती,छोटन पंडित, चेतलाल पंडित, नारायण पंडित समेत आदि श्रद्धालु शामिल थे।



कलश यात्रा में विधायक और पूर्व विधायक।

## कटकमसांडी बाजार समिति की जमीन पर दबंगों का कब्जा

**लेखराज यादव**

- अवैध तरीके से दुकान व पक्का मकान बनाकररह रहे हैं लोग

**कटकमसांडी।** प्रखंड चौक स्थित बाजार समिति की जमीन पर दो दर्जन लोगों ने अवैध रूप से कब्जा कर दूकान व भवन का निर्माण कर लिया है। अवैध तरीके से दुकान व पक्का मकान बनाकर लोग रह रहे हैं और कब्जा कर दुकान को बेच दिया जा रहा है।

वहीं पूर्व में अंचल अधिकारी के आदेश पर भूमि की मापी कराकर अतिक्रमण स्थल को चिह्नित भी कर लिया गया था लेकिन राजनीतिक मोड़ दे कर के आज तक अवैध जमीन को हटाने में प्रशासन विफल साबित हो रही है। इस कारण से कटकमसांडी बाजार समिति के परिसर की घेराबंदी कर के पूरा बाजार समिति को दुकान व घर बना कर के सरकारी जमीन को कुछ दबंग किस्म के लोगों ने कब्जा कर के रख लिया गया। लगभग 5 से 7 एकड़ भू-क्षेत्र में बाजार समिति का परिसर है।

अतिक्रमण करने वाले लोग कब्जा हटा नही रहे है और न ही प्रशासन कार्रवाई कर कब्जा हटाने का काम कर रही है। वहीं इसके बीच परिसर में बजार लगाने के लिए शेड का निर्मार्ण भी हुआ है ।अगर इस जमीन से अवैध कब्जा नहीं हटा तो बाजार समिति के परिसर में लगने वाले साप्ताहिक बाजार लगना बंद हो जाएगा स्थित इतनी भेवहा हो जाएगी की जो कटकमसांडी प्रखंड के अलावा चतरा जिला का अन्य प्रखंड के किसान भी अपना साग सब्जी ला कर के अपने परिवार का जीवका चलाते थे।इसलिए बजार समिति की सुरक्षा भगवान भरोसे हैं।



कब्जा की गयी जमीन।

## एक नजर में

### चरही में झामुमो ने निकाली न्याय यात्रा



**चरही।** चरही पंचायत में मंगलवार को झामुमो के बैनर तले डुगडुगी और पारंपरिक हथियार के साथ दर्जनों की संख्या में कार्यकर्ता एकजुट होकर झारखंड के निवर्तमान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के पक्ष में शांति पूर्ण न्याय यात्रा निकाली निकाली गई।इस यात्रा के नेतृत्व झामुमो जिला संयोजक मंडली के सदस्य नीलकंठ महतो और केंद्रीय कार्य समिति के सदस्य रामकिशोर मुर्मू कर रहे थे।नेताओं और कार्यकर्ता मांग कर रहे थे कि हेमंत सोरेन के साथ न्याय करते हुए उन्हें तत्काल जेल से रिहा किया जाय।आगे कहा कि केंद्र सरकार ने झारखंड के निवर्तमान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को मुकदमा में जबरन फंसाने का काम किया है। जो झामुमो कार्यकर्ता बर्दाश्त नहीं करेंगे।आने वाले आगामी लोक सभा चुनाव में केंद्र सरकार को इसका खमियाजा भुगतना पड़ेगा। आगे कहा कि यह न्याय यात्रा पूरे प्रखंड में निकाला जाएगा।मौके पर न्याय यात्रा में झामुमो जिला संयोजक मंडली के सदस्य नीलकंठ महतो,केंद्रीय कार्य समिति सदस्य रामकिशोर मुर्मू,बीस सूत्री उपाध्यक्ष लखीराम मांझी,प्रखंड सचिव आंनद मरांडी,पूर्व जिला सह सचिव रविंद्र कुमार, चनारो पंचायत अध्यक्ष भीखन महतो,मुकेश गंझू सहित कई नेता और कार्यकर्ता शामिल थे।

### टाटीझरिया में लगा सीएम वृद्धा पेंशन शिविर

टाटीझरिया। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के निर्देशानुसार हजारीबाग जिले के 16 प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों में मुख्यमंत्री वृद्धा पेंशन लाभान्वित योजना 50 वर्ष से अनुसूचित जनजाति और अनुसूचित जाति महिलाए को दिया जाना है ।जिसे लेकर टाटीझरिया प्रखंड के पांच पंचायतों में शिविर लगा। झरपो पंचायत भवन प्रांगण में पंचायत के मुखिया सह टाटीझरिया 20 सूत्री अध्यक्ष मुखिया शिबू प्रसाद सोनी पंचायत सेवक अर्जुन प्रसाद बीएलओ उषा रानी की उपस्थिति में 25 आवेदन जमा लिया गया । जिसमे अत्यंत पिछड़ा वर्ग महिला 16 और अनुसूचित जाति के 9 कुल आवेदन शिविर में लाभुको ने स्थानीय मुखिया सह टाटीझरिया 20 सूत्री अध्यक्ष शिबू प्रसाद सोनी को दिया। शिविर में उपमुखिया राजेंद्र प्रसाद ऊर्फ राजा वार्ड सदस्य रवि यादव,केदार गौरव,मनोज सिंह,सुनील कुमार ,संगीता देवी,रूबी देवी , मुन्नी देवी, धर्मपुर पंचायत भवन में मुखिया कांति कुमारी पंचायत सेवक संजय कुमार बीएलओ रेशमी कुमारी की उपस्थिति में 32 आवेदन जमा लिया गया और डूमर पंचायत भवन में मुखिया ममता देवी पंचायत सचिव मोइनउद्दीन चिस्ती बीएलओ कविता देवी की उपस्थिति में 47 आवेदन लिया गया।

### कल्याणकारी योजनाओं को मिलेगी प्राथमिकता : बिरुवा

**चरही।** रांची के पुराना विधानसभा स्थित आवास में अनुसूचित जनजाति ,अनुसूचित जाति एंव पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग सह परिवहन विभाग के मंत्री दीपक बिरुवा से समाजसेवी आनंद सोरेन ने शिष्टाचार मुलाकात की। उन्हें विभाग के नए मंत्री पद मिलने की बधाई दिये। अपने चुरचू प्रखण्ड,मांडू विधानसभा सहित हजारीबाग जिले के जन समस्याओं से अवगत कराये। साथ ही मांडू विधानसभा क्षेत्र के चुरचू प्रखण्ड व हजारीबाग जिले के आदिवासी बहुल गांवों की समस्याओं से अवगत कराया। क्षेत्र में मांझी भवन,धुमकुड़िया भवन , मांझी थान, सरना स्थल घेराबंदी आदि बनवाने का आग्रह किया गया। बिरुवा ने सरकार की सारी कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने की आश्वासन दिये।

### पंचायत भवन हरली में खुला ग्राहक सेवा केंद्र



दारू। प्रखंड अंतर्गत हरली पंचायत भवन में मंगलवार को एसबीआई ग्राहक सेवा केंद्र का उद्घाटन शाखा प्रबंधक विजय कुमार ,सीएससी टीम मैनेजर एमडी निजामुद्दीन एवं हरली पंचायत मुखिया फरजाना खातून ने संयुक्त रूप से किया।संचालक महेंद्र प्रसाद ने बताया कि ग्राहक सेवा केंद्र एवं प्रज्ञा केंद्र पंचायत भवन हरली में खुलने से ग्रामीण अब आसानी से सरकारी एवं गैर सरकारी किसी भी तरह की योजना का रजिस्ट्रेशन आसानी से करा पाएंगे। बैंक मैनेजर ने कहा कि बीमा संबंधित क्लेम, नए रजिस्ट्रेशन, नया खाता, पैसे का लेनदेन एवं सरकार का कोई भी स्कीम के लिए यहां से जनता आसानी से कार्य कर सकेगी। मुखिया फरजाना खातून ने कहा कि ग्राहक सेवा केंद्र खुलने से ग्रामीणों को अब ज्यादा दूरी तय नहीं करना होगा।

### आदिवासियों की रक्षा को बने कठोर कानून : चुनूलाल



**विष्णुगढ।** काठमांडू स्थित भृकुटी मंडप में 15 -19 फरवरी तक पांच दिवसीय विश्व समाजिक सम्मेलन में झारखंड से प्रतिनिधत्व कर रहे एकता परिषद के राष्ट्रीय सचिव चुनूलाल सोरेन ने भारत में आदिवासियों की स्थिति और उनके भूमि अधिकारों को आगे बढ़ाने की रणनीति विषय पर दुनिया के प्रतिनिधियों के समक्ष अपनी बात रखी । उन्होने कहा कि भारत में आदिवासियों का इतिहास संघर्षपूर्ण रहा है, सन 1774 ई0 से ही जल जंगल और जमीन, प्राकृतिक संसाधनों की लूट के खिलाफ लड़ते हुए देश के आदिवासी महापुरुषों ने अपनी शहादत दी, जिसमें बाबा तिलका मांझी से लेकर सिद्धू -कान्हु, चांद -भैरव, फूलो झानो, भगवान बिरसा मुंडा, सिंदराय - बिंदराय, निलम्बर- पीतांबर, बीर बुधु भगत जैसे महापुरुषों ने लडाई लड़ी। आज तक झारखंड में आदिवासियों की भलाई को लेकर कोई भूमि कानून नहीं बनायी गयी है। संयुक्त राष्ट्रसंघ के सदस्यों से अपील करते हैं कि दुनियां के आदिवासी समुदाय और प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा के लिए देश की सरकारों को कठोर निर्देशित करें।

### दिहाड़ी मजदूर का शव पहुंचा पैतृक गांव

बरकट्ठा। प्रखंड के ग्रीम कपका निवासी दयाल महतो पिता स्व रेवा महतो का शव मंगलवार को पैतृक गांव कपका पहुंचा। शव पहुंचते ही माहौल गमगीन हो गई. सभी आंखे नम थी। ज्ञात हो की दयाल महतो दिहाड़ी मजूदरी के लिए माया नगरी मुंबई गया था। रविवार की देर रात्रि तक घर के लोगो से मोबाईल पर बात किया। सोमवार की सुबह उठाने के समय लोग उठाने का प्रयास किया तो नहीं उठे। साथ मे रह रहे लोगो ने इसकी सूचना। घर वालो को दिया। सहयोगियों के मदद से दयाल महतो को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां डॉ द्वारा मृत घोषित किया गया। मुंबई मे रह रहे लोगो ने चंदा करके शव को हवाई मार्ग से रांची भेजा गया। परिवार के लोगो ने घर तक लाया. घटना की सूचना पाकर पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, मुखिया कमलेश कुमार ने परिवार को संत्वना दी।

### धनवार पंचायत में आज लगेगा पेंशन शिविर

बरही। राज्य की महिलाओं, अनुसूचित जनजाति (एसटी), अनुसूचित जाति (एससी) 50-60 आयुवर्ग के व्यक्तियों को मुख्यमंत्री वृद्धावस्था पेंशन शिविर धनवार पंचायत में 21 फरवरी को लगेगा। मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने सभी आहर्ता रखने वाले लोगों से अपील की कि शतप्रतिशत लोग शिविर में पहुंचे और आवेदन जमा करें।

### महिला मंडल ने मनाया 14वां वार्षिक महाधिवेशन

**चरही।** प्रखंड के चुरचू फुटबॉल मैदान में मंगलवार को दामोदर महिला मंडल के 14 वां वार्षिक महाअधिवेशनमनाया गया। इसकी अध्यक्षता महिला मंडल के अध्यक्ष जयंती देवी ने की। चुरचू प्रखंड के प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक,जिप सदस्य बासुदेव करमाली,विशिष्ट अतिथि अंगों के पूर्व मुखिया धनेश्वर सिंह,जदयू के प्रखंड अध्यक्ष विनय कुमार यादव उपस्थित थे।।ायक ने कहा कि कोई भी क्षेत्र में महिला पुरुष के कंधे से कंधा मिलाकर चल रही हैं।उन्होंने कहा कि महिलाएं अपना हक और अधिकार को पहचान रही हैं।अगर महिलाएं को अपने हक व अधिकार नहीं मिलती है छोड़ना नहीं चाहिए।उन्होंने यह भी कहा कि बच्चों में भेदभाव नहीं करना चाहिए।चाहे बेटी हो या बेटा सभी को सम्मान हक है। मौके पर जयंती देवी,गीता देवी,सरिता देवी,नौतम किसान,वरुण कुमार, चिंता देवी,शबनम देवी,गीता देवी,बसंती देवी,मदीना खातून,रूबी प्रवीण सहित कई महिलाएं उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### शिविर लगाकर मुख्यमंत्री वृद्धापेंशन योजना के तहत भरा गया आवेदन



**कैरो।** प्रखंड के सढ़ाबे पंचायत भवन में मंगलवार को मुख्यमंत्री वृद्धा पेंशन योजना आवेदन को लेकर शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें पंचायत के खरता, टाटी, सढ़ाबे, डूमरटोली, येड़ादोन बकसी के वैसे ग्रामीण जिनका उम्र 50 वर्ष अथवा उसके ऊपर हैं उन सभी का आवेदन जमा लिया गया। जिसके तहत सभी समुदाय के महिलाओं का उम्र होने पर वोटर कार्ड में 50 वर्ष, अनुसूचित जनजाति के 50 वर्ष वाले पुरुषों को जात्ति प्रमाण पत्र व अन्य को पूर्व के निर्देश के अनुसार आवेदन जमा करना है। शिविर में पंचायत मुखिया सिमित्रा उरांव, पंचायत सचिव जग्गू उरांव, प्रज्ञा केंद्र संचालक एम तिवारी, सांसद प्रतिनिधि लखन उरांव, उप मुखिया जगबन्धन भगत, रोजगार सेवक परवेज आलम, परमेश्वर उरांव, कार्तिक महली सहित ग्रामीण मौजूद थे।

### हर जरूरतमंदों की सेवा करना मेरी दिली ख्वाहिश है: ऐनुल अंसारी



**कुडू लोहरदगा।** कुडू प्रखंड उप प्रमुख ऐनुल अंसारी के सकारात्मक पहल की प्रशंसा पूरे प्रखंड क्षेत्र में की जा रही है। यहां पर कुडू प्रखंड के उप प्रमुख ऐनुल अंसारी हर जरूरत मंद लोगों को सरकारी योजनाओं का शत–प्रतिशत लाभ दिलाने में शुरू से ही कटिबद्ध रहे हैं। उल्लेखनीय है कि मंगलवार को उप प्रमुख ऐनुल अंसारी के बेहतर पहल देखने के लिए मिला। उन्होंने प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत बारीडीह निवासी दिव्यांग नौशाद अंसारी को बाल विकास परियोजना विभाग से एक ट्राई साइकिल उपलब्ध कराई। इस बीच दिव्यांग नौशाद अंसारी ने उप प्रमुख ऐनुल अंसारी के सराहनीय पहल की जमकर सराहना करते हुए कहा कि उप प्रमुख ऐनुल अंसारी प्रखंड क्षेत्र वासियों के लिए हमेशा सकारात्मक सोच रखते हैं और हर जरूरत मंदों को उन्हें उनका हक अधिकार दिलाने में अहम भूमिका निभाने का कार्य कर दिखाते हैं। इधर कुडू प्रखंड उप प्रमुख ऐनुल अंसारी ने कहा कि जनता ने जिस उम्मीद और भरोसा के साथ हमें जिम्मेदारी सौंपी है उसपर शत–प्रतिशत खरा उतरने का प्रयास शुरू से ही रहा है। उप प्रमुख ऐनुल अंसारी ने कहा कि हर जरूरतमंदों की सेवा करना ही मेरी दिली ख्वाहिश है। मानव जीवन में गरीब असहाय एवं जरूरतमंद लोगों के चेहरे पर मुस्कान लाने से खुद को काफी गौरवान्वित महसूस होता। मौके पर मौके पर बाल विकास परियोजना के किरण माला,जय माला, विजय ठाकुर,नासिर अंसारी, हासीम अंसारी, संजय कुमार तिलक, सज्जाद अंसारी आदि उपस्थित थे।

### मतदाता जागरूकता को लेकर हुई चर्चा



**लोहरदगा।** लोकसभा निर्वाचन–2024 अंतर्गत स्वीप कार्यक्रमों के बेहतर आयोजन हेतु बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में सभी सदस्यों को स्वीप कैलेण्डर अंतर्गत मतदाता जागरूकता के लिए नुक्कड़–नाटक, दिव्यांग मतदाताओं के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम, चुनाव पाठशाला, आंगनवाड़ी केंद्रों में मतदाता जागरूकता, रैलियां, मानव श्रृंखला, पोस्टर मेकिंग समेत अन्य कार्यक्रमों के आयोजन पर चर्चा की और इसे सफल बनाने के लिए रणनीति पर चर्चा की गई। बैठक में उप निर्वाचन पदाधिकारी सुजाता कुजूर, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा, जिला शिक्षा पदाधिकारी अपरूपा पॉल चौधरी, जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी आकाश सिंह, डीपीएम जेएसएलपीएस अनीता केरकेट्टा, डीपीएम एनएचएम, पीपीआईए फेलो आदि मौजूद थे।

### कार्यों में प्रगति लाने को लेकर सभी प्रखंडों में वरीय प्रभारी पदाधिकारी बनाये गये

**लोहरदगा।** जिला में संचालित विकास सहित अन्य सभी योजनाओं के सतत पर्यवेक्षण/अनुश्रवण एवं कार्यों में प्रगति लाने सभी प्रखंडों के लिए वरीय प्रभारी पदाधिकारी को जिम्मेवारी दी गई है। जिसमे लोहरदगा एवं किस्को,जीतेंद्र मुंडा, अपर समाहर्ता, लोहरदगा भंडरा एवं कुडू, अमित कुमार, अनुमण्डल पदाधिकारी, कैरो प्रखंड सौरभ प्रसाद, डीटीओ, सेन्हा एवं पेशरार सुजाता कुजूर, भूमि सुधार उप समाहर्ता को दिया गया है। वही डीडीसी लोहरदगा सभी प्रखंडों के पर्यवेक्षण के वरीय प्रभार में रहेंगे।

### नगर परिषद लोहरदगा क्षेत्र में वृद्धावस्था पेंशन शिविर का हुआ आयोजन



**लोहरदगा।** नगर परिषद द्वारा मंगलवार को पूराना नगर परिषद कार्यालय और नए नगर भवन ब्लॉक कैंपस में वृद्धा पेंशन शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में अनुसूचित जनजाति और अनुसूचित जाति की महिलाओं जिनकी उम्र 50 साल हो गया है। उनका पेंशन से जोड़े जाने का कार्य किया जा रहा है। इस संबंध में सिटी मैनेजर विजय कुमार ने बताया कि यह शिविर 21 फरवरी को न्यू नगर परिषद कार्यालय और 22 फरवरी को अग्रेशन भवन राणा चौक में मुख्यमंत्री राज्य बृद्धावस्था पेंशन योजना अंतर्गत शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर सुबह 11 बजे से 4 बजे तक किया लगेगा। उन्होंने बताया कि महिलाओ को अनुसूचित जनजाति तथा अनुसूचित जाति वर्ग से 50 वर्ष आयु वर्ग के व्यक्तियो के मुख्यमंत्री राज्य बृद्धवस्था पेंशन योजना का लाभ दिए जाने का निर्णय लिया गया है। सिटी मैनेजर विजय कुमार ने बताया कि सभी गरीब, असहाय लोगों को पेंशन की स्वीकृति दिया जायेगा। मौके पर जेई आलोक कुमार, विक्रम कुमार यादव, सुभाष पटनायक कंप्यूटर ऑपरेटर, रमीज राज सहायक, रमेश कुमार, वीरेंद्र भगत, आर्यन कुमार, मंटू उरांव आदि उपस्थित थे।

### घाघरा के 6 पंचायतों में वृद्धावस्था पेंशन को लेकर शिविर का हुआ आयोजन

**घाघरा।** घाघरा प्रखंड के 6 पंचायतो में मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन शिविर का आयोजन मंगलवार को किया गया। जिसमे आदर, आरंगी, बदरी, बेलागड़ा, बिमरला, चपका पंचायत के नाम शामिल है। शिविर में सभी वर्ग की महिला, अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति के पुरुषो एवं महिलाओं का आवेदन लिया गया। शिविर में पंचायत के मुखिया पंचायत सेवक, बीएलओ, कृषक मित्र, रोजगार सेवक, सेविका सहित कर्मी उपस्थित थे।

### जिला परिषद सदस्य ने मैट्रिक परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण



**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड जिला परिषद सदस्य मेरी लकड़ा के द्वारा मैट्रिक परीक्षा के चारों परीक्षा केंद्र का निरीक्षण मंगलवार को किया गया। जिसमें बरवे हाई स्कूल, लूथरन हाई स्कूल, संत अन्ना हाई स्कूल एवं प्रोजेक्ट हाई स्कूल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सभी परीक्षा केंद्रों में चल रहे मैट्रिक परीक्षा का निरीक्षण सभी कमरों में जाकर किया एवं परीक्षार्थियों की उपस्थिति एवं अनुपस्थिति की जानकारी स्कूल के प्रधानाध्यापकों से ली इस दौरान उन्होंने परीक्षा कदाचार मुक्त करने की बात भी की।

### 60 से अधिक विद्यालयों में अतिरिक्त किचन शेड व शौचालय का निर्माण कार्य प्रारंभ

**गुमला।** जिले में शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने की दिशा में उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की पहल से अब तक कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। जिसमें से सिकछा कर भेंट गतिविधि एक महत्वपूर्ण पहल है। शिक्षा के स्तर को बेहतर करने के साथ–साथ उपायुक्त ने विद्यालय भवनों की भी स्थिति को बेहतर करने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई की है। उपायुक्त के क्षेत्र भ्रमण के क्रम में उन्होंने दर्जनों विद्यालयों का भी दौरा किया था। जहां उन्होंने विद्यालयों की जर्जर स्थिति को देखते हुए विद्यालयों में अतिरिक्त कक्ष, किचन शेड शौचालय सहित अन्य महत्वपूर्ण मरम्मती कराने हेतु पूर्व में ही जिला शिक्षा अधीक्षक को विद्यालयों को चिन्हित करने का निर्देश दिया गया था। प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर उपायुक्त ने 60 से अधिक विद्यालयों में अतिरिक्त कक्षा, किचन शेड व शौचालय आदि बनाने हेतु प्रस्ताव पर स्वीकृति प्रदान की।

## लोहरदगा : स्वराज और राष्ट्रीयता की पहचान थे छत्रपति शिवाजी महाराजः जय श्री राम समिति

खबर मंत्र संवाददाता



जयंती मनाते जय श्री राम समिति के लोग।

**लोहरदगा।** जय श्री राम समिति के द्वारा जिले के कुडू प्रखंड स्थित रुद्र चौक में छत्रपति शिवाजी की जयंती मनाई गई। जिसमें सैकड़ो लोगों ने भाग लेकर शिवाजी के आदर्शों पर चलने की प्रेरणा ली ' इससे पूर्व कुडू प्रखंड के पंडरा, माराडीह एवं बरवा टोली मेन रोड होते हुए छत्रपति शिवाजी के स्मारक में माल्यार्पण कर जयंती मनाई। जिला संचालन समिति सदस्य व नगर अध्यक्ष दीपक साहू ने कहा आज से 350 वर्ष पूर्व छत्रपति शिवाजी महाराज का राजा अभिषेक हुआ था। उसमें स्वराज की ललकार और राष्ट्रीयता की जय जयकार समाई थी। उन्होंने हमेशा भारत की एकता और अखंडता को सर्वोपरि रखा। आज भी उनके विचारों का अनुसरण किया जाता है। सैकड़ो वर्षों की गुलामी और आक्रांताओं ने देशवासियों का आत्मविश्वास छीन लिया था। ऐसे समय में लोगों में विश्वास जगाना बहुत ही कठिन था परंतु छत्रपति शिवाजी महाराज ने आक्रांताओं से डटकर मुकाबला किया और लोगों में एक विश्वास पैदा किया कि स्वयं का राज संभव है उन्होंने गुलामी की मानसिकता को खत्म कर राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित किया। मौके पर जय श्रीराम समिति के पंडरा अध्यक्ष पवन साहू, माराडिह अध्यक्ष सूरज भारती, जिमा अध्यक्ष अक्षय कुमार, मुख्य सहयोगी ऋतिक पाठक और नितेश साहू, उमेश यादव, अक्षय कुमार, नीरज बैठा, शाहदेव साय, शशिकांत साहू, आनंद, सचिन, बिट्ठू, उदय, अभिषेक, विकास, हर्ष, सुजल, करण, प्रेम, लोकेश समेत काफी संख्या में सदस्यगण शामिल हुए।

## लोग जरूरत पड़ने पर विधिक सेवा प्राधिकार का लें लाभ : बीडीओ

**सिसई प्रखंड में चलंत लोक अदालत का हुआ आयोजन**

खबर मंत्र संवाददाता



**गुमला।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष संजय कुमार चंधरियावी के निर्देशानुसार तथा सचिव निर्मला बरला के मार्गदर्शन में मंगलवार को सिसई प्रखंड कार्यालय परिसर में चलंत लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से स्थाई लोक अदालत के सदस्य शंभू सिंह, लीगल एड डिफेंस काउंसिल के इंदु पांडे, पैनल अधिवकता सुधीर कुमार पांड, उपस्थित थे। मौके पर शंभू सिंह ने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार लोगों को प्रशासन एवं न्याय प्रशासन से जोड़ती है और उन्हें हर संभव मदद प्रदान करती है। उन्होंने कहा की जो लोग केस लड़ने के लिए वकील अपने पैसे से नहीं रख पाते हैं उनको सरकार की ओर से वकील का व्यवस्था किया जाता है। पीड़ित लोगों को मुआवजा देने का कार्य भी करती है। उन्होंने बताया कि स्थाई लोक अदालत में किसी तरह का कोई फीस नहीं लगता है और यह अदालत प्रत्येक कार्य दिवस पर खुला रहता है। बैंक लोन और छोटे-छोटे मामलों के लिए जो अन्य कोर्ट में नहीं गए हो स्थाई लोक अदालत में आकर अपने वादों का निपटारा निशुल्क तौर पर कम समय में करवा सकते हैं। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि आप लोग जरूरत पड़ने पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार से कानूनी सहायता लेकर लाभ उठाएं।

## अबुआ आवास में धांधली को लेकर डीडीसी को ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

खबर मंत्र संवाददाता



**भंडरा।** भंडरा प्रखंड में अबुआ आवास योजना के लिये विशेष ग्राम सभा सूची में लाभुकों की कोटि में गड़बड़ी को लेकर डीडीसी को ज्ञापन सौंपा है। डीडीसी को दिए आवेदन में कुम्हरिया के ग्रामीणों ने कहा कि अबुआ आवास योजना के लाभ लेने के लिए जातिवार आरक्षण के तहत लाभुकों की सूची तैयार किया जाना था, परंतु भंडरा प्रखंड में अल्पसंख्यक लाभुकों को ओबीसी कोटे में डाल दिया गया है। जबकि इस मामले को लेकर पूर्व में भी ग्रामीणों द्वारा बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा को अवगत कराया गया था। इस स्थिति में ओबीसी, एसटी व एसी कोटे के लोगों को भारी नुकसान होगा। साथ ही कहा है कि इस तरह अबुआ आवास योजना की स्वीकृत सूची से गड़बड़ी को दूर करते हुए योग्य व कोटिवार सूची के तहत लाभुकों को योजना का लाभ दिलाया जाए। इस दौरान मुनिलाल साहू, भोला साहू, संजय उरांव, बिंदु साहू, सोनी कुमारी, मंटू साहू, सत्यनारायण साहू सहित ग्रामीणों के हस्ताक्षर शामिल है।

## रोजगार की कमी नहीं है लेकिन कंपनियों के लिए योग्य उम्मीदवार मिलते नहीं हैं : उपायुक्त

**रोजगार मेला का हुआ आयोजन, 652 पंजीकृत युवाओ में से 312 को प्लेसमेंट एजेंसी में किया गया चयन**

दस युवतियों के बीच रोजगार मेला में किया गया नियुक्ति पत्र का वितरण

खबर मंत्र संवाददाता





**गुमला।** जिला प्रशासन एवं पलाश झारखण्ड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी गुमला के संयुक्त तत्वाधान में मंगलवार को जिला स्तरीय रोजगार सृजन मेला का आयोजन नगर भवन गुमला में किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी व उपविकास आयुक्त दिलेश्वर महतो, जिला नियोजन पदाधिकारी, जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी, महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र, जिला अग्रणी प्रबंधक के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वल्लित कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि युवाओं को रोजगार देने की जेएसएलपीएस की पहल सराहनीय है। इस कार्यक्रम के माध्यम से युवाओ को अपनी पसंद के अनुसार रोजगार चयन का अवसर उपलब्ध हो पाया। उपायुक्त ने कहा कि जो उम्मीदवार हैं उन्हें समझना होगा कि रोजगार की कमी नहीं है किंतु कंपनियों में काम करने के योग्य उम्मीदवार मिलते नहीं। आप अपनी कौशल का विकास करें रोजगार जरूर मिलेगा। उपविकास आयुक्त ने कहा कि सभी युवा इस प्रकार के रोजगार मेले का लाभ उठाये। जिला कार्यक्रम प्रबंधक शैलेन्द्र जारिका कहा कि इस योजना के तहत गरीब ग्रामीण युवाओं को रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण प्रदान कर सीधे रोजगार से जोड़ने के लिए कार्य किया जाता है। परियोजना का मुख्य लक्ष्य 18 से 35 वर्ष के गरीब ग्रामीण युवाओं को विभिन्न रोजगारोन्मुखी से संबंधित कौशल का प्रशिक्षण देकर उन्हें रोजगार उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम में विभिन्न प्रखंडो से 1000 से अधिक लोगो ने भाग लिया। रोजगार मेले में 19 कंपनियों के द्वारा बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार प्रदान करने के उद्देश्य से स्टॉल लगाया गया। जिसमे गुमला जिले से कुल 652 पंजीकृत युवाओ में से 312 युवक एवं युवती को प्लेसमेंट एजेंसी द्वारा विभिन क्षेत्रों में चयन किया गया। जिसमे से 10 युवतियो को उपायुक्त एवं उप विकास आयुक्त के द्वारा नियुक्ति प्रदान पत्र किया गया। कार्यक्रम में भाग लेने वाले विभिन प्लेसमेंट एजेंसी के प्रतिनिधियों द्वारा भी युवाओ को रोजगार के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी।

## झामुमो ने निकाली न्याय यात्रा



**कैरो।** प्रखण्ड के गजनी पंचायत में जेएमएम केंद्रीय समिति सदस्य समीद अंसारी की उपस्थिति में कार्यकर्ताओ के द्वारा मंगलवार को प्रखण्ड सचिव धनपत उरांव की अगुवाई में न्याय पदयात्रा निकाला गया। न्याय पदयात्रा गजनी पंचायत भवन के सामने से शुरू होकर विभिन्न गली मुहल्लों से होकर गुजरा। मौके पर कैरो जिला परिषद सदस्य सह जेएमएम नेता सुखदेव उरांव ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार अपने पावर का गलत इस्तेमाल करते हुए झारखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री हेंमत सोरेन को षड्यंत्र के तहत झूठे केस मुकदमा में फंसाया गया और जेल भेजने का काम किया है। जिससे झारखण्ड की जनता काफी दुखी है क्योंकि एक आदिवासी नेता को जानबूझकर प्रताड़ित किया गया। मौके पर केंद्रीय समिति सदस्य समीद अंसारी, प्रखण्ड सचिव धनपत उरांव, समीरुदीन अंसारी, चन्द्रदेव उरांव, रजमुदिन अंसारी आदि उपस्थित थे।

सप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस में आवेदकों ने की उपायुक्त से मुलाकात

## दिव्यांगों को ऑन द स्पॉट प्रदान किया गया साइकिल कई लोगों का नाम अबुआ आवास में जोड़ा गया

खबर मंत्र संवाददाता



**गुमला।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में मंगलवार को साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें दूर दराज से लगभग 80 से अधिक आवेदकों की उपस्थित हुए। जन शिकायत निवारण दिवस में आवेदकों के द्वारा अबुआ आवास योजना योजना, राशन कार्ड, पेंशन, दिव्यांग ट्राइसाइकिल, जाति प्रमाण पत्र, कस्तूरबागांधी में नामांकन, गांव में पानी की समस्या, जमीन विवाद, आयुष्मान कार्ड,जल मीनार के निर्माण, अनुकंपा पर नौकरी संबंधित कई मामले रखे। उपायुक्त द्वारा सभी मामलों पर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। कई दिव्यंगो ने भी उपायुक्त से आकर मुलाकात की। कुछ दिव्यंगों ने दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने की मांग की। वहीं कुछ आवेदकों ने दिव्यांग पेंशन की भी मांग की। जिसके लिए उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए दिव्यांगों को प्राथमिकता के आधार पर समुचित सहायता देने का निर्देश दिया। इस दौरान भंडरिय ग्राम निवासी दिनेश गोप, लेगांव पंचायत निवासी संजीत तिर्की, आरंगो पंचायत के माहो उरांव, सोसो ग्राम निवासी हेरमन कुजूर एवं एक महिला दिव्यांगों के द्वारा बैट्री चलित रिक्शा की मांग की गई। जिसे देखते हुए उपायुक्त ने त्वरित कार्रवाई की एवं सभी दिवायंगों को ऑन द स्पॉट बैटरी चालित रिक्शा उपलब्ध कराया गया।

### वृद्धा पेंशन योजना को लेकर चैनपुर प्रखंड के सभी पंचायतों में हुआ शिविर का आयोजन



चैनपुर। चैनपुर मुख्यालय के सभी पंचायतों में मंगलवार को मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना के तहत शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नये लाभुकों को पेंशन योजना से जोड़ने हेतु आवेदन लिया गया। साथ ही उन्हें जागरूक किया गया। इस योजना से सभी वर्ग की महिलाएं एवं अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति वर्ग के सभी महिला एवं पुरुष वर्ग लाभान्वित हो सकती हैं। जिनकी आयु 50 से अधिक है। वहीं अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति के पुरुष आवेदक को योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु जाति प्रमाण पत्र की छाया प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा। लेकिन महिला आवेदक को जाति प्रमाण पत्र की छाया प्रति संलग्न करना अनिवार्य नहीं होगा। मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना के आवेदन हेतु आधार कार्ड का छाया प्रति, वोटर कार्ड का छाया प्रति, पासपोर्ट साइज फोटो, बैंक खाता की छाया प्रति देना आवश्यक होगा। इधर सभी पंचायत मिलाकर आवेदनों की कुल संख्या तीन सौ पहुंच चुकी है।

### गुमला में फिर चरमराने लगी है जलापूर्ति व्यवस्था

**गुमला।** गुमला शहर में जलापूर्ति व्यवस्था एक बार फिर चरमराती नजर आ रही है। शहर में एक दिन जलापूर्ति कर दो दिन बंद कर दिया जाता है। शहरी क्षेत्र के कई वार्ड ड्राई जोन के रूप में चिह्नित हैं। जहां जलापूर्ति के पानी से ही लोग घरेलू उपयोग के काम करते हैं। जलापूर्ति नहीं होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कांग्रेस नेता रमेश कुमार ने कहा कि शहरी क्षेत्र में जलापूर्ति समस्या का समाधान लंबे समय से नहीं हो सका है। हर चार दिन में जलापूर्ति बाधित हो जाती है। विभागीय उदासनीता के कारण भी जलापूर्ति एक समस्या बन गई है। उन्होंने निर्बाध जलापूर्ति किये जाने की जिला प्रशासन से अपील की है।

### सांता पब्लिक स्कूल गुमला में घटित घटना पर हो कार्रवाई : गजेंद्र सिंह

**गुमला।** सांता पब्लिक स्कूल शास्त्री नगर गुमला में घटी आगजनी की घटना पर चिंता व्यक्त करते हुए भाकपा माले के जिला सचिव गजेंद्र सिंह ने कहा कि असामाजिक तत्वों द्वारा घटना को अंजाम दिया जाना लॉ एंड ऑर्डर पर प्रश्न चिन्ह खड़ा होता है। शहर के बीचो–बीच शैक्षणिक संस्थानों पर इस तरह की घटना दुखद है। हमारी पार्टी मांग करती है कि इसकी जांच हो और दोषियों पर कार्रवाई हो।

### जेएसएलपीएस की महिलाओं ने चैनपुर थाना प्रभारी को दी विदाई



**चैनपुर।** चैनपुर थाना प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह स्थानांतरण पर मंगलवार को जेएसएलपीएस चैनपुर की महिलाओ ने पुष्प गुच्छा तथा शॉल ओढ़ाकर उनको विदाई दी। मौके पर महिलाओ ने कहा कि आपका कार्यकाल चैनपुरवासी हमेशा याद रखेंगे। अपने चैनपुर प्रखंड में शांति व्यवस्था बनाये रखने में अहम भूमिका अदा की है। यहां किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना नहीं घटी तथा आपने हमशा महिलाओं के साथ अच्छा बर्ताव किया। मौके पर मुख्य रूप से एस आई मदन शर्मा, अजय कुमार, मानिक मार्डी, जेएसएलपीएस की जनतून खातून, रुक्मणि देवी, संगीता देवी, सरिता देवी, आश्रिता देवी, इला देवी समेत कई लोग उपस्थित थे।

## यूथ कांग्रेस के अभिनव सिद्धार्थ ने लिया ओला वृष्टि से बर्बाद फसलों का जायजा

खबर मंत्र संवाददाता



**कैरो।** बीते दिनों भारी बारिस के साथ हुए ओलावृष्टि से हुए भारी फसल नुकसान को लेकर मंगलवार को यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव सह उड़ीसा प्रदेश यूथ कांग्रेस प्रभारी अभिनव सिद्धार्थ प्रखण्ड के गितिलगढ़ गांव पहुंचकर किसानों से मिले और खेतों में लगे फसल का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि किसान हमारे अन्नदाता है जब किसान भाई आर्थिक मामले में आत्मनिर्भर नही होते है तबतक विकास अधूरा है। किसानों की क्षति पूर्ति की मांग को लेकर पदाधिकारियो से बात की जाएगी उन्हें हर हाल में क्षतिपूर्ति मिलनी चाहिये। मौके पर प्रखण्ड प्रमुख श्रीराम उरांव, शिव उरांव, लछु उरांव, तिला उरांव, रोहित प्रजापति, अफरोज अंसारी, मंटू भगत, टेटे उरांव, रेलवा उरांव, सोनी तिर्की, बिनोद उरांव,राजू टाना भगत, अनीश अंसारी, सोनू उरांव, एहसान अंसारी, वसीम अंसारी, इमरान अंसारी, अनिता एक्का, ओलिवा तिर्की, प्रकाश भगत, छोटू उरांव आदि उपस्थित थे।

## चैनपुर प्रखंड प्रमुख के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव निरस्त, आठ सदस्य हुए शामिल

खबर मंत्र संवाददाता



**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड प्रमुख ओलिभा कांता कुजूर के विरुद्ध लाया गया अविश्वास प्रस्ताव कोरम पुरा नहीं होने के कारण मंगलवार को निरस्त हो गया। सोमवार को अविश्वास प्रस्ताव पर कार्यवाही शुरू हुई। 12 सदस्यों में तीन चौथाई सदस्यों की उपस्थिति अनिवार्य थी। लेकिन केवल आठ सदस्य ही उपस्थित थे। पंचायती राज अधिनियम के धारा 33 के अनुसार तीन चौथाई से अधिक सदस्यों की उपस्थिति होनी चाहिए थी। लेकिन अविश्वास प्रस्ताव को लेकर कोरमा ही पूरा नहीं हो सका। अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में पर्याप्त सदस्यों की संख्या होने पर वोटिंग की प्रक्रिया का प्रावधान है। लिहाजा अविश्वास प्रस्ताव को एसडीओ ने निरस्त कर दिया। प्रस्ताव के अनुसार अब एक वर्ष तक प्रखंड प्रमुख के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव नहीं लाया जा सकता। विदित हो की चैनपुर प्रखंड में कुल पंचायत समिति सदस्यों की संख्या 10 है। वही विधायक व सांसद के मिलाकर सदस्यों की संख्या कुल 12 थी।

## समाज के उत्थान के लिए शिक्षा जरूरी : डॉ नारायण उरांव

**जिला स्तरीय कुंडुख कत्था तोलोंग सिकि सप्ताह समारोह का आयोजन**

खबर मंत्र संवाददाता





**भंडरा।** प्रखंड के सेमरा गांव स्थित पड़हा कुंडुख स्कूल पलमी में लोहरदगा जिला स्तरीय कुंडुख कत्था तोलोंग सिकि सप्ताह समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ डांडा काटना, आनाआदि प्रार्थना एवं सात पड़हा पलमी के देवान शनिचरण उरॉव तथा गुमला जिला 9 पड़हा कोटवार गजेंद्र उरॉव, सात पड़हा सिसई से देवान मटकू उरॉव और विभिन्न कुंडुख विद्यालय के बच्चों और शिक्षक सामिल रूप कर दीप प्रज्वलित कर समारोह का प्रारंभ किया गया। सात पड़हा कुंडुख विद्यालय पलमी, आशा आदिवासी विद्यालय बलसोता सरना टोली भण्ड़रा, धुमकुडिया अमदरी, ऐड खेप्पे कुंडुख लुरकुडिया ईरगॉव, देयाल उरॉव छलको डिपा लुरकुडिया खरकी किसको, वीर बुध्दू भगत कुंडुख लुरकुडिया मेरले, प्रस्तावित कुंडुख उच्च विद्यालय शिवनाथपूर, धुमकुडिया शिवनाथपूर, वीर बुध्दू भगत लुरकुडिया सैन्दा, कार्तिक उरॉव कुंडुख विद्यालय मंगलों सिसई, जतरा टाना भगत कुंडुख इंग्लिश मीडियम विश्राम पूर सिसई विद्यार्थियों के बच्चों द्वारा संस्कृति नृत्य प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर तोलोंग सिकि के निमार्ता एवं संरक्षक डॉक्टर नारायण उरॉव ने कहा कि सभी समाज में अपनी भाषा संस्कृति है उसी प्रकार से हमारे कुंडुख समाज के अपनी भाषा और लिपि है। उन्होंने ने कहा कि लोगों को अपनी कुंडुख तोलोंग सिकि को समज के संरक्षण के लिए आज दौर में पढ़ाना अनिवार्य है, क्योंकि अपनी समाज की भाषा और लिपि है। समारोह को अद्दी अखड़ा के अध्यक्ष शरण उरॉव, उपाध्यक्ष धरमशाह उरॉव, डॉ शान्ति खलखो, डॉ आगस्टिन केरकेट्टा, पड़हा कोटवार गजेंद्र उरॉव, संयोजक संजीव भगत, कार्तिक उरॉव कुंडुख लुरकुडिया मंगलों अरविंद उरॉव, भुनेश्वर उरॉव, टाटा स्टील फॉउडेंसन के रितेश टुडू ने भी संबोधित किया। इस मौके पर सात पड़हा कुंडुख विद्यालय पलमी के संजय उरॉव, आशा आदिवासी विद्यालय बलसोता, सिसई सहित कई गावों के सदस्य शिक्षक छात्र- छात्राएं और ग्रामीण उपस्थित थे।

## मिशन बदलाव ने अबुआ आवास योजना के लाभुक चयन में लगाया गड़बड़ी का आरोप

डीसी को ज्ञापन सौंपकर जांच की मांग की, पक्का मकान वालों को लाभुक सूची में नाम जोड़ने का लगाया आरोप

खबर मंत्र संवाददाता



डीसी से मिलने पहुंचे मिशन बदलाव टीम के सदस्य।

**गुमला।** मिशन बदलाव के जिला सचिव सैयदा खातुन व नगर कार्यकारी अध्यक्ष सुशील इंदवार के नेतृत्व में मंगलवार को मिशन बदलाव कामडारा के सदस्यों ने उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी को ज्ञापन सौंपकर अबुआ आवास योजना में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए जांच की मांग की। मिशन बदलाव टीम के सदस्यों ने कहा कि अबुआ आवास योजना में जिनका पहले से पक्का मकान है उनका चयन कर लिया गया है। ऐसे में उन गरीबों को योजना का लाभ नहीं मिल पाएगा जो लंबे समय से कच्चा मकान में रह रहे हैं और योजना के लिए आवेदन किये हैं। मिशन बदलाव कामडारा टीम के सदस्यों ने बताया कि विगत दिनों कामडारा प्रखण्ड अध्यक्ष मारवाड़ी विरहोर की अध्यक्षता में ग्रामीणों की बैठक हुई थी। जिसमें ग्रामीणों ने अवगत कराया था कि अबुवा आवास में भारी गड़बड़ियां हुई है और जिनको पक्का मकान है उनको भी योजना के लाभ की सूची में जोड़ दिया गया है। टीम के द्वारा उपायुक्त को पक्का मकान वालों की सूची भी तैयार कर सौंपा गया है। उपायुक्त से मिलने के क्रम में मिशन बदलाव के सुशील इंदवार ने बताया कि अबुवा आवास योजना के तहत 8 लाख गरीब परिवारों को पक्का मकान देने को लेकर मुख्यमंत्री ने महत्वपूर्ण कदम उठाया था। डीसी से मिलने वालों में गुमला से ज्योति वर्मा, कामडारा प्रखण्ड के वार्ड सदस्य दिकू बरला, बिरजयूस बरला, ज्योति तिर्की ग्रामीण उपस्थित थे।

# अक्षरा सिंह और अल्ताफ राजा ने बांधा समां, झूम उठे दर्शक

खबर मन्त्र संवाददाता

**इटखोरी।** तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव का रंगारंग आगाज हुआ। पहले दिन 19 फरवरी को सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों के अलावे बॉलीवुड और भोजपुरी कलाकार ने अपनी प्रस्तुति से समां बांध दिया। कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय इटखोरी के बच्चियों, मुकुंद नायक ग्रुप, सत्या ठाकुर ग्रुप ने महोत्सव के पहले दिन अपनी कला का जलवा बिखेरा। वहीं बॉलीवुड के कव्वाली गायक अल्ताफ राजा और भोजपुरी गायिका अक्षरा सिंह के गाने ने समां बांध दिया। बॉलीवुड सिंगर अल्ताफ राजा ने आवारा हवा का झोका हूं... तुम तो ठहरे परदेसी के साथ अल्ताफ ने आवारा हवा का झौंका हूं.... इश्क और प्यार का मजा लीजिए.... पहले तो कभी कभी गम था.... तुमसे कितना प्यार है.... जैसे गीत सुनाकर दर्शकों को भावविभोर किया। श्रोता उनकी गीतों पर झूमते नजर आए। इसके बाद भोजपुरी गायिका अक्षरा सिंह ने भोजपुरी गीत प्रस्तुत किए। सजा दो घर मेरे भगवान आए हैं...., लग्न तुमसे लगा बैठे हैं , जो होगा देखा जाएगा...., चलगे गंगिया डुबकी लगावे गंगा के पानी में..., आग लगे ना राजा जी..., दुनिया है मेरे पीछे मैं हूं तेरे पीछे...आदि गीत सुनाए तो दर्शक बेकाबू हो उठे और नाचने लगे। कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले सभी कलाकारों को मंत्री, डीसी, एसपी, डीडीसी ने स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया।



मंच पर प्रस्तुति देते गायिका अक्षरा सिंह

## इटखोरी महोत्सव : उमड़ी लाखों की भीड़



कार्यक्रम में उमड़ी भीड़

**इटखोरी।** महोत्सव के पहले दिन 19 फरवरी को सांस्कृतिक कार्यक्रम देखने के लिए जनसैलाब उमड़ पड़ा। महोत्सव के पहले दिन के कार्यक्रम में लाखों की संख्या में उपस्थित दर्शकों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनन्द उठाया। पूरा मैदान खचाखच भरा था। ब्लॉक मोड़ से लेकर कार्यक्रम स्थल तक लोगों की कतार लगी थी। एसपी राकेश रंजन स्वयं घूम घूम कर स्थिति का जायजा ले रहे थे। एसपी हर गतिविधि पर नजर रखे हुए थे। दर्शकों ने मेले में जहां खरीदारी की वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रम का खूब आनंद उठाया। कार्यक्रम को देखने के लिए कई लोगों को बैठने के लिए जगह तक नहीं मिल पाई और उन्हें मायूस होकर लौटना पड़ा। अत्यधिक भीड़ की वजह से पुलिस प्रशासन को काफी मशक्कत करनी पड़ी। सांस्कृतिक कार्यक्रम देखने के लिए लोगों का हुजूम शाम बजे से ही भद्रकाली मंदिर पहुंचना शुरू हो गया था। नौ बजते ही कार्यक्रम स्थल लोगों की भीड़ से पट गया था।



मंच पर प्रस्तुति देते गायक अल्ताफ राजा

## पुरातत्व ने इटखोरी को दिलाई अंतरराष्ट्रीय पहचान

इटखोरी। राजकीय इटखोरी महोत्सव के दूसरे दिन मंगलवार को मां भद्रकाली मंदिर परिसर में इटखोरी का पुरातात्विक व सांस्कृतिक महत्व पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के पुरातत्वविद, इतिहासकार तथा विद्यार्थी भी शामिल हुए। संगोष्ठी का उद्घाटन भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के रांची मंडल के अधीक्षण पुरातत्वविद राजेंद्र देहुरी, बौद्ध धर्म गुरु भंते तिस्सावरो, जिला शिक्षा अधीक्षक दिनेश मिश्रा व अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। अपने संबोधन में अधीक्षण पुरातत्वविद राजेंद्र देहुरी ने कहा कि इस क्षेत्र के पुरातत्व ने इटखोरी को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाई है। इटखोरी पुरातत्व के दृष्टिकोण से अब पहचान का मोहताज नहीं है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र के कई गांव में प्राचीन कालखंड की कलाकृतियां व प्रतिमाएं पाई जाती है। यहां के पुरातात्विक महत्व को देखते हुए ही पुरातत्व विभाग ने इस परिसर में पुरातात्विक खोदाई की थी। इस क्षेत्र का पुरातत्व प्रागैतिहासिक कल से भी यहां को जोड़ता है। उन्होंने यहां के पुरातत्व पर निरंतर शोध करने की आवश्यकता जताई। बौद्ध धर्म गुरु भंते तिस्सावरो ने कहा कि इस क्षेत्र में पुरातात्विक खोदाई के लिए उनके द्वारा लंबा संघर्ष किया गया है। तब जाकर पुरातत्व विभाग के द्वारा यहां खोदाई की गई थी। इटखोरी देश दुनिया में प्रसिद्धि पा रहा है। पुरातत्व विभाग के सहायक पुरातत्वविद नीरज मिश्रा ने विस्तार पूर्वक इटखोरी के पुरातत्व तथा इतिहास पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि अब तक जो पुरातात्विक तथ्य प्राप्त हुए हैं उससे यह पता चला है कि यहां का इतिहास आठवीं शताब्दी से लेकर 13वीं शताब्दी कल तक काफी समृद्ध था। इस पर और अधिक शोध तथा सर्वेक्षण करने की दरकार है। सहायक अधीक्षण पुरातत्वविद अजहर ने भी इटखोरी के पुरातत्व पर महत्वपूर्ण विचार रखें। संगोष्ठी को प्रोफेसर एसके पांडेय, अमरदीप कुमार आशीष बखला ने भी संबोधित किया। संगोष्ठी के पश्चात जिला प्रशासन के द्वारा वक्ताओं को साल ओढ़ाकर तथा मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

## न्यायधीश एस एन पाठक और मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने उठाया सांस्कृतिक कार्यक्रम का लुत्फ

इटखोरी। राजकीय इटखोरी महोत्सव के पहले दिन आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम का झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायधीश एस एन पाठक और मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने लुत्फ उठाया। न्यायधीश एस एन पाठक आगमन पर प्रभारी जिला व सत्र न्यायाधीश राजेश कुमार सिंह, डीसी अबु इमरान और एसपी राकेश रंजन ने पौधा भेंट कर उनका स्वागत किया। न्यायाधीश एस एन पाठक ने कार्यक्रम में आए सभी कलाकारों का सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया।



मंच पर प्रस्तुति देते मुकुंद नायक ग्रुप

## मुकुंद नायक ग्रुप ने दी नृत्य व लोक गीत की प्रस्तुति

**इटखोरी।** तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव में झारखंडी परंपरा की झलक देखी गई। पारंपरिक नृत्य एवं गीतों से समां सुहाना हो गया। महोत्सव कार्यक्रम में पद्मश्री लोक कलाकार मुकुंद नायक ने समां बांध दिया। वहीं सत्या ठाकुर ग्रुप ने अपनी कला के माध्यम से राज्य की प्राचीन सभ्यता से दर्शकों को परिचित कराया। कलाकारों ने रंग बिरंगे कपड़े में जब छऊ नृत्य और पाईका नृत्य की प्रस्तुति दी। मुकुंद नायक और उनकी टीम ने अपने गीत-संगीत और नृत्य से लोगों को काफी आनंदित किया। मुकुंद नायक जब अपने ग्रुप के कलाकारों के साथ झारखंडी परिधान में मंच पर पहुंचे तो उपस्थिति दर्शकों ने तालियों से उनका अभिनंदन किया। पद्मश्री मुकुंद नायक ने अपनी सुरीली आवाज से नागपुरी एवं संताली में गीत प्रस्तुत कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने गीत के माध्यम से सामाजिक एकता , भाईचारा व आदिवासी संस्कृति की रक्षा का संदेश दिया। मुकुंद नायक ग्रुप के कलाकारों ने ग्रुप बनाकर मांदर की थाप पर पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत किया। सभी पारंपरिक परिधान में सजे हुए थे। मुकुंद नायक ने कि राजकीय इटखोरी महोत्सव के आयोजन से आदिवासियों में उनकी संस्कृति, भाषा एवं वेशभूषा की झलक मिलती है।

## एक नजर में

### पत्रकार की पत्नी ने आरकेएस कंस्ट्रक्शन के मालिक, साइट इंचार्ज व अन्य पर साजिश के तहत हत्या का लगाया आरोप

**कोडरमा।** झुमरीतिलैया के बाईपास रोड स्थित ओवरब्रिज के समीप सोमवार की शाम पत्रकार संतोष मिश्रा की मौत मामले में पुलिस ने हत्या का केस दर्ज किया है.। दिवंगत पत्रकार की पत्नी रंजीता कुमारी के आवेदन के आधार पर पुलिस ने धारा 302, 120बी, 279 व 34 आईपीसी के तहत कांड संख्या 33/24 दर्ज किया है.। दर्ज मामले में एनएचएआई हजारीबाग के प्रोजेक्ट डायरेक्टर, बरही से कोडरमा तक फोरलेन का निर्माण करा रही कंपनी आरकेएस कंस्ट्रक्शन के मालिक, साइट इंचार्ज व अन्य पर साजिश के तहत हत्या का आरोप लगाया गया है, पुलिस अब पूरे मामले की जांच करेगी। मंगलवार को पत्रकार संतोष मिश्रा का अंतिम संस्कार पानी टंकी रोड स्थित श्मशान घाट में किया गया। पुराना बस स्टैंड स्थित आदर्श नगर स्थित आवास पर उनका शव पहुंचते ही माहौल गमगीन हो गया, परिजनों की चित्कार से हर आंख नम हो गई। शहर के बुद्धीजिवियों, पत्रकारों व गणमान्य लोगों ने दिवंगत पत्रकार को अंतिम विदाई दी। अंतिम यात्रा में भारी संख्या में पत्रकार व अन्य लोग शामिल हुए.। सोमवार शाम घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने रांची-पटना मुख्य मार्ग को करीब पांच घंटे तक जाम रखा। देर रात करीब 11 बजे एसडीओ रिया सिंह, एसडीपीओ जीतवाहन उरांव, कोडरमा सीओ कमल किशोर सिंह, तिलैया थाना प्रभारी विनय कुमार के द्वारा घटना को लेकर एफआईआर दर्ज करने सहित अन्य आश्वासन देने पर जाम को हटाया गया। देर रात मृतक का शव अंत्यपरीक्षण के लिए सदर अस्पताल ले जाया गया। वहीं मंगलवार को डीसी मेघा भारद्वाज के आदेश पर मेडिकल बोर्ड ने शव का पोस्टमार्टम किया।

### पंचायत समिति की बैठक संपन्न, कई मुद्दों पर हुई चर्चा

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित सभागार में मंगलवार को पंचायत समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख विजय कुमार सिंह ने की। इस बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा हुई। कुछ मुद्दों पर सदस्यों ने हंगामा करने का भी प्रयास किया, मगर प्रखंड प्रमुख ने सब को शांत कर के मामले को आगे बढ़ाया। पंचायत समिति की बैठक में प्रखंड प्रमुख ने अबुआ आवास का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि अबुआ आवास में आहर्ता रखने वालों का नही हो रहा है और जो आहर्ता नहीं रखते हैं उनका अबुआ आवास मिल रहा है, इसकी जांच होनी चाहिए। वहीं मुखिया रणजीत कुमार सिंह ने मुद्दा उठाया कि ग्रीन कार्ड बनाने के लिए लाभुकों से 5000 से 6000 रुपये लेकर ग्रीन कार्ड बनाया जा रहा है एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा गरीबों का दिया गया लिस्ट को दरकिनार कर दिया जाता है। पेयजल एवं स्वक्षता विभाग के द्वारा कई महीनों से चापाकल का मरम्मत नही हो पा रहा है, तहसील कचहरी में राजस्व कर्मचारी कभी नही बैठते हैं, वो कम से कम सप्ताह में दो दिन बैठें। उन्होंने कस्तूरबा विद्यालय से निकलने वाला पानी परियोजना बालिका उच्च विद्यालय के पास जमा होकर दुर्गंध फैला रहा है, इसकी कोई व्यवस्था किया जाय। वहीं पंसस नसीम अंसारी ने मुद्दा उठाया कि डीलर राशन लेने के लिए फिंगर प्रिंट ले लेने के बाद आठ दिनों के बाद राशन देने का मुद्दा उठाया।

### जश्न ए दस्तार बंदी प्रोग्राम का आयोजन

मरकच्चो (कोडरमा)। दारूल उलूम गौसिया व झारखंड एजुकेशनल सेंटर मदीना नगर अंबाटांड़ मुर्कमनाय में 19 फरवरी की रात एक अजीमुश्शान जलसा बनाम अनवारे मदीना कॉन्फ्रेंस व जशने दस्तार बंदी प्रोग्राम का आयोजन किया गया। जिसमें भारत के मशहूर व मारूफ खोतबा शेरा तशरीफ लाए। पीरे तरीकत सूफी हजरत अल्लमा मुफ्ती महबूब अहमद भागलपूरी, मोकर्ररीरे खुसुसी मौलाना शहादत नाइबे ब्लायबी उड़ीसा, मौलाना सद्दाम जामी जामताड़ा, नात खाने रसूल शहजाद संबलपूरी, रफीक अंजुम मधुपूरी, मुख्तार आलम परवाना जामताड़ा, नकीबे आले हिंदुस्तान मौलाना जमशेद जौहर नोमानी, दीगर मोकमी ओलमा शोरा तशरीफ लाए। जलसे में मौजूद लोगों के साथ देश की तरक्की और अमन के लिए दुआ मांगी गयी। उलमा ने नबी की सुन्नतों पर अमल करने, अल्लाह को याद रखने और इंसानियत के रास्ते पर चलने की सलाह दी।

### मेघातरी बस पड़ाव में 25 लाख की लागत से बाउंड्रीवाल का शिलान्यास

**कोडरमा।** जिला परिषद की स्व आय मद से कोडरमा प्रखंड के मेघातरी बस पड़ाव में 25 लाख की लागत से बॉउंड्रीवाल का शिलान्यास जिप अध्यक्ष रामधन यादव ने किया। वहीं उन्होंने कहा कि मेघातरी बस पड़ाव को चाहरदीवारी युक्त बनाने को लेकर स्थानीय ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों की ओर से मांग की जा रही थी। जिला परिषद बोर्ड में भी यह मामला आया था। उन्होंने कहा की गांव-पंचायत को विकास योजनाओं को जोड़ने का कार्य गंभीरता से किया जा रहा है। उन्होंने कहा की जनता से जुड़े मुद्दे और सुविधा बढ़ाने को लेकर कार्य तेज गति से हो रही है।

## हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास

20 हजार जुर्माना भी लगाया, जुर्माना की राशि नहीं देने पर एक वर्ष अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** जमीन विवाद में हत्या किए जाने के एक मामले की सुनवाई करते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय अजय कुमार सिंह की अदालत ने मंगलवार को आरोपी विपिन कुमार पिता विशुंधरी जिला कोडरमा निवासी को 302 आईपीसी के तहत दोषी पाते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 20 हजार रुपए जुमार्ना लगाया। जुमार्ना की राशि नहीं देने पर एक वर्ष अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। वहीं अदालत में 323, 324, 341 व 504/34 आईपीसी के तहत दोषी पाते हुए सश्रम कारावास की सजा सुनाई एवं जुमार्ना लगाया। सभी सजाऐ साथ-साथ चलेंगी।

**मामला वर्ष 2016 का है :** इसे लेकर सतगावां थाना कांड संख्या 44/2016 एवं एसटी 198/2021 दर्ज किया गया था, अभियोजन का संचालक लोक अभियोजक पीपी एंजेलिना वारला ने किया। इस दौरान सभी 10 गवाहों का परीक्षण कराया गया। लोक अभियोजक पीपी एंजेलिना वारला ने कार्रवाई के दौरान अपराध की गंभीरता को देखते हुए न्यायालय से अभियुक्त को अधिक से अधिक सजा देने का आग्रह किया। वहीं बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता कुमार रोशन ने दलीलें पेश करते हुए बचाव किया। अदालत ने सभी गवाहों और साक्ष्यों का अवलोकन करने के उपरांत अभियुक्त को दोषी पाते हुए सजा मुकर्रर की और जुमार्ना लगाया। बताते चले कि न्यायालय ने 19 फरवरी को आरोपी को दोषी उठहराया था। इसे लेकर मृतक रूप लाल प्रसाद यादव की पत्नी शकुंतला देवी ने सतगावां थाना में मामला दर्ज कराया था। थाना को दिया आवेदन में कहा था कि 5 अगस्त 2016 को समय दिन के करीब 10 बजे उनके पति अपने खेत पर काम करने गए थे। गोतिया विशुंधरी प्रसाद यादव पिता स्वर्गीय जीतन महतो, वीपीन कुमार, सवीन कुमार एवं शुमा देवी अपने हाथ में भाला, टागी, लाठी लेकर उससे मारपीट करने लगा। इसी दौरान विशुंधरी ने भाले से सर पर मार दिया, वहीं वीपीन कुमार, शवीन कुमार एवं शुमा देवी टांगी लाठी से वार किया। इसी दौरान सर में ज्यादा चोट लगने से उनकी मौत हो गई। उन्होंने थाने में आवेदन देकर उचित कार्रवाई की मांग की थी।

## अबैध शराब की आठ भट्ठियां ध्वस्त

**सतगावां (कोडरमा)।** पुलिस ने अवैध शराब बनाने व बेचने वालो के विरुद्ध सघन छापामारी अभियान के दौरान प्रखंड के राजाबर के जंगलों में अवैध महुआ शराब और जावा महुआ को नष्ट किया किया गया। उक्त आशय की जानकारी प्रशिक्षु डीएसपी सह सतगावां थाना प्रभारी दिवाकर कुमार ने दी। जिसमें सतगावां थाना अंतर्गत ग्राम राजाबर जो बिहार सीमा के कौआकोल थाना से लगा हुआ है, जिसमें शराब के अवैध निर्माण के खिलाफ सतगावां एवं नवादा उत्पाद विभाग, कोडरमा उत्पाद विभाग द्वारा संयुक्त कार्रवाई की गई, जिसमे 8000 किलो ग्राम जावा महुआ एवं 200 लीटर देशी शराब, शराब निर्माण करने वाले उपकरण और 8 भट्ठी को ध्वस्त किया गया, साथ ही चार लोगों के खिलाफ दो अज्ञात सहित उत्पाद विभाग के द्वारा अग्रेतर करवाई की जा रही है।

## डायट कोडरमा में जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

**कोडरमा।** जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान डायट कोडरमा में जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में जिला शिक्षा पदाधिकारी नयन कुमार उपस्थित हुए। जबकि विषिष्ठ अतिथि के रूप में अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी शिव कुमार मलिक तथा जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डायट के प्रभारी प्राचार्य विजय कुमार मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया गया। प्रतियोगिता में जिले के छः प्रखंडों से कुल 188 प्रतिभागी शामिल हुए। साथ ही प्रत्येक विद्यालय के नोडल शिक्षक भी उपस्थित हुए। कार्यक्रम के दौरान जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा बच्चों को परीक्षा से संबंधित तथ्यों को बताया गया। उन्होंने क्विज में सफल होने वाले छात्र-छात्राओं के लिए विशेष शैक्षिक भ्रमण कराने का भी आश्वासन दिया। उन्होंने बच्चों को पढ़ाई करने के साथ-साथ एक अच्छे मनुष्य के गुण को उभारने की बातों को कहा ताकि एक बेहतर समाज की संरचना की जा सके। वहीं अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी शिव कुमार मलिक द्वारा भी बच्चों का उत्साहवर्धन किया गया।

## उपायुक्त जल जीवन मिशन जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**कोडरमा।** जल जीवन मिशन के तहत जल गुणवत्ता एवं अनुश्रवण हेतु आम लोगो को जागरूक करने के उद्देश्य से समाहरणालय परिसर से उपायुक्त मेघा भारद्वाज द्वारा जल जीवन मिशन जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह जल जीवन रथ जिले के सभी प्रखंडों एवं गांवों में घुम-घुमकर आम लोगों को जल की गुणवत्ता एवं अनुश्रवण के साथ हमारे दैनिक जीवन में जल के महत्व के बारे में जागरूक करने का कार्य करेगी। जल जीवन मिशन के तहत चल रहे योजनाओं की भी जानकारी आम लोगों तक पहुंचाने का कार्य करेगी। मौके पर कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल अभय टोप्पो, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग नीतीश कुमार निशांत आदि मौजूद थे।

### जागरूकता रथ रवाना

**कोडरमा।** मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना अंतर्गत न्यूनतम उम्र सीमा 60 वर्ष घटाकर 50 वर्ष राज्य की महिलाओं तथा अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति वर्ग के व्यक्तियों के लिए पंचायत स्तरीय शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 20 से 22 फरवरी 2024 तक जिले के सभी पंचायतों में आयोजन किया जा रहा है। उपायुक्त मेघा भारद्वाज द्वारा मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना से शत प्रतिशत लाभुकों को योजना से अच्छादित करने को लेकर जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। उपायुक्त ने कहा कि इस योजना से योग्य एवं आहर्ता रखने वाले लाभुकों को अच्छादित किया जायेगा। जागरूकता रथ के माध्यम से पंचायत स्तरीय शिविर के प्रति आमजनों को जागरूक किया जाएगा।

### जिला सलाहकार समिति के साथ की बैठक

**कोडरमा।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में पीसी एंड पीएनडीटी के तहत जिला सलाहकार समिति की बैठक संपन्न हुआ। बैठक में पूर्व के बैठक में लिये गये निर्णय पर हुई कार्रवाही की जानकारी प्राप्त किये। बैठक में पवन श्री अल्ट्रासाउंड, सहारा अल्ट्रासाउंड, तिलैया हार्ट क्लीनिक, मैक्स डाग्नोस्टिक एंड शीला रानी हॉस्पिटल, अपोलो अल्ट्रासाउंड, होली फैमिली हॉस्पिटल, प्लस डाग्नोस्टिक सेंटर, हेल्थ मेप डाग्नोस्टिक पर चर्चा किया गया।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त का कार्यालय, सिमडेगा
(जिला निर्वाचन शाखा)

आगामी लोकसभा आम चुनाव एवं विधानसभा आम चुनाव, 2024 हेतु निकाली गई पुर्न ई-निविदा रद्ध करने से संबंधित सूचना

आगामी लोकसभा आम चुनाव एवं विधानसभा आम चुनाव, 2024 के निमित निर्वाचन में प्रयुक्त होने वाले सामग्री तथा सेवा के लिए प्रकाशित पुर्न ई-निविदा संख्या SMD/DEO/008, SMD/DEO/009 एवं SMD/DEO/010, PR no 318941 दिनांक 09.02.2024 को निविदा की अहर्त्ता पूरी नहीं करने के कराण अपरिहार्य कारणों से रद्ध की जाती है।

उप निर्वाचन पदाधिकारी, सिमडेगा। | जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, सिमडेगा।

PR.NO.319715 Election(23-24):D

उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा
(जिला विकास शाखा)

शुद्धि पत्र

विज्ञापन PR No- 319047 दिनांक 15.02.2024 एवं इस कार्यालय ज्ञापांक 71/वि0 दिनांक 15.02.2024 द्वारा कोडरमा जिला अंतर्गत 751 आँगनबाड़ी केन्द्रों के लिए डी0एम0एफ0टी0 मद से Utensils (बर्तन) क्रय हेतु प्रकाशित इच्छा की अभिव्यक्ति को अपरिहार्य कारण से रद्द किया जाता है।

उपायुक्त-सह-
अध्यक्ष, DMFT, कोडरमा

PR 319716 District (23-24)_D

कार्यालय नगर पंचायत, कोडरमा
(Mail Id - kodermanagarpanchayata@gmail.com)

-: आम सूचना :-

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कोडरमा जिला बार एसोशियसन कैम्पस् में स्थित दुकान, गुमटी एवं दुकान योग्य स्थल जो उपलब्ध है का बन्दोबस्ती नगर पंचायत कोडरमा के द्वारा अतिशीघ्र किया जाना है।

उक्त हेतु किन्ही को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो नगर पंचायत कोडरमा में दिनांक 27.02.2024 तक अपनी आपत्ति दर्ज करा सकते है। उक्त तिथि के पश्चात किसी प्रकार की आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा।

ह0/-
प्रशासक
नगर पंचायत कोडरमा

PR 319640 (Urban Development) 23-24 (D)

कार्यालय नगर पंचायत, डोमचाँच (कोडरमा)

अति अल्पकालीन

डाक बन्दोबस्ती आमंत्रण सूचना-02/2024

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत, डोमचाँच के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में (दिनांक-01.04.2024 से 31.03.2025 तक के लिए) निम्नसैरातों की बन्दोबस्ती ई-प्रोक्यूमेंट कमिटि के अध्यक्ष की अध्यक्षता में 11:30 बजे पूर्वाह्न नगर पंचायत कार्यालय कक्ष में होगी। इच्छुक डाकधारी निर्धारित शर्त एवं समय के अनुसार दिनांक-27.02.2024 को अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में खुली डाक से बोली लगाने हेतु निर्धारित किया जाता है।

| क्र0 स0 | बन्दोबस्ती का नाम | सुरक्षित 2024-25 लिए | जमानत की राशि 10 प्रतिशत | समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | टैम्पु स्टैण्ड (कोडरमा/तिलैया की ओर जाने वाले टैम्पु) | 168900.00 | 16890.00 | दिनांक-27.02.2024 को 12:00 बजे पूर्वाह्न से |
| 2 | टैम्पु स्टैण्ड (नवलशाही /गिरीडीह की ओर जाने वाले टैम्पु) | 58500.00 | 5850.00 | दिनांक-27.02.2024 को 12:30 बजे अपराह्न से |
| 3 | सब्जी बाजार | 276100.00 | 27610.00 | दिनांक-27.02.2024 को 01:00 बजे अपराह्न से |
| 4 | टैक्सी बस स्टैण्ड | 299800.00 | 29980.00 | दिनांक-27.02.2024 को 01:30 बजे अपराह्न से |

बन्दोबस्ती की शर्त एवं विस्तृत जानकारी किसी भी कार्य दिवस को नगर पंचायत, डोमचाँच को सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

प्रशासक
नगर पंचायत, डोमचाँच

PR 319627 Urban Development (23-24)_D

## स्पीड न्यूज

### दलितों के साथ मारपीट की घटना को लेकर पीड़ित परिवारों से मिले एसडीपीओ


जानकारी लेते एसडीपीओ।

**चंदवा।** चंदवा के बाना चकला स्थित बंद पड़े अभिजीत प्लांट में जमीन के अंदर से सरिया निकालने के कार्य मे लगे ठेकेदार के कर्मियों द्वारा बीते शनिवार की रात्रि चकला के दो दलितो महेंद्र भुइयां व कैला भुइयां के साथ बेरहमी से पिटाई किए जाने के मामले की जांच करने एसडीपीओ अरविंद कुमार चकला पहुंचे। जहां उन्होंने पीड़ित परिवार से मुलाकात की व घटना स्थल एवं प्लांट का जायजा भी लिया। जांच के दौरान एसडीपीओ ने घायल कैला भुइयां एवं पीड़ित परिवार से घटना की जानकारी लेते हुए न्याय का भरोसा दिया। एसडीपीओ ने कहा कि मामले की पूरी निष्पक्षता के साथ जांच की जा रही है मामले में जो भी दोषी होंगे उन्हें बक्सा नहीं जाएगा। परिजनों से मुलाकात के दौरान चंदवा पुनि सह थाना प्रभारी रणधीर कुमार समेत काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### नेत्र स्क्रीनिंग और मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का किया गया आयोजन


उद्घाटन करते अतिथि।

**लातेहार।** मंगलवार को दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) लातेहार द्वारा नेत्र स्क्रीनिंग और मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में जिला योजना अधिकारी व विशिष्ट अतिथि के रूप में महाप्रबंधक खनन उपस्थित रहे। इस अवसर पर नेवाड़ी और डिही पंचायत लातेहार के मुखिया और पंचायत समिति के सदस्यों सहित पीआरआई अधिकारी, साथ ही डीवीसी तूबेद कोयला खदान लातेहार के अधिकारी, डीजीएम, चिकित्सा सेवा, प्रबंधक वित्त, उप प्रबंधक मानव संसाधन, सहायक प्रबंधक सीएसआर और फार्मासिस्ट शामिल थे। लातेहार में डीवीसी तूबेद कोयला खदानों के परियोजना प्रभावित क्षेत्र में और उसके आस-पास आंखों की बीमारियों, अपवर्तन त्रुटियों और मोतियाबिंद से पीड़ित वंचित व्यक्तियों को मुफ्त स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए समर्पित है।

### ऐजेंसियो का दुरुपयोग कर हेमंत सोरेन को फंसा रही है केंद्र सरकारः सीतमोहन मुंडा


न्याय यात्रा निकालते झामुमों कार्यकर्ता।

**चंदवा।** राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विरुद्ध हो रहे कार्रवाई के विरोध में मंगलवार को झामुमो जिला उपाध्यक्ष सितमोहन मुंडा, बीस सूत्री उपाध्यक्ष मनोज चौधरी एवं युवा नेता बबलू राही की अगुवाई में झामुमो कार्यकताओं के द्वारा न्याय यात्रा निकाली गई। यात्रा की शुरूआत बोदा ग्राम से हुई जो गांव का भ्रमण करते लुकुइया मोड़ पहुंचकर संपन्न हो गई। सीतमोहन मुंडा व अन्य वक्ताओं ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार केंद्रीय जांच एजेंसी का दुरुपयोग कर पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को फंसाने का काम कर रही है व बिना साक्ष्यप के जेल भेज दिया गया है। राज्य के आदिवासी नेता के साथ इस प्रकार के षड्यंत्र को झारखंड मुक्ति मोर्चा कभी सफल नहीं होने देगी व न्याय यात्रा निकालकर गांव से मुहल्लों तक केंद्र सरकार को बेनकाब करने का काम किया जाएगा। न्याय यात्रा में झामुमो के प्रखंड सचिव मो. इजहार, युवा प्रखण्ड अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रजापति, सुमन सुनील सोरेंग, रंथू गंझू, डब्लू प्रजापति, विनय पासवान छोटू कुमार, मो सेराज, राजेश कुमार, भूखन गंझू समेत काफी संख्या में अन्य लोग शामिल थे।

### 20 फरवरी से 22 फरवरी तक कैम्प लगाकर दिया जा रहा है पेंशन योजना का लाभ

**लातेहार।** लातेहार अंचल अन्तर्गत शहरी क्षेत्र के सभी वार्ड के आम/खास ग्रामीणों को सूचित करना है कि विभागीय निदेशानुसार मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना अन्तर्गत राज्य सरकार द्वारा सभी वर्गों के महिलाएं तथा अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति वर्ग के 50-60 वर्ष आयु वर्ग के पुरुष तथा महिलाओं का 20 फरवरी से 22 फरवरी तक कैम्प लगा कर पेंशन स्वीकृत करने का निर्देश प्राप्त है। ज्ञात हो कि उपयुक्त दिनांक तक धर्मपुर के मैदान मे बैडमिंटन कोर्ट के सामने शहरी क्षेत्र तथा डूरुवा मे दुर्गा मंडप के मैदान के पास मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना का कैम्प लगाया गया है। आप सभी शिविर में भाग लेकर सरकार की इस महत्त्वकांक्षी योजना का लाभ उठाये। कैंप में लाभुक को अनुसूचित जाति, जनजाति पुरुष वर्ग के लिए जाति प्रमाण पत्र लगाना अनिवार्य है। उम्र की गणना वोटर आईडी कार्ड से होगी पहचान के लिए आधार कार्ड भी साथ में लाएं।

## 22 फरवरी को मंदिर परिसर मे अपराह्न 12 बजे नौ कन्या पूजन के बाद भंडारा का होगा शुभारंभ

# श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर का 31 वां वार्षिकोत्सव कलश यात्रा के साथ प्रारंभ

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** शहर के प्रतिष्ठित श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर के 31 वें वार्षिकोत्सव का कार्यक्रम 20 फरवरी को कलश यात्रा के सा?थ प्रारंभ हुआ। प्रातः नौ बजे से कलश यात्रा मंदिर परिसर से निकाली गयी। मौके पर वैदिक मंत्रोच्चारण पंडित त्रिभुवन पांडेय व रामानुज उपाध्याय ने किया। इस अवसर पर बतौर मुख्य यजमान पंकज कुमार गुप्ता व संतोष कुमार पिंटू सपत्नीक शामिल थे। कलश यात्रा मंदिर परिसर से प्रारंभ हो कर थाना चौक पहुंची। इसके बाद मेन रोड से काली मंदिर मोड़ पहुंची। काली मंदिर मोड़ से मानस पथ होते हुए औरंगा नदी तट पहुंची। यहां वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच कलशों में नदी का पवित्र जल भरा गया। इसके बाद कलश यात्रा मंदिर परिसर पहुंची। यहां आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया।


कलश यात्रा में मौजूद श्रद्धालुगण।

मां दुर्गा की प्रतिमा बनायी गयी थी कलश यात्रा में मां दुर्गा की आकर्षक प्रतिमा का नगर भ्रमण कराया गया। इससे पहले विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार व पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सुशील कुमार अग्रवाल ने मां दुर्गा की प्रतिमा के समक्ष माथा टेक कर आशीष प्राप्त किया और कलश यात्रा का शुभारंभ किया। नगर भ्रमण कार्यक्रम में श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर समिति के संरक्षक अभिनंदन प्रसाद, विनोद कुमार साहू, प्रमोद प्रसाद सिंह, महेंद्र प्रसाद शौंडिक, शशिभूषण पांडेय, अयोध्या प्रसाद, राजेंद्र प्रसाद शौंडिक, समिति के अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता उर्फ भोला, उपाध्यक्ष शशिभूषण पांडेय, कन्हाई प्रसाद अग्रवाल, बद्री प्रसाद, सचिव आशीष टैगोर, सह सचिव रंजीत कुमार व रविंद्र प्रजापति, अशोक दास, कार्यकारिणी प्रमुख उमेश प्रसाद गुप्ता, ओम प्रकाश प्रसाद उर्फ राजू, राजीव कुमार गुप्ता आदि मौजूद थे। कलश यात्रा में राजेश मेकनिकल प्रतिष्ठान के द्वारा अम्वाटीकर मोड़ में पानी की व्यवस्था की गयी थी।

### 22 को होगा भंडारा

मंदिर समिति के सचिव आशीष टैगोर व सह सचिव रंजीत कुमार ने बताया कि आगामी 22 फरवरी को मंदिर परिसर मे अपराह्न 12 बजे नौ कन्या पूजन के बाद भंडारा का लातेहार विधायक बैद्यनाथ राम व अन्य समिति के पदाधिकारियों के द्वारा शुभारंभ किया जायेगा। इसी दिन रात्रि आठ बजे से धनबाद के सरोज कुमार लख्खा एवं मंडली के द्वारा भगवती जागरण का आयोजन किया जायेगा। इससे पहले 21 फरवरी को दुर्गा सप्तशती का पाठ किया जायेगा। समिति के अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने इन सभी कार्यक्रमों में भाग लेने की अपील नगर वासियों से की है।

# चंदवा के चिरो स्थित ईंट भट्ठे में एसजेएमएम संगठन ने मचाया तांडव, की अंधाधुंध फायरिंग

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** चंदवा थाना क्षेत्र अंतर्गत बोदा पंचायत के चिरो गांव स्थित अमित कुमार के ए-वन मार्का ईंट भट्ठे में बीती रात प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन संघर्ष जन मुक्ति मोर्चा (एसजेएमएम) के लगभग आधा दर्जन हथियार बंद उग्रवादियों द्वारा लगभग 1 घंटे तक अंधाधुंध फायरिंग करते हुए जमकर तांडव मचाया गया। मिली जानकारी के अनुसार रात्रि करीब 9:00 बजे आधा दर्जन की संख्या में हथियार बंद उग्रवादी तीन ओर से घेराबन्दी कर अचानक भट्ठे में आ धमके व गोली बारी करने लगे। गोली चलने की आवाज सुनकर भट्ठा में काम कर रहे मजदूर इधर-उधर भाग कर अपनी जान बचाई, इस दौरान भट्ठे में मौजूद अविराम बारला व गुड्डू कुमार के साथ धक्का मुक्की व मार पीट भी की। इस दौरान लगभग 1 घंटे तक उग्रवादी भट्टे में जमे रहे और रुक-रुक कर फायरिंग करते रहे।

### उग्रवादियों के तांडव के बाद दहशत में ईंट भट्ठा व्यवसायी


घटना स्थल का जायजा लेते एसडीपीओ।

भट्ठे से ही संगठन के राहुल सिंह के नाम से भट्ठा संचालक अमित कुमार के फोन पर व्हाट्सएप कॉल कर काम बंद करने की धमकी दी व कहा कि एक भी व्यक्ति यहां नही दिखना चाहिए, अगर कोई दिखा तो अभी तो सिर्फ हवाई फायरिंग की है, अंजाम और बुरा होगा। इधर भट्ठे में अचानक उग्रवादियों के पहुंचने के बाद भट्ठा संचालक ने इसकी सूचना चंदवा पुनि सह थाना प्रभारी रणधीर कुमार को दी, जिसके बाद रात्रि में ही चंदवा पुलिस की टीम घटना स्थल पहुंची, लेकिन तब तक उग्रवादी अपने मनसूबे को अंजाम देकर निकल चुके थे। इधर घटना के बाद चंदवा पुलिस के द्वारा इलाके को सील कर उग्रवादियों के धर-पकड़ को लेकर सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। इधर मंगलवार की दोपहर एसडीपीओ अरविंद कुमार व पुनि सह थाना प्रभारी रणधीर कुमार ने भी घटना स्थल का जायजा लिया।

#### लगातार ईंट भट्ठों को निशाना बना रहे हैं उग्रवादी, दहशत में भट्ठा संचालक

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार एसजेएमएम संगठन के द्वारा विगत कई माह से लगातार ईंट भट्ठों को जाकर लेवी वसूलने के नियत से धमकी दी जा रही है। जिससे ईंट भट्ठे के संचालक दहशत में हैं व चुप्पी साधे हुए हैं। सूत्रों ने बताया कि चिरो के अलावे सेरक, बारी, रामपुर समेत क्षेत्र के कई भट्ठों को ऐसी धमकी मिल चुकी है।

#### प्राथमिकी दर्ज कर की जा रही अग्रतर कार्रवाई : इंस्पेक्टर

मामले को लेकर पूछे जाने पर इंस्पेक्टर रणधीर कुमार ने बताया कि भुक्तभोगी द्वारा दिये गए आवेदन के आधार पर चंदवा थाना में कांड संख्या 15/24 में विभिन्न धराओं के तहत मामला दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। घटना में संलिप्त अपराधी जल्द ही पुलिस के गिरफ्त में होंगे।

## झारखण्ड मुक्ति मोर्चा ने छिपादोहर में निकाला न्याय मार्च

### जेल का ताला टूटेगा, हेमंत सोरेन छूटेगा : अफजल

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकताओं ने मंगलवार को पार्टी के बरवाडीह प्रखण्ड अध्यक्ष अफजल अंसारी के नेतृत्व में छिपादोहर में न्याय मार्च निकाला। इस दौरान कार्यकताओं ने जेल का फाटक टूटेगा, हेमंत सोरेन छूटेगा, भारतीय जनता पार्टी मुदार्बाद, हेमंत सोरेन जिंदाबाद आदि नारे लगाए। न्याय मार्च छिपादोहर के विभिन्न गांवों और टोलो से गुजरी। जहां जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष अफजल अंसारी ने बताया कि जब से आदिवासी का बेटा मुख्यमंत्री बना तभी से भाजपा साजिश रचने लगी। सुनियोजित साजिश के तहत हेमंत को गिरफ्तार करवाया गया। भाजपा हेमंत सोरेन को साजिश तहत फंसा कर झामुमो को समाप्त करने का प्रयास कर रही है। भाजपा की इस साजिश को विफल कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि झामुमो संघर्ष से उपजी हुई पार्टी है। जब हमारे नेता और पार्टी पर मुसीबत के बादल छाते हैं तो पार्टी दोगुनी ताकत के साथ और मजबूती से वापस आती है। हेमंत सोरेन भी भाजपा की इस साजिश से निकलकर वापस लौटेंगे और झारखंड विरोधी ताकतों का सामना पूरी बहादुरी के साथ करेंगे। हम सब कार्यकर्ता जेएमएम के सिपाही हैं। मौके पर प्रखण्ड सचिव बाबूराम सिंह, वरिष्ट नेता देवनाथ सिंह, महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष आरती देवी, कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश लाल, दिलीप कुमार सिंह, जिला सदस्य उर्मिला देवी और जितेंद्र अरुण सिंह समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## ड्यूटी के दौरान आउटसोर्सिंग रेलकर्मी का कटा पैर, रेफर

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** बरवाडीह रेलवे स्टेशन के पीछे पीक्यूआरएस रेल लाइन में ड्यूटी के दौरान आउटसोर्सिंग रेलकर्मी बंगाली सिंह 54, पिता स्व. गेनहारी सिंह का पैर कट जाने से गंभीर रूप से घायल हो गया है। मौके पर मौजूद रेलकर्मियों द्वारा घायल आउटसोर्सिंग रेलकर्मी को आनन-फानन में बरवाडीह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए लाया गया। जहां डॉ.अनुपमा एक्का और ड्रेसर बबलू सिन्हा के द्वारा प्राथमिक इलाज कर बेहतर इलाज के लिए डालटनगंज मेदनीनगर एमएमसीएच हॉस्पिटल रेफर कर दिया गया है। वहीं डॉ. अनुपमा एक्का ने बताया कि बंगाली सिंह के बाएं पैर के पांचों उंगली के ऊपर सुपली पूरी तरह कट चुका है। उन्होंने बताया की सुपली पूरी तरह से कट जाने के कारण रक्त का बहाव काफी ज्यादा हो गई है, क्योंकि उस जगह की सभी नशे कट चुका है। उन्हे बेहतर इलाज की जरूरत है, जिस कारण घायल रेलकर्मी बंगाली सिंह को डालटनगंज मेदनीनगर एमएमसीएच हॉस्पिटल रेफर कर दिया गया है।


प्राथमिक उपचार करते ड्रेसर राजेश चंद्र सिन्हा।

वहीं घटना के संबंध में पीडब्लूआई अरुण कुमार ने बताया कि बंगाली सिंह आउटसोर्सिंग रेलकर्मी है, जो बिहार के बेगूसराय का रहने वाला है। उन्होंने बताया की बंगाली सिंह जैनेट्री मशीन का ऑपरेटर है वो बरवाडीह रेलवे स्टेशन के पीछे पीक्यूआरएस रेल लाइन में ट्रैक स्लीपर को लोडिंग अनलोडिंग करने का काम करता है। बंगाली सिंह ट्रैक स्लीपर को लोडिंग कर रहा था इसी दरमियान जैनेट्री मशीन का चैन पैर में फस गया और उनका पैर कट गया। वहीं इस कार्य के संवेदक नलिन कुमार ने बताया कि जिनका पैर कटा है वो मेरे चाचा है। अभी हम इनका इलाज कराने डालटनगंज आए हुए है, इसलिए अभी हम ज्यादा कुछ नही बता पाएंगे।

### झामुमो ने हेमंत सोरेन को जेल भेजने के विरोध में निकाला न्याय मार्च

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय के मटलोंग पंचायत में झामुमो लातेहार जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ शहदेव के आदेशानुसार दिन मंगलवार को झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मनिका सिकेश्वर राम के नेतृत्व में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जेल भेजने के विरोध में न्याय मार्च निकाला गया। वहीं न्याय मार्च के माध्यम से कार्यकताओं ने केंद्र सरकार पर षडयंत्र पूर्वक कार्रवाई करते हुए हेमंत सोरेन को जेल भेजने का आरोप लगाया। मौके पर प्रखंड सचिव संदीप उरांव, मुरारी ठाकुर, सकेंद्र बड़ा, राजेंद्र राम, राजेंद्र उरांव, जवाहर सिंह, सत्यदेव सिंह, नारायण राम, जगजीवन राम, मनोज तुरी, सिद्धार्थ तुरी, शालो देवी, नंदलाल उरांव, समेत कई लोग उपस्थित थे।

## सांसद प्रतिनिधि ने उच्च विद्यालय मोरवाई कला का किया औचक निरीक्षण

● बीईईओ ने कारवाई का दिया आशवासन

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** मंगलवार को सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद ने मोरवाई पंचायत सचिवालय में राज्य वृद्धा पेंशन योजना के तहत लगाए गए शिविर का जायजा लिया। इसके बाद उन्होंने उत्कर्मित उच्च विद्यालय मोरवाई कला का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय के जर्जर भवन की स्थिति देखकर चिंता जताई। मौके पर मौजूद प्रधानाध्यापिका संध्या कुमारी से विद्यालय में उपस्थित शिक्षकों के बारे में पूछताछ के क्रम में जानकारी मिली की एक शिक्षक रामगती राम किसी कारण से हाजरी बनाकर चले गए हैं। इस दौरान रसोईघर से धुंआ उठता देख उन्होंने प्रधानाध्यापिका के साथ रसोईघर का भी निरीक्षण किया। जहां लकड़ी के तीन चूल्हे पर खाना बनाया जा रहा था। वहीं रसोइया कर्मियों ने बताया कि विद्यालय में आज तक गैस चूल्हे का उपयोग ही नहीं किया गया हैं। लकड़ी के चूल्हे से निकलने वाले धुएं से उन्हें काफी परेशानी होती है। इसके बाद सांसद प्रतिनिधि ने उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय झरना और ततहा का भी निरीक्षण किया। झरना विद्यालय की प्रधानाध्यापिका अल्बेसिया टोपनो विद्यालय से नदारद मिली। मौजूद सहायक शिक्षिका लिली ने बताया कि अल्बेसिया टोपनो दो सप्ताह से बीमार है, इस कारण स्कूल नहीं आ रही हैं। विद्यालय में बच्चों की उपस्थित नगण्य थी। वहीं सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद ने दूरभाष पर पूरे मामले की जानकारी प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी नागेंद्र प्रसाद सिंह को दी और विद्यालय की समस्या से अवगत कराते हुए सुधार करवाने की बात कही। बीईईओ ने कहा कि गैस चूल्हा के उपयोग किए जाने को लेकर सभी शिक्षकों को निर्देश जारी किया गया है, बावजूद अगर लकड़ी के चूल्हे पर खाना पकाया जा रहा है तो यह गलत है। उन्होंने आवश्यक कारवाई करने को लेकर सांसद प्रतिनिधि को आश्वस्त किया है।


लकड़ी के चूल्हे पर बनाया जा रहा मध्यान भोजन।

## राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना को लेकर जागरूकता रथ रवाना


रथ को रवाना करते मंत्री।

**गढ़वा।** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग और उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने समाहरणालय परिसर मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना को लेकर जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान डीसी शेखर जमुआर, डीडीसी पशुपति नाथ मिश्रा, एसी मतियश विजय टोप्पो, गढ़वा, रंका एवं श्री बंशीधर नगर एसडीओ, जिला जन संपर्क पदाधिकारी, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा समेत अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे। ज्ञात हो कि राज्य सरकार की महत्वकांक्षी मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना के तहत अब 50 वर्ष की आयु से अधिक की महिलाएं एवं अनुसूचित जनजाति व अनुसूचित जाति के 50 वर्ष से अधिक आयु के पुरुष पेंशन योजना का लाभ ले सकेंगे। इसी के मद्देनजर ज्यादा से ज्यादा योग्य लाभुकों को पेंशन के लाभ से आच्छादित करने के मद्देनजर 20 फरवरी से 22 फरवरी तक जिले के सभी पंचायतों में विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है, ताकि जिले के शत प्रतिशत सुयोग्य लाभुकों को योजना के लाभ से लाभान्वित किया जा सके।

## 51 बहनों के सामूहिक विवाह समारोह की तैयारी जोरों पर

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** टाउनशिप स्थित सेल के मैदान मे 28 फरवरी को 51 बहनों के सामूहिक विवाह समारोह को लेकर भवनाथपुर टाउनशिप मैदान में तैयारी जोरो पर है। जिसमें विधायक भानू प्रताप शाही व उनकी पत्नी चानी शाही संयुक्त रूप से कन्यादान करेंगे। कार्यक्रम को लेकर विधायक ने कमान संभाल रखी है, उनके साथ विधानसभा के कार्यकर्ता दिन रात कड़ी मेहनत कर रहे हैं। शादी समारोह की तैयारी पर उन्होंने कहा कि समाज में आज भी कई गरीब बहनों की डोली उनके घरो की आर्थिक हालात खराब होने पर उठने मे कठिनाई होती है उनके परिजनों को जगह, जमीन घर मकान बेचना पडता है। शाही ने कहा कि समाज मे आम लोगों के बीच परोपकार की भावना जागृत करना हमारी पार्टी का उद्देश्य है इसी उद्देश्य से गरीब बहनों कि शादी आयोजित की गई है। छठी बार शादी का आयोजन किया गया है, जिसकी शुरूआत नौजवान संघर्ष मोर्चा पार्टी के 16 वे स्थापना दिवस पर खरौधी से शुरू किया गया था। 11 बहनों से शुरू की गई सामूहिक शादी 51 तक पहुंच गई है, शादी के बाद हमे काफी शकुन मिलता है। शादी समारोह मे बराती ,घराती समेत सभी आमंत्रित सहित 60 हजार लोगों के लिए खाने की व्यवस्था हमारी पार्टी कर रही है। इसके लिए विधानसभा के सभी वर्ग के लोगो के घर से 1 रुपये व एक मुठ्ठी चावल तथा आलू का भिक्षाटन किया जाएगा। शादी समारोह मे 51 बराती के रुकने के लिए बोकारो स्टील माइंस महाविद्यालय में किया गया है बरात वहां से गाजे बाजे के साथ मंदिर होते विधायक आवास पर द्वारपूजा के पश्चात शादी सी डी दुर्गा मंडप परिसर में किया जाएगा, भोजपुरी के सुपरस्टार गायक खेसारी लाल यादव का सांस्कृतिक कार्यक्रम सेल फुटबॉल मैदान किया जाएगा। वही खाने की व्यवस्था सेल हेलीपैड मैदान में किया जाएगा, गाड़ियों की पार्किंग की व्यवस्था बोकारो स्टील माइंस महाविद्यालय मैदान में किया गया है। क्षेत्रीय विधायक भानु प्रताप शाही ने आम लोगों से इस शादी समारोह मे जात, पात से ऊपर उठकर सहयोग करने की अपील की है। शादी के आयोजन को लेकर भगत दयानंद यादव, मनोज पहाड़िया, अनिल चौबे, अनुमंडल विधायक प्रतिनिधिदयानन्द सोनी, मंडल अध्यक्ष जयप्रकाश यादव, विधायक प्रतिनिधि सुनील सिंह, भानु गुप्ता, निरंजन पाठक, राजेश्वर पासवान, दीपक द्विवेदी, लालू ठाकुर, प्रेम प्रकाश रमन सहित कई सैकड़ो कार्यकर्ता लगे हुए हैं।


तैयारी में जुटे लोग।

# संघर्ष के बदौलत ही मिलती है सफलता : सांसद

● प्रधानमंत्री ने ऑनलाइन किया बहुद्देशीय भवन का शिलान्यास

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा के अन्नराज नावाडीह स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में साढ़े तीन करोड़ की लागत से बनने वाले बहुदेशीय भवन का ऑनलाइन शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जम्मू के मौलाना आजाद स्टेडियम से किया। जबकि नवोदय विद्यालय में शिलान्यास सह भूमि पूजन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पलामू सांसद बीडी राम ने फीता काटकर किया। मौके पर सांसद बीडी राम ने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर एवं ग्रामीण पृष्टभूमि के मेघावी छात्रों को निःशुल्क शिक्षा देने के उद्देश से नवोदय विद्यालय की स्थापना की गई है। जिसमे गढ़वा नवोदय विद्यालय ने अपना विशिष्ट स्थान बनाया है। आज प्रधानमंत्री तेरह हजार करोड़ की लागत वाले विभिन्न परियोजनाओं को देश को समर्पित कर रहे हैं। इस पुनीत कार्य मे उनके प्रतिनिधि के रूप में शामिल होकर कृतज्ञ महसूस कर रहा हूँ। उन्होंने छात्र - छात्राओं का आह्वान करते हुए कहा कि विद्यार्थी छात्र जीवन मे खूब मेहनत करें। मेहनत करने से आप कभी भागे नही। मेहनत और संघर्ष के बदौलत ही सफलता मिलती है और यह काम बच्चें अपने रूम के अपेक्षा स्टडी रूप का अधिक से अधिक उपयोग कर हासिल कर सकते हैं। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अलखनाथ पांडेय ने कहा की नई शिक्षा नीति लागू हो जाने से बहुदेशीय भवन की प्रासंगिकता और बढ़ गई है जो बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक होगा।उन्होंने छात्रों से फिजिकल फिटनेश पर भी ध्यान देने की बात कही। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक अरविंद कुमार तिवारी ने स्कूल की उपलब्धि पर प्रकाश डाला वही नवोदय विद्यालय में निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए विद्यालय को शहरी फीडर से जुड़ने और विधालय परिसर के बीच से बने रास्ता को बंद कर स्कूल के चारदीवारी के बाहर से रास्ता चालू करने की मांग की। मौके पर विज्ञान प्रदर्शनी और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया जिसमे स्कूल के छात्रों ने नागपुरी, बांग्ला गीतों पर नृत्य प्रस्तुत किया। मौके पर भाजपा नेता राजीव रंजन तिवारी, प्रवीण जायसवाल, प्रमोद चौबे, धनंजय तिवारी, चंदन जयसवाल, कमलेश नंदन सिन्हा, शिक्षक आरके प्रजापति, अजीत कुमार, जेई मैथ्यूज, गणेश पांडेय, सपना नीना, राहुल चौधरी, रिंकी कुमारी, साजिद हुसैन, एसबी राय, मनोज कुमार, सुधीर कुमार गुप्ता, शालिनी सिंह, पीयूष वास्ता सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।


कार्यक्रम का शुभारंभ करते सांसद बीडी राम व अन्य।

# सत्संग का अर्थ सत्य के संग होना : स्वामी अभिनंदन

खबर मन्त्र संवाददाता



**गोड्डा।** ठाकुर गंगटी प्रखंड के मोरडीहा पंचायत के परासी चौक बजरंगबली परिसर के निकट संतमत सत्संग सह ज्ञान यज्ञ सम्मेलन में परम पूज्य स्वामी अभिनंदन जी महाराज ने कहा कि सत्संग का अर्थ सत्य का संग होता है। जिन्हें यह संग मिल जाता है वह अच्छे मार्ग पर निरंतर आगे बढ़ते जाता है। और सिर्फ अच्छे कार्यों को ही करता है। सत्संग से जुड़ने के बाद मनुष्य का तन मन सभी पवित्रता की ओर बढ़ते जाता है। प्रत्येक मनुष्यों को झूठ, चोरी, नशा, हिंसा, व्यभिचार को त्याग कर सत्य की राह पर चलनी चाहिए। तभी मनुष्य रूपी जीवन साकार हो सकता है। सत्संग और धार्मिक कथा कार्यक्रम ही एक महान कार्यक्रम है जिस आयोजन स्थल पर हर एक रिश्ते, हर एक जाति, धर्म, संप्रदाय से ऊपर उठकर सभी एक साथ बैठकर लाभ लेते हैं और पुण्य अर्जित करते हैं। सत्संग से जुड़कर प्रत्येक मनुष्यों को प्रतिदिन सुबह शाम कम से कम दो बार समय निर्धारित कर स्तुति, विनती, ध्यान, रामायण पाठ, भजन, कीर्तन आदि निश्चित रूप से करना चाहिए। और यह पवित्र आदत लग जाने के बाद व्यक्ति स्वयं अच्छाई की ओर अपने आप बढ़ने लगता है। मनुष्य के जीवन में और खासकर संतमत की दुनिया में मन की बहुत बड़ी महत्ता है। जिनके बस में मन रहता है उसे संत कहते हैं। परम पूज्य महर्षि मेंही स्वामी जी महाराज सभी श्रद्धालुओं के मन में बसते हैं। जो व्यक्ति अपने जीवन काल में दूसरों को सहयोग करते हैं भोजन कराते हैं दान करते हैं उन्हें शरीर छोड़ने के बाद अत्यंत लाभ मिलता है। और जो व्यक्ति कभी दूसरों को भोजन नहीं करते, किसी प्रकार का किसी को सहयोग नहीं करते तो शरीर छोड़ने के बाद वैसे व्यक्तियों को काफी कठिन परिस्थितियों से गुजरना पड़ता है। यह जो स्वर चल रहा है प्रत्येक मनुष्यों के अंदर यही ईश्वर छिपा हुआ है। ईश्वर को कहीं खोजने की आवश्यकता नहीं है। प्रत्येक मनुष्यों के शरीर के अंदर में आत्मा रूपी परमात्मा विराजमान है। स्तुति, विनती, रामायण पाठ, आरती, गुरु कीर्तन, सत्संग, भजन आदि के माध्यम से परमात्मा तक पहुंच जाता है। जिस प्रकार आरती में कही जाती है की आरती तन मंदिर में की जय। तो निश्चित रूप से अपने शरीर के अंदर अव्यक्त रूप में विराजमान परमात्मा रूपी मंदिर तन के अंदर ही आरती करनी चाहिए। सत्संग के माध्यम से तप करते हुए मनुष्यों का पाप तो नष्ट हो ही जाता है।और बैकुंठ तक की भी प्राप्ति होती है। ध्यान करते-करते मनुष्य अपने शरीर के अंदर प्रवेश करते हैं। गहरे ध्यान में अंदर में एक प्रकाश की लौ दिखाई पड़ती है। वहां से पार कर पराकाष्ठा की ओर बढ़ते हैं। और इस माध्यम से मोक्ष की भी प्राप्ति होती है। इसलिए प्रत्येक मनुष्यों को अपने जीवन में हमेशा धार्मिक और सामाजिक कार्यों में लगा रहना चाहिए। जहां कहीं भी निकट में सत्संग, भजन, कीर्तन, आरती, विनती, शिव चर्चा सहित अन्य धार्मिक कार्य हो तो निश्चित रूप से कुछ ना कुछ समय निकालकर उसमें लगाना चाहिए। और सत्संग, प्रवचन में अंत तक रहकर आरती और प्रसाद पाने के बाद ही अपने गंतव्य की ओर वापस होना चाहिए। वरना भक्ति अधूरी रह जाती है। धार्मिक आयोजन स्थल पर चल रहे सार्वजनिक भंडारे का भी निश्चित रूप से प्रसाद रूपी अन्य ग्रहण करना चाहिए ताकि मन बिल्कुल साफ सुथरा और पूर्ण धार्मिक, समाजसेवी बन जाए। इसके अलावे पंकज कापरी, शंकर कुमार महतो आदि साधु, संत, महात्मा, प्रवचन कर्ता द्वारा अमृतवाणी सुनाई गई। मोरडीहा पंचायत सहित निकटवर्ती चांदा आदि पंचायतों के कई गावों के सैकड़ो श्रद्धालुओं ने भाग लेकर ज्ञान और पुण्य अर्जित किया।

## एक नजर में

### बाइक सवार दो अपराधियों ने युवती से ढाई लाख रुपए छीनकर हुए फरार

**धनबाद।** धनबाद शहर के सदर थाना क्षेत्र के लुबी सर्कुलर रोड के समीप मंगलवार की दोपहर बाइक सवार दो अज्ञात अपराधियों ने युवती से ढाई लाख रुपए से भरा बैग छीनकर फरार हो गये। इसके बाद मौके पर अफरा तफरी मच गई। घटना के संबंध में बताया जाता है कि प्रीति कुमारी नामक युवती हीरापुर के एसबीआई शाखा से पैसा निकाल कर अपने घर ऑफीसर्स कॉलोनी जा रही थी। इसी दौरान बाइक सवार दो अज्ञात अपराधियों ने युवती से धनबाद क्लब के समीप रूपयों से भरा बैग छीन लिया और फरार हो गया। युवती के अनुसार बैग में ढाई लाख रुपए, दो एटीएम कार्ड, दो मोबाइल फोन था। बताया जा रहा है कि युवती के घर में शादी थी। इसके लिए वह बैंक से रुपए निकाल कर घर जा रही थी। उसने मामले की लिखित शिकायत धनबाद थाना में कर दिया है।

### पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष द्वारा कुरको में ट्रांसफार्मर का उद्घाटन

**बोकारो/कसमार।** कसमार प्रखंड अंतर्गत दुगार्पुर पंचायत के कुरको गांव में राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष योगेन्द्र प्रसाद ने 63 केवीए के ट्रांसफॉर्मर का फीता काटकर और स्विच ऑन कर उद्घाटन किया। इस दौरान आयोग के अध्यक्ष ने एक एक कर ग्रामीणों की समस्यायों भी सुनी। कई समस्याओं का अधिकारियों से बात कर ऑन द स्पॉट निराकरण कराया। मौके पर उन्होंने कहा कि मैं हर सुख दुख में आपके साथ खड़ा हूँ। जब भी जरूरत हो मुझे बताएं प्राथमिकता के साथ समस्याओं का समाधान करने का यथासंभव प्रयास करूंगा। मौके पर जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष दिलीप हेंब्रम बिनोद बिहारी महतो सुबल महतो मिथलेश महतो सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### इंटर की परीक्षा देकर लौट रहे 2 छात्र व एक राहगीर सड़क दुर्घटना में घायल



**बेरमो।** गोमिया प्रखंड के लोधी गांव के दो छात्र सोमवार की शाम इंटर की परीक्षा देकर बाइक से घर लौट रहे थे। रास्ते में आईईएल थाना क्षेत्र के कसवागढ़ा गांव के निकट बाइक अनियंत्रित होकर एक राहगीर को ठोकर मारते पलट गई। दुर्घटना में राहगीर व दोनों छात्र घायल हो गए। घायलों को तत्काल आर्डियर अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल छात्र साहिल रजा को बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। उसके हाथ में फ्रैक्चर है। घटना के संबंध में बताया गया कि लोधी गांव निवासी साहिल रजा और अहमद अंसारी गोमिया प्लस टू हाई स्कूल से इंटर की परीक्षा देकर लौट रहे थे। तभी कसवागढ़ा के निकट इवनिंग वाक कर रहे एक व्यक्ति सुरेंद्रनाथ पोद्दार को बाइक ने ठोकर मार दी।

### 14 दिनों से बंद पड़े आवास से 4 लाख की हुई चोरी

**सिंदरी।** सिंदरी में आवास में चोरी का मामला थमने का नाम ही नहीं ले रहा है। सिंदरी थाना क्षेत्र में डोमगढ़ के 14 दिन से बंद पड़े एफसीआई आवास डी बी 20 में अज्ञात चोरों द्वारा लगभग चार लाख रुपए के चोरी का मामला प्रकाश में आया है। भुक्तभोगी डी बी 20 निवासी शशि कुमार ठाकुर (25) ने पुलिस को लिखित शिकायत में बताया है कि वह 6 फरवरी को परिजनों सहित अपने गाँव बलिया गए हुए थे। मंगलवार को वापस लौटने पर पाया कि घर का ताला टूटा हुआ है और पूरा सामान बिखरा पड़ा है। घर में रखे तीनों आलमारी को तोड़कर लॉकर से बहन के 10 ग्राम सोने के कंगन, सोने का मांग टीका, लॉकेट, तीन जितिया, 6 जोड़ा पायल, सोने के चैन, सोने की दो अंगूठी, दो जोड़ा कान का टॉप सहित अन्य सामान घर से गायब है। सिंदरी थाना प्रभार प्रभारी खुशबू कुमारी ने बताया कि मामला संज्ञान में है। लिखित शिकायत आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### उत्पाद विभाग की छापामारी में डेढ़ लाख की नकली शराब जब्त



**धनबाद।** होली से पूर्व धनबाद के उत्पाद विभाग धनबाद को एक बड़ी सफलता मिली है। गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी के दौरान लगभग 198 लीटर नकली विदेशी शराब बरामद की गई है। नकली विदेशी शराब की बरामदगी महुदा के छोटू महतो के घर से हुई है। जप्त शराब का बाजार मूल्य लगभग डेढ़ लाख बताया जा रहा है। विभिन्न ब्रांड के करीब 22 पेटी शराब जब्त हुई है। सहायक आयुक्त उत्पाद विभाग धनबाद संजय कुमार मेहता ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर विभाग की टीम जब महुदा के छोटू महतो के घर पहुंची तो घर में ताला जड़ा था। ताला तोड़कर छापामारी में भारी मात्रा में शराब बरामद हुआ। उन्होंने बताया कि उक्त ठिकाने पर लेबलिंग करके विभिन्न ब्रांड की नकली विदेशी शराब की पैकेजिंग की जा रही थी। जिसका उद्भेदन उत्पाद विभाग की टीम ने कर लिया है। बरामद शराब को आगामी होली के त्योहार में खपाने की योजना थी। जिसे टीम ने सक्रियता से विफल करने में कामयाबी पाई। उन्होंने बताया कि कारोबारियों के खिलाफ विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही अवैध कारोबारियों पर नकेल कसने की हिदायत देते हुए कहा कि धनबाद उत्पाद विभाग लगातार नकली शराब कारोबारियों पर नजर रख रही है।

### बोकारो प्लांट के ब्लास्ट फर्नेस में हॉट मेटल का रिकॉर्ड उत्पादन



**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट के ब्लास्ट फर्नेस विभाग में चार फर्नेस परिचालन से अब तक का सर्वश्रेठ 16354 टन हॉट मेटल का उत्पादन का नया दैनिक रिकॉर्ड बना है। इसके साथ ही ब्लास्ट फर्नेस संख्या 01 से भी अब तक का सर्वश्रेठ दैनिक 4272 टन हॉट मेटल का उत्पादन किया गया। निदेशक प्रभारी अतानु भौमिक तथा ईडी संकार्य बीरेंद्र कुमार तिवारी के साथ बोकारो स्टील के शीर्ष प्रबंधन ने सीजीएम ब्लास्ट फर्नेस एमपी सिंह एवं उनकी समस्त टीम तथा सभी सहयोगी विभागों तथा संविदा कर्मियों को इस उपलब्धि पर बधाई दी है।

# चास में उन्मुखीकरण सह प्रशिक्षण एवं क्षमता वर्धन कार्यशाला का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो।** मंगलवार को अपर नगर आयुक्त चास सौरभ कुमार भुवानियां की अध्यक्षता में चास नगर निगम के सभागार में उन्मुखीकरण-सह-प्रशिक्षन एवं क्षमता वर्धन कार्यशाला का आयोजन चास नगर निगम एवं जिला तम्बाकू नियंत्रण कोषांग तथा सोशियो इकोनोमिक एन्ड एजुकेशनल डेवलपमेंट सोसायटी सीड्स के संयुक्त तत्वावधान में वाईटल स्ट्रेटजी के सहयोग से किया गया। सर्वप्रथम जिला परामर्शी, तम्बाकू नियंत्रण कोषांग, बोकारो मोहम्मद असलम ने तम्बाकू नियंत्रण अधिनियम-2003 के धाराओं एवं किए जाने वाले इन्फोर्समेंट की जानकारी दी, तत्पश्चात श्री सिम्पल झा कार्यक्रम समन्वयक सीड्स ने नगर निगम द्वारा तम्बाकू उत्पाद विक्रेता को दिये जाने वाले लाईसेंस की विस्तृत जानकारी दी। अपर नगर आयुक्त महोदय ने कहा की जो भी आदेश चास नगर निगम द्वारा निर्गत किया जाना है उसे कार्यवाही प्रतिवेदन के साथ प्रस्तुत करें। कार्यक्रम समन्वयक सीड्स ने कहा कि उनके द्वारा पूर्व में वेंडर लाईसेंस के लिए ड्राफ्ट गाइडलाइंस महोदय के टिप्पणी हेतु समर्पित किया गया था, अपर नगर आयुक्त महोदय ने कहा कि इसपर जल्द अंतरिम बैठक कर निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने हर सप्ताह जिला स्तरीय छापामार दस्ता एवं अनुमंडल स्तरीय छापामार दस्ते के साथ एवं नगर निगम की सीटी इन्फोर्समेंट दस्ता स्वयं भी अपने क्षेत्र में छापामारी अभियान क्रियान्वित करेगी।सभी प्रकार के तम्बाकू उत्पाद के विपणन, भण्डारण, पैकिंग, प्रसंस्करण, सफाई, विनिर्माण बिना लाईसेन्स/अनुज्ञप्ति अथवा अनुमति के 01 अप्रैल 2022 से अनिवार्य किया जाता है, अनिवार्यता के आदेश संख्या .............कंडिका 6 को सरकार ने मानक संचालन प्रक्रिया नहीं होने के कारण अस्थाई रूप से स्थगित किया है। परन्तु झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम की धारा 455 की अनुसूची 187 के तहत तम्बाकू उत्पाद विक्रेता को ट्रेंड लाईसेंस दिया जा रहा है। अपर नगर आयुक्त महोदय ने कहा कि मैं तम्बाकू उत्पाद विक्रेताओं से अपील करता हू कि वे चास नगर निगम को आवेदन कर लाईसेंस प्राप्त कर लें, क्योंकि जैसे ही सरकार ने स्थगन आदेश हटाया नगर निगम की सीटी इन्फोर्समेंट स्क्वाड नगर निगम से लाईसेंस नहीं लेने वाले तम्बाकू उत्पाद विक्रेताओं पर कार्रवाई करेगी। उन्होंने कहा कि नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत आने वाले सभी तम्बाकू उत्पाद विक्रेताओं से अपील है कि वे तम्बाकू नियंत्रण अधिनियम-2003 की सभी धाराओं एवं अन्य तम्बाकू नियंत्रण से संबंधित कानूनों का अनुपालन सुनिश्चित करें।

कार्यशाला में चास नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त प्रियंका कुमारी, नोडल पदाधिकारी श्री महेन्द्र महतो, जिला तम्बाकू नियंत्रण कोषांग के जिला परामर्शी मोहम्मद असलम, सीड्स के पदाधिकारियों एवं नगर निगम के अन्य सदस्यों सहित मिडिया कर्मियों ने भाग लिया।

## सुरक्षा प्रबंधन परामर्श असाइनमेंट कवच की 10वीं शीर्ष बैठक



**बोकारो।** बीएसएल में एसएमसीए कवच परियोजना के समापन पर डीआई आरएसपी व अतिरिक्त प्रभार डीआई बीएसएल अतानु भौमिक के ऑनलाइन अध्यक्षता में संपन्न 10वीं शीर्ष समिति की बैठक में ईडी संकार्य बीके तिवारी ईडी सीआर महापात्रा व सुरेश रंगानी विभिन्न विभागों के सीजीएम तथा अन्य वरीय अधिकारियों सहित एएसके ईएचएस इंजीनियरिंग एंड कंसल्टेंट प्रा लिमिटेड के संस्थापक व निदेशक जेके आनंद उपस्थित थे। बैठक के दौरान एसएमसीए कवच परियोजना के विभिन्न तत्वों की उपलब्धियों और प्रगति पर जानकारी साझा की गई। बैठक में सुरक्षा प्रबंधन प्रथाओं में निरंतर सुधार और नवाचार पर जोर देते हुए फॉरवर्ड रोडमैप और सुझाव प्रस्तुत किए गए। परियोजना के सफल समापन में सक्रिय भूमिका निभाने के निमित्त एआरटी ऑब्जर्वेशन के प्रति बेहतर रिस्पांस हेतु ब्लास्ट फर्नेस को एसएमएस न्यू और आरजीबीएस को सी एंड सी रोलआउट योजना में सबसे अधिक संख्या में प्रतिभागियों को नामांकित करने के लिए सीओ और सीसी ब्लास्ट फर्नेस और आरएमएचपी विभागों को सम्मानित किया गया। सिंटर प्लांट सीआरएम थ्री और सीओ एवं सीसी विभागों को भी सम्मानित किया गया। इनके अलावा डीआई अतानु भौमिक ईडी बीके तिवारी सीआर महापात्रा तथा सुरेश रंगानी को भी सम्मानित किया गया।

# डालमिया सीमेंट ने रणवीर सिंह को बनाया ब्रांड एम्बेसेडर

खबर मन्त्र संवाददाता




**बोकारो।** डालमिया सीमेंट ने रूफ कॉलम फाउंडेशन में सीमेंट के सही इस्तेमाल पर ग्राहकों का मार्गदर्शन हेतु नए अभियान आरसीएफ स्ट्रॉन्ग तो घर स्ट्रॉन्ग के साथ सही सीमेंट चुनने के बारे में जागरूकता पैदा किया है। डालमिया सीमेंट के इस अभियान में सुपरस्टार रणवीर सिंह नजर आयेंगे। इसे एक व्यापक मल्टीमीडिया अप्रोच के जरिए लॉन्च किया जाएगा जिसमें सुपरस्?टार रणवीर ब्रांड की तकनीकी जानकारी और अनूठी सेवा संदेश को प्रभावी तरीके से फैलाने में सहयोग देंगे। कंपनी के एमडी व सीईओ पुनीत डालमिया ने कहा कि पिछले आठ दशकों की हमारी शानदार यात्रा के दौरान डालमिया सीमेंट हमारे देश को उसकी बुनियाद से बनाने के लिए कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा रहा है। व्यक्तिगत तौर पर हम अपने घरों को संजोते हैं जिनका हमारे जीवन में गहरा मूल्य और स्थान होता है। सुपरस्टार रणवीर सिंह ने अपने सहयोग के बारे में कहा कि मैंने 80 से अधिक वर्षों से निर्माण क्षेत्र में योगदान देने के लिए डालमिया सीमेंट की हमेशा प्रशंसा की है। मैं कंपनी से भागीदारी करके खुश हूं और घर के निर्माण में रूफ कॉलम और फाउंडेशन के महत्व की वकालत करता हूं। कंपनी के सीईओ समीर नागपाल ने कहा कि डालमिया सीमेंट घर की संरचना के सबसे महत्वपूर्ण घटक रूफ कॉलम और फाउंडेशन के लिए सबसे उपयुक्त सीमेंट बनाती है।

## लोकसभा चुनाव को लेकर युवा राजद ने प्रखंड प्रभारियों को किया मनोनीत

खबर मन्त्र संवाददाता

**चिरकुंडा।** धनबाद युवा राजद जिला कमेटी की बैठक चिरकुंडा में संपन्न हुई।बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर संगठनात्मक दृष्टि से 12 प्रखंड और 2 नगर में चौपाल लगाने हेतू सभी प्रखंड व नगर में प्रभारी की नियुक्ति युवा राजद के जिलाध्यक्ष राजेश कुमार मिश्रा उर्फ बिट्टू मिश्रा की मौजूदगी में किया गया। बैठक में कहा गया कि भारतीय संविधान का अधिकार और लोकतंत्र की स्वतन्त्रता पर चर्चा करके सभी जनता के बीच में जाने का काम करें। जननायक डा भीमराव अम्बेडकर के संघर्षपूर्ण जीवनी के बारे मे जानना पूरे समाज की जरूरत है। चौपाल के माध्यम से युवा-राजद धनबाद जिला सभी पंचायतों में जाएगी।

बैठक में सर्वसम्मति से प्रभारियों की नियुक्ति की गई। इसमें निरसा प्रखंड से रौशन सिंह, कलियासोल प्रखंड से भीम साव, एग्यारकुंड प्रखंड से संतोष यादव, गोविन्दपुर प्रखंड से अशोक यादव, बलियापुर प्रखंड से किशोरी यादव, पूर्वी टुंडी से गौतम शर्मा, पश्चिमी टुंडी से मो फरहान खान, तोपचांची से करूणानिधि पाण्डेय, धनबाद से विवेक सिंह, बाघमारा से मो शहज्जाद अंसारी, चिरकुंडा नगर से मो नौशाद अंसारी, झरिया नगर से विक्रम यादव प्रभारी बनाए गए।

## हाईवा ने स्कॉर्पियो को मारा धक्का

**बेरमो।** बेरमो थाना क्षेत्र अंतर्गत फुसरो ओवरब्रिज के समीप हाईवे संख्या खल 09अइ 5973 ने स्कॉर्पियो खल 10 इऋ 3265 को जोरदार टक्कर मार दिया। बताते चलें कि प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया कि स्कॉर्पियो गिरिडीह से राँची की ओर जा रहा था। वही फुसरो की ओर से आ रही है हाईवा ने जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे की स्कॉर्पियो में बैठे लोग पूरी तरह से घायल हो गए। वहीं घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से केंद्रीय अस्पताल ढोरी में भर्ती कराया गया है।

# नियोजन की मांग को लेकर रैयतों ने दिया प्लांट गेट के समक्ष धरना

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो।** गोमिया प्रखंड अंतर्गत हजारी पंचायत ग्राम खुदगडडा में ओएनजीसी सी सी एस प्लांट बना है। प्लांट खुदगड्डा ग्रामीणों की जमीन पर प्लांट खड़ा है रैयतो का कहना है कि जमीन लेने से पूर्व हम लोगों ने ओएनजीसी प्रबंधन से सरकारी नौकरी की मांग की गई थी परंतु उस समय प्रबंधन ने यह आश्वासन दिया था कि नौकरी नहीं बल्कि किसी भी प्रकार की कॉन्टैक्टर कंपनी या अन्य अधिकार सर्वप्रथम प्राथमिकता रैयतो को दिया जाएगा। परंतु अभी लगभग 6 वर्ष बीत जाने के बावजूद भी प्रबंधन की ओर से किसी भी प्रकार का नियोजन अन्य प्रकार की प्राथमिकता नहीं दी गई है। ओएनजीसी सीसीएस प्लांट के अंतर्गत कॉन्टैक्टर कंपनियां काम कर रही है हम रैयतो ने कॉन्टैक्टर कंपनियों से बात नियोजन को लेकर के कहीं तो वह कहते हैं कि आप ओएनजीसी कंपनी को जमीन दिए हैं आप ओएनजीसी कंपनी से बात करें और ओएनजीसी प्रबंधन से बात करते हैं तो कहां जाता है कि कंपनी कॉन्टैक्टर को दे दिए हैं। इसमें हम रैयतो को नियोजन नहीं देना हमारे साथ घोर धोखा है। इसलिए अब हमारे पास आंदोलन का अलावे कोई विकल्प नहीं है इसलिए हम रैयतो ने मिलकर का आंदोलन का निर्णय लिया है। आज धरना का दूसरा दिन है जब तक ओएनजीसी प्रबंधन नियोजन नहीं देते हैं तब तक हमारा आंदोलन चलता ही रहेगा। इस आंदोलन में मुख्य रूप से उपस्थित रैयत लोगों मे अशोकनाथ सोनकर, सूरज कुमार, सुजीत कुमार, रमेश प्रजापति, इंसान अंसारी, मुन्ना प्रजापति, राजेश कुमार, अभिषेक कुमार शर्मा, विक्रम प्रजापति इत्यादि लोग उपस्थित थे।

## पेज 1 का शेष

### 3 माह में 9 लाख परिवारों को देंगे अबुआ आवास

**सबका विकास ही हमारा लक्ष्य:** सीएम ने कहा कि हमारी सरकार का प्रयास है कि सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं से जोड़कर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत की जाये। सबका विकास ही हमारी सरकार का लक्ष्य है। राज्य शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने को लेकर बेहतर कार्य किए गये हैं। हेमंत सोरेन ने शिक्षा के क्षेत्र में काफी बदलाव लाने का कार्य कर दिखाया है। हमारी सरकार ने झारखंड के सरकारी स्कूलों में अध्यनरत विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति राशि में तीन गुना तक वृद्धि की है। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार ने राज्य में संचालित 5 हजार प्राइमरी स्कूलों को बंद करने का काम किया था। हम लोगों की सोच है कि यहां के गरीब, मजदूर, किसान के बच्चे भी बेहतर शिक्षा प्राप्त कर सकें। हेमंत सरकार ने सरकारी स्कूलों को स्कूल आफ एक्सीलेंस के रूप में अपग्रेड करने का काम किया है। आने वाले समय में भी बड़ी संख्या में सरकारी स्कूलों को मॉडल स्कूल के रूप में परिवर्तित किया जाएगा।

**हर खेत में पानी पहुंचाना लक्ष्य:** मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने हर किसान के खेत तक पानी पहुंचाने का लक्ष्य के साथ कार्य करना प्रारंभ कर दिया है। संताल प्रमंडल, कोल्हान प्रमंडल तथा पलामू प्रमंडल के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में पाइप लाइन के माध्यम से किसान भाइयों के खेत तक पानी पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत करने के लिए हमारी सरकार हर संभव प्रयासरत है। कई विभिन्न डेमों एवं बराजों के माध्यम से सिंचाई के लिये पाइपलाइन बिछाकर किसान भाइयों के खेतों तक पानी पहुंचाने का कार्य प्रगति पर है।

**केंद्रीय एजेंसी पर हमला :** सीएम ने हेमंत की गिरफ्तारी को गलत बताते हुए केंद्रीय एजेंसी को भी आड़े हाथ लिया। उन्होंने कहा कि केंद्रीय एजेंसी स्वतंत्र होकर काम करे स्वागत है लेकिन भेदभाव नहीं करे। किसी खाता-बही में हेमंत सोरेन का नामा नहीं है, इसके बावजूद उन्हें जेल में डाल दिया गया। वहीं भाजपा के वाशिंग मशीन में धुले दागियों पर इनका ध्यान नहीं है। केंद्रीय एजेंसी यहां आये स्वागत है। एजेंसी यहां के आदिवासी-मुलवासी की जमीन को भी बड़ी कंपनियों से लौटा दे।

**सिर्फ ढिंढोरा पीट, पीएम आवास नहीं दिया:** चंपई सोरेन ने कहा कि भाजपा के लोगों ने पीएम आवास का बहुत ही ढिंढोरा पीटा और यह कहा था कि 2022 तक सभी को आवास मिल जायेगा लेकिन दिया नहीं। हेमंत सोरेन लगातार पत्राचार करते रहे परन्तु कोई सुनवाई नहीं हुई। ऐसे में लोगों की तकलीफ को देखते हुए अबुआ आवास की योजना बनायी।

**डबल इंजन का दूसरा इंजन भी फेल होगा:** सीएम ने कहा कि युवा सम्राट हेमंत सोरेन ने यहां के लोगों का दर्द समझा और 50 साल के उम्र से पेंशन की व्यवस्था की। कहा कि तत्कालीन सीएम ने लोगों के दर्द को देखते हुए 100 यूनिट बिजली फ्री की थी उसे अब 125 यूनिट किया जा रहा है। आयुष्मान कार्ड को लेकर भाजपा के लोग खूब बोलते है लेकिन सच्चाई यह है कि आयुष्मान कार्ड से इलाज करवाने के बाद केंद्र पैसा ही नहीं भेजती है। कहा कि डबल इंजन की सरकार का एक इंजन तो झारखंड में पहले ही फेल हो गया अब दूसरा इंजन भी फेल हो जायेगा। इस अवसर पर मंत्री सत्यानंद भोक्ता, मंत्री बन्ना गुप्ता, मंत्री बेबी देवी, विधायक विनोद सिंह, विधायक सुदिव्य कुमार, विधायक डॉ लंबोदर महतो, पूर्व विधायक डॉ सरफराज अहमद, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव विनय कुमार चौबे, ग्रामीण विकास विभाग के सचिव चंद्रशेखर सहित अन्य उपस्थित थे।

### कश्मीर को बनायेंगे स्विट्जरलैंड : मोदी

**परिवारवाद से मुक्ति:** मोदी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर को परिवारवाद की राजनीति से मुक्ति मिल रही है और यह पूर्ववर्ती प्रदेश आज विकसित होने के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने डोगरी में अपने भाषण की शुरूआत करते हुए कहा, एक वो दिन भी थे, जब जम्मू-कश्मीर से सिर्फ निराशा की खबरें आती थीं। बम, बंदूक, अपहरण, अलगाव... ऐसी ही बातें जम्मू-कश्मीर का दुर्भाग्य बना दी गई थीं। लेकिन आज जम्मू-कश्मीर विकसित होने के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। जो सरकार सिर्फ एक परिवार को आगे बढ़ाने में जुटी रहती हैं वो सरकारें अपने राज्य के दूसरे युवाओं का भविष्य ताक पर रख देती हैं।

**400 सीटें मिलेंगी :** पीएम मोदी ने कहा कि देश की जनता से आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा को 370 सीटें और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को 400 से ज्यादा सीटों पर विजयी बनाने का आशीर्वाद देने की बात कही। पिछले 11 साल में भारत विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन गया है और अगले पांच साल में हम दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि हर किसी का सपना पूरा होगा और जम्मू-कश्मीर को ह्यविकसित जम्मू-कश्मीर बनाना मोदी की गारंटी है। अपने 30 मिनट के भाषण के दौरान मोदी ने हिंसा और अलगाववाद से प्रभावित जम्मू-कश्मीर के उथल-पुथल भरे अतीत को याद किया और सौहार्दपूर्ण एवं समृद्ध जम्मू-कश्मीर की ओर बढ़ रहे मौजूदा बदलाव की सराहना की तथा इसका श्रेय संतुलित विकास पहलों को दिया।

### शाहजहां को नहीं पकड़ पाने का मामला संदिग्ध

**कोर्ट ने शुभेंदु को संदेशखाली जाने की दी अनुमति:** कलकत्ता हाई कोर्ट की सख्ती के बाद आखिरकार पुलिस ने वरिष्ठ भाजपा विधायक और नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी को संदेशखाली जाने की अनुमति दे दी है। मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवगणनम की खंडपीठ ने साफ कर दिया कि विधायक शुभेंदु अधिकारी और शंकर घोष केवल दो लोग एक साथ संदेशखाली जा सकते हैं। इसके बाद पुलिस ने बैरिकेडिंग हटाई और शुभेंदु अधिकारी को संदेशखाली के अंदर जाने की अनुमति दी। शुभेंदु ई-रिक्शा पर बैठकर इलाके में घूम रहे थे। उन्होंने कई लोगों से बात की है। टोटो में बैठे शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि संदेशखाली के लोग शांति और शाहजहां शेख के लिए फांसी चाहते हैं। शाहजहां बच नहीं सकता। उसके खिलाफ कार्रवाई करनी ही होगी।

स्पीड न्यूज



## 'डॉन 3' में कियारा आडवाणी की एंट्री

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री कियारा आडवाणी की डॉन 3 में एंट्री हो गयी है। बॉलीवुड फिल्मकार फरहान अख्तर डॉन फ्रेंचाइजी की तीसरी फिल्म डॉन 3 बना रहे हैं। डॉन 3 में रणवीर सिंह की मुख्य भूमिका होगी। डॉन 3 में कियारा आडवाणी की एंट्री हो गयी है।कियारा आडवाणी की कास्टिंग को लेकर ऑफिशियल अनाउंसमेंट कर दी गयी है। कहा जा रहा है कि फरहान अख्तर को डॉन 3 के लिये कियारा परफेक्ट लगी। डॉन 3 की कास्टिंग नए सिरे से की गई है। रणवीर सिंह ने शाहरुख खान को रिप्लेस किया है, वहीं अब कियारा आडवाणी प्रियंका चोपड़ा की जगह ले ली है। क्राइम थ्रिलर डॉन 3 में कियारा ,रोमा का किरदार निभायेंगी।

## अभिनेता ऋतुराज सिंह का निधन

**मुंबई।** टीवी और फिल्म अभिनेता ऋतुराज सिंह का कार्डियक अरेस्ट के कारण 59 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उन्होंने सोमवार रात अंतिम सांस ली। अभिनेता अमित बहल ने ऋतुराज के निधन की पुष्टि की है। ऋतुराज ने 'अपनी बात', 'ज्योति', 'हिटलर दीदी', 'शपथ', 'वॉरियर हाई', 'आहट', 'अदालत', 'दीया और बाती' जैसे कई टीवी शो में काम किया। वह रूपाली गांगुली के साथ लोकप्रिय हिंदी धारावाहिक 'अनुपमा' में भी दिखाई दिए। इसके अलावा उन्होंने फिल्म 'बद्रीनाथ की दुल्हनिया', 'सत्यमेव जयते 2', 'थुनिवु', 'जर्सी', 'हम तुम और घोस्ट' में काम किया।

## योगी कल छात्रों को देंगे स्मार्टफोन और टैबलेट

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को गोरखपुर में साढ़े चार हजार विद्यार्थियों को स्मार्टफोन व टैबलेट का उपहार देंगे। आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि गोरखपुर स्थित रामगढ़ताल के सामने स्थित महंत दिग्विजयनाथ पार्क में मुख्यमंत्री ,केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी के साथ आयकर विभाग गोरखपुर के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण करेंगे। इसके बाद तीन हजार छात्र–छात्राओं को स्मार्टफोन तथा डेढ़ हजार को टैबलेट वितरित किया जाएगा।

## मप्र में कांग्रेस के कई नेता भाजपा में शामिल

**भोपाल।** भाजपा की मध्यप्रदेश इकाई के अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा के समक्ष मंगलवार को कांग्रेस के कई नेता भाजपा में शामिल हो गए। श्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में सेवा और विकास के जो कार्य हो रहे हैं, वह सिर्फ उनके ही नेतृत्व में संभव हैं, इसलिए सेवा व विकास के उन कार्यों तथा प्रधानमंत्री श्री मोदी से जुड़ने के लिए बड़ी संख्या में लोग पार्टी से जुड़ रहे हैं।

## इयू ने रूस के खिलाफ प्रतिबंध एक वर्ष बढ़ाया

**मॉस्को।** यूरोपीय संघ (ईयू) ने चार नए क्षेत्रों को अपने अधिकार क्षेत्र में शामिल करने के कारण रूस के खिलाफ लगाये गये प्रतिबंधों को एक और वर्ष के लिए 24 फरवरी 2025 तक बढ़ा दिया है। यूरोपीय संघ के आधिकारिक जर्नल में मंगलवार को प्रकाशित एक दस्तावेज के मुताबिक 2022 से लागू यह निर्णय 24 फरवरी, 2025 तक लागू रहेगा। निर्णय प्रकाशित होने के अगले दिन से प्रभावी होगा। दस्तावेज में कहा गया कि अतिरिक्त उपाय लागू किए जा सकते हैं और मौजूदा उपायों को बढ़ाया जा सकता है।

# बहाली का क्रेडिट लेने के कारण ही टूटा गठबंधन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

▸▸ राजद पर बरसे मंत्री विजय चौधरी, कहा-शिक्षा सहित सभी विभागों में हुयी बहाली नीतीश की सोच का परिणाम



**पटना।** बिहार के जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा है कि शिक्षा सहित सभी विभागों में हुई बहाली मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सोच का परिणाम है। लेकिन राजद नेता बहाली का अनावश्यक श्रेय लेने की होड़ में लगे रहे। गठबंधन टूटने का यही सबसे बड़ा कारण बना। मंगलवार को विधानसभा में जल संसाधन विभाग के आय-व्ययक पर हुए वाद-विवाद के बाद मंत्री ने कहा कि राजद नेता अभी भी यह साबित करने में लगे हैं कि बहाली उनके कारण ही हुई है। बहाली की पूरी परिकल्पना मुख्यमंत्री की है। उन्होंने कहा कि जब वर्ष 2005 में एनडीए बिहार में शासन में आया तो चार लाख शिक्षकों की बहाली की गई। मेरे शिक्षा मंत्रित्व काल में भी 50 हजार शिक्षकों की बहाली हुई थी। राजद नेता बीपीएससी से शिक्षकों की बहाली का श्रेय ले रहे हैं। मेरे शिक्षा मंत्री रहने के दौरान ही यह निर्णय हो चुका था कि शिक्षकों की बहाली बीपीएससी से कराई जाएगी। चौधरी ने कहा कि सातवें चरण की बहाली को मैंने ही रोका था। उस समय मुख्यमंत्री के निर्देश पर ही तय हुआ कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षक बहाली के लिए बीपीएससी से बहाली होगी।

## आयुष्मान की तर्ज पर 58 लाख लोगों को 5 लाख का हेल्थ बीमा

**कैबिनेट का फैसला**

**पटना।** प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना आयुष्मान भारत की तर्ज पर बिहार सरकार अपने संसाधन से करीब 58 लाख परिवारों को पांच लाख रुपये तक का स्वास्थ्य बीमा देगी। मंगलवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में इस प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई। मंत्रिमंडल सूत्रों के अनुसार, मंगलवार की बैठक में स्वास्थ्य विभाग के प्रस्ताव पर आयुष्मान योजना से वंचित परिवारों को राज्य सरकार अपने संसाधन से पांच लाख रुपये तक का स्वास्थ्य बीमा देगी। पांच लाख रुपये का यह बीमा कैशलैस होगा औरइस योजना से चयनित अस्पतालों में मरीज अपना इलाज करा सकेंगे।

## बिहार में स्कूलों का समय बदला, सदन में नीतीश ने किया एलान

**पटना।** बजट सत्र के दौरान सदन में विपक्षी सदस्यों ने शिक्षकों के मुद्दे को लेकर प्रदर्शन किया। विपक्षी विधायक शिक्षक वेल में आ गए और नीतीश सरकार के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। उन्होंने नियोजित शिक्षकों की छुट्टियों, सक्षमता परीक्षा के पैटर्न के साथ ही स्कूलों के समय में बदलाव के मुद्दे पर सरकार को घेरा। इसके बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपनी सीट पर खड़े हुए और उन्होंने कहा कि अगर ऐसा है तो वे केके पाठक को आज ही बुलाकर स्कूलों का समय बदलवाएंगे। उन्होंने सदन में स्कूल का समय पहले की तरह सुबह 10 से शाम 4 बजे तक करने की घोषणा की।

## प्रधानमंत्री ने बोधगया आइआइएम के भवन समेत दी कई सौगातें

**पटना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को जम्मू से वर्चुअली बिहार को कई सौगातें दी। उन्होंने बोधगया के आईआईएम के स्थायी भवन का वर्चुअली उद्घाटन किया। वर्ष 2015 में भारत के शिक्षा मंत्रालय के तहत स्थापित आईआईएम बोधगया की शुरूआत 30 छात्रों के उद्घाटन बैच से हुई। वर्तमान में 293 शहरों और 26 राज्यों के 1,110 से अधिक छात्र-छात्राएं यहां शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। इसके अलावा पटना आईआईटी में फेज दो के तहत नवनिर्मित 24 भवनों का लोकार्पण किया। पटना आईआईटी में नवनिर्मित इन भवनों के निर्माण में करीब 426 करोड़ रुपए की लागत आई है। इनमें शैक्षणिक भवन, गर्ल्स हॉस्टल, ब्वॉयज हॉस्टल, सेंट्रल लाइब्रेरी, ऑडिटोरियम, सेंट्रल लेक्चर हॉल, स्टूडेंट एक्टिविटीज सेंटर, सीनियर प्राध्यापक, फैकल्टी मेंबर्स के रहने सहित अन्य भवन हैं। इसके अलावा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भागलपुर ट्रिपल आईटी के नए स्थायी भवन का भी उद्घाटन किया। इस मौके पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी वर्चुअली उपस्थित रहे।

# स्वामी प्रसाद मौर्य ने सपा से दिया इस्तीफा

**एजेंसी**

▸▸ विचारधारा से भटक गयी है समाजवादी पार्टी



**लखनऊ।** सपा पर भेदभावपूर्ण रवैया अपनाने का आरोप लगाने वाले कद्दावर नेता स्वामी प्रसाद मौर्य ने सपा की प्राथमिक सदस्यता और विधान परिषद की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है।

श्री मौर्य ने पत्रकारों से बातचीत मं कहा कि वह पद के लालच में राजनीति में नहीं आये हैं। उनके लिये विचार धारा महत्वपूर्ण है।


सूर्यांश वैदिक ज्योतिष कार्यालय

गिरधर गोपाल मिश्रा

ज्योतिषाचार्य



जन्म कुण्डली, रत्न विज्ञान व वैदिक अनुष्ठानों के द्वारा अपने समस्याओं का सम्पूर्ण समाधान प्राप्त करें।

I S H103 Housing Colony Dhanbad Jharkhand 826001.
Mob. 9525504033

जय मां शक्ति सह होमियो चिकित्सा केंद्र

डॉक्टर आर के पाठक

होमियोपैथिक दवा के द्वारा सभी रोगों का इलाज (सुबह 10 से 12, शाम 5 से 8 बजे तक)

सम्पर्क : 8409363623

कुम्हारपट्टी मनईटांड़, धनबाद




## 71वीं मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता के लिए दिल्ली में जुटीं 120 प्रतिभागी

**नयी दिल्ली। 28 साल बाद 71वीं मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता की मेजबानी कर रहा है भारत। इसमें दुनियाभर की 120 प्रतिभागी हिस्सा ले रही हैं। सभी ने सोमवार महात्मा गांधी की समाधि राजघाट के दर्शन कर अपने सफर की शुरूआत की। मिस वर्ल्ड ऑगेर्नाइजेशन की चेयरमैन और सीईओ जूलिया मोर्ले सीबीई ने भी राजघाट में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को भावांजलि अर्पित की। 71वें मिस वर्ल्ड फाइनल का सीधा प्रसारण 9 मार्च की शाम 7:30 बजे से रात 10:30 बजे तक मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर से किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि भारत की ऐश्वर्या राय 1994 में मिस वर्ल्ड का ताज अपने घर ला चुकी हैं। डायना हेडन को 1997 में मिस वर्ल्ड का ताज पहनाया गया। युक्ता मुखी 1999 में भारत की चौथी मिस वर्ल्ड बनीं। प्रियंका चोपड़ा ने वर्ष 2000 में मिस वर्ल्ड का खिताब जीता। मानुषी छिल्लर को मिस वर्ल्ड का ताज 2017 में ताज पहनाया गया। पोलैंड की कैरोलिना बिलावस्का आखिरी विजेता थीं।**

# महाराष्ट्र में मराठियों को मिलेगा 10 फीसदी आरक्षण

▸▸ शिक्षा और नौकरी में दिये जाने वाले आरक्षण विधेयक विधानमंडल में हुआ पारित

मुंबई। महाराष्ट्र में मराठा समाज को शिक्षा और नौकरी में 10 फीसदी आरक्षण दिए जाने का विधेयक विधानमंडल के दोनों सदनों में एकमत से मंजूर किया गया है। यह प्रस्ताव विधानमंडल के विशेष अधिवेशन में दोनों सदनों विधानसभा और विधान परिषद् में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने पेश किया था। दोनों सदनों में इस विधेयक को एकमत से सभी सदस्यों ने मंजूरी दी और यह विधेयक एकमत से पारित हो गया। इससे सूबे में मराठा समाज को शिक्षा और नौकरी में 10 फीसदी आरक्षण का रास्ता साफ हो गया है। मराठा समाज को आरक्षण देने के लिए राज्य सरकार ने मंगलवार को राज्य विधानमंडल का विशेष सत्र बुलाया था। इसी सत्र में मराठा आरक्षण विधेयक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने पेश किया था, जिसमें मराठा समुदाय के लिए शिक्षा और नौकरियों में 10 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान है। विधानमंडल के दोनों सदनों की मंजूरी मिलने के बाद इस विधेयक को राज्यपाल के पास हस्ताक्षर के लिए भेजा जाएगा। राज्यपाल के हस्ताक्षर के बाद यह विधेयक कानून बन जाएगा। मुख्यमंत्री शिंदे ने कहा कि हमने पिछली गलतियों को दूर करके आरक्षण देने का फैसला किया है और निश्चित रूप से मराठा आरक्षण कानून के दायरे में रखा गया है। चाहे ओबीसी हों या कोई अन्य समुदाय, हमने शिक्षा और रोजगार देने का फैसला किया है। किसी के आरक्षण से छेड़छाड़ किए बिना मराठा समुदाय को आरक्षण दिया गया है। छत्रपति शिवाजी महाराज के आशीर्वाद से आज पूरे मराठा समुदाय के लिए इच्छापूर्ति का ऐतिहासिक दिन है। शिंदे ने कहा कि इससे पहले राज्य सरकार ने मराठा समाज को कुनबी जाति का प्रमाणपत्र उनके सगे संबंधियों को देने की अधिसूचना जारी की थी, लेकिन उस अधिसूचना पर छह लाख आपत्तियां आई हैं। उन सभी का अध्ययन करने के बाद सरकार कोई निर्णय ले सकती है। इसलिए सभी समुदाय के लोगों को सरकार पर विश्वास रखना चाहिए।


VERMA PRESS

वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®

शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!


# राजद सिर्फ माई की नहीं बाप की पार्टी है : तेजस्वी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

▸▸ बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम बोले- हमलोग जोड़ने वाले लोग हैं, तोड़ने वाले नहीं



**पटना।** नेता प्रतिपक्ष और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव आज जन विश्वास यात्रा के पहले पड़ाव पर मुजफ्फरपुर जिले के कुढ़नी पहुंचे। उन्होंने कहा कि राजद न सिर्फ माई (माई) की पार्टी है बल्कि ये बाप की पार्टी है। अब आपको इसका मतलब समझना होगा। यहां बी का मतलब है - बहुजन, ए का मतलब - अगड़ा, ए का मतलब - आधी आबादी, पी का मतलब -पुअर या गरीब की पार्टी है। तेजस्वी यादव ने कहा कि हमलोग ए टू जेड वाले लोग हैं। सभी बहुजन आ गए, सभी अगड़ा लोग आ गए, आधी आबादी सभी महिलाएं आ गईं, सभी पूअर हमारे गरीब आ गए। तो ये माय के साथ ही साथ बाप की भी पार्टी है। तेजस्वी ने कहा कि हमलोग जोड़ने वाले लोग हैं तोड़ने वाले लोग नहीं हैं। हमलोग प्यार की बात करते हैं और एकता की बात करते हैं लेकिन भाजपा वाला लोग छोड़ना चाहता है।तेजस्वी यादव ने कहा कि हमें आप लोगों की ताकत चाहिए।अगर आप ताकत देंगे तो आपके लिए जान भी दे देंगे।हमने वादा किया था की सरकार बनी तो 10 लाख नौकरी देंगे। 2020 में हमे षड्यंत्र से हरवाया गया।

## राहुल गांधी ने कांग्रेस के लिए जनता से मांगा चंदा



**नयी दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा है कि कांग्रेस जनता के साथ हो रहे अन्याय के विरुद्ध लड़ रही है और पार्टी को इस लड़ाई में लोगों से चंदे के रूप में सहयोग की जरूरत है। श्री गांधी ने कहा कि कांग्रेस लोगों के चंदा पर जनता के हितों की लड़ाई लड़ती है। कांग्रेस की ताकत भाजपा की तरह इलेक्ट्रोल बॉन्ड नहीं बल्कि जनता से मिलने वाले चंदे के बॉन्ड है इसलिए लोगों से वह पार्टी के लिए दान देने का आग्रह कर रहे है। उन्होंने कहा कि किसानों के लिए एमएसपी की लड़ाई, युवाओं के लिए रोजगार की लड़ाई, वंचितों के लिए हिस्सेदारी की लड़ाई, जन-जन के लिए लोकतंत्र की लड़ाई। कांग्रेस को डोनेट कर इस लड़ाई को मजबूत बनाएं।

## राज्यसभा के लिए निर्विरोध चुने गये बिहार के 6 प्रत्याशी

**पटना।** बिहार में राज्यसभा के लिए सभी छह उम्मीदवार निर्विरोध चुन लिए गए। नाम वापस लिए जाने का निर्धारित समय समाप्त होने के बाद सभी प्रत्याशियों को निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया गया। भाजपा और राजद को जहां दो-दो सीटें मिलीं, जदयू और कांग्रेस को एक-एक सीटो पर संतोष करना पड़ा। निर्वाचित प्रत्याशियों में जदयू के संजय कुमार झा, कांग्रेस के अखिलेश प्रसाद सिंह, भाजपा के भीम सिंह और धर्मशीला गुप्ता तथा राजद के मनोज झा और संजय यादव शामिल हैं।

# मप्र में शादी के निमंत्रण कार्ड में भी छाए मोदी

**एजेंसी**

▸▸ कार्ड में नरेंद्र मोदी को फिर प्रधानमंत्री बनाने की अपील

▸▸ निमंत्रण कार्ड के प्रथम पृष्ठ पर एक स्लोगन दिया गया है, पिछली बार तो लहर थी, अबकी बार सुनामी लाना है




**उज्जैन।** लोकसभा चुनाव 2024 नजदीक है और इधर पूरे देश में शादियों का सीजन चल रहा है। ऐसे में शादी के इस सीजन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जादू भी लोगों के सिर चढ़कर बोल रहा है। नरेंद्र मोदी को लेकर दीवानगी इस हद तक है कि शादी के कार्ड में भी पीएम मोदी को 2024 में फिर से प्रधानमंत्री बनाने की अपील की जा रही है। अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बच्चे, बूढ़े और जवान हर व्यक्ति के लिए पहले से अधिक लोकप्रिय नेता बन चुके हैं। इन सब के बीच मध्य प्रदेश के उज्जैन से एक शादी का कार्ड वायरल हो रहा है। इसमें 2024 में फिर से नरेंद्र मोदी को पीएम बनाने की बात लिखी जा रही है। लोगों से इस कार्ड में आग्रह किया गया है कि इस बार फिर से पीएम मोदी को वापस लाएंगे। मतलब लोगों के मन में मोदी का जादू इस तरह सिर चढ़ा हुआ है कि अब मोदी को जिताने की अपील घर में होने वाले विवाह समारोह की पत्रिकाओं में भी संदेश के तौर पर की जा रही है।

उज्जैन में दौलतगंज स्थित बीज व्यवसाई बाबूलाल रघुवंशी और जितेंद्र रघुवंशी के घर होने वाले विवाह समारोह के निमंत्रण कार्ड के प्रथम पृष्ठ पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए एक स्लोगन दिया गया है। इसमें लिखा गया है कि पिछली बार तो लहर थी, अबकी बार सुनामी लाना है - 2024 में प्रधानमंत्री तो, मोदी जी को ही बनाना है। रघुवंशी परिवार में हो रही शादी का यह कार्ड उज्जैन सहित बाहर के सभी रिश्तेदारों को भी भेजा गया है। दूल्हे के पिता अर्जुन सिंह रघुवंशी का कहना है कि मोदी ने सनातन धर्म और इस देश के लिए बहुत कुछ किया है। उन्होंने बीते कई वर्षों से अधूरे पड़े कार्य को पूरा किया है और अयोध्या में राम मंदिर बनवाया है। जब वह हमारे धर्म के लिए इतना सब कुछ कर सकते हैं, तो हम भी उनके लिए कुछ तो कर ही सकते हैं। दूल्हे अश्विन रघुवंशी ने कहा कि मेरे लिए सौभाग्य की बात है कि विवाह के निमंत्रण कार्ड पर पीएम मोदी का प्रचार हो रहा है।


WE SOLICIT YOUR GRACIOUS PRESENCE TO ATTEND THE

Grand OPENING Today

Blue Diamond

Bar & Restaurant



Multi Cuisine • Bar • Live Music
Roof Top • DJ

NH-33, Plot No. 445, Bliguma, Just 1 KM from Dimna Chowk to Ghatshila Road, East Singhbhum, Mango, Jamshedpur

7209279555 / 7209179555